हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 22.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 117 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### एक नजर

## डॉलर के मुकाबले रुपया 89 के स्तर से आया नीचे

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को पहली बार 89 के स्तर से नीचे आ गया और कारोबार के दौरान यह 78 पैसे टूटकर 89.46 पर था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में आई यह गिरावट तीन महीने में सबसे बड़ी है। घरेलू और वैश्विक शेयर बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के चलते रुपया कमजोर हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 88.67 पर खुला और कारोबार के दौरान यह 82 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 89.50 पर आ गया। खबर लिखे जाने तक रुपया 89.40 पर था। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 88.68 पर बंद हुआ था। इससे पहले 30 सितंबर को रुपए ने कारोबार के दौरान 88.85 का अपना रिकॉर्ड निचला स्तर बनाया था। बंद भाव की बात करें तो रुपया 14 अक्टूबर को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.81 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। इससे पहले 30 जुलाई को भारतीय मुद्रा में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई थी, जब यह डॉलर के मुकाबले 89 पैसे टूट गई थी।

## घर में लगी आग से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**गोधरा :** गुजरात के गोधरा शहर में शुक्रवार सुबह बामरौली रोड स्थित गंगोत्री नगर इलाके के एक मकान में आग लगने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। इस घर में आज 'सगाई' की खुशियों की तैयारी होनी थी। इस हृदय विदारक घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हुई है जिनमें 'वर्धमान ज्वेलर्स' के मालिक और पिता कमलभाई दोषी (50), माता देवलबेन दोषी (45), बड़ा बेटा देव कमलभाई दोषी (24) और छोटा बेटा राज कमलभाई दोषी (22) शामिल है। जानकारी के अनुसार घर के ग्राउंड फ्लोर पर रखे सोफे में देर रात शॉर्ट-सर्किट या किसी अन्य कारण से आग लग गई। घर चारों तरफ से कांच से पूरी तरह बंद होने के कारण धुएं का बाहर निकलना मुश्किल था। धीरे-धीरे पूरा घर जहरीले धुएं से भर गया। गहरी नींद में सोए परिवार के चारों सदस्य समय रहते न तो जाग पाए और न ही बाहर निकल सके।

### कोयला माफिया पर बड़ी कार्रवाई, झारखंड और बंगाल के 40 ठिकानों पर ईडी की रेड

# झारखंड में कोयला कोरोबारियों के 18 ठिकानों से करोड़ों की संपत्ति जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची/धनबाद :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे कोयला कारोबार से जुड़े झारखंड के कारोबारियों के कुल 18 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी रांची ने दुमका और धनबाद स्थित कोयला के चर्चित कारोबारी लाल बाबू सिंह (एलबी सिंह) सहित अन्य कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान झारखंड के विभिन्न ठिकानों से दो करोड़ रुपये नकद जब्त किये गये हैं। साथ ही 120 से ज्यादा जमीन से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा निवेश से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। दुमका के अमर मंडल के ठिकानों से जमीन के कारोबार से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। वहीं कोयला व्यवसायी अनिल गोयल के घर से ईडी की टीम को व्यापारिक दस्तावेज के अलावा मोबाइल में लेने-देन का विवरण मिला है। रांची ईडी की टीम को कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह के घर में घुसने में दो घंटे का समय लगा। इस कोरोबारी ने छापेमारी टीम के पहुंचते ही अपे पालतू कुत्तों को खोल दिया, जिसकी वजह से छापेमारी करने पहुंची टीम को दो घंटे तक घर के बाहर खड़ा रहना पड़ा।




इस बीच लाल बाबू सिंह के द्वारा डिजिटल डाटा डिलीट कर सबूत मिटाने के आरोप लग रहे हैं। ईडी कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह के खिलाफ वर्ष 2019 में इसीआईआर दर्ज की थी। इसमें लाल बहादुर सिंह और उसकी कंपनी एम/एस देवप्रभा प्राईवेट को बीसीसीएल से मिले 452.00 करोड़ रुपये के काम में कोयले की हेराफेरी कर 13.00 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। यह इसीआईआर सीबीआई की ओर से दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गयी थी। इसीआईआर दर्ज करने के करीब सात साल बाद ईडी ने लाल बाबू सिंह सहित अन्य के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की।

ईडी ने लाल बाबू सिंह व उसके पारिवारिक सदस्यों को छापेमारी के दायरे में शामिल किया है। इसके अलावा संजय खेमका के पारिवारिक सदस्यों के साथ ही अनिल गोयल को भी छापामारी के दायरे में लिया। ईडी की जांच में पाया गया कि इन दोनों ही व्यापारियों ने अपनी व्यापारिक गतिविधियों को चलाने के लिए अलग-अलग कंपनियां बना रखी हैं। इन कंपनियों में संबंधित कोयला व्यापारियों के पारिवारिक सदस्य और करीबी लोगों को निदेशक बनाया गया है। ईडी ने इन कंपनियों को भी छापेमारी के दायरे में शामिल किया है।

धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग ने वर्ष 2011 में भी छापा मारा था। उस वक्त उसके बैंक खातों में 100 करोड़ रुपये जमा थे। इसकी जानकारी आयकर विभाग को रिटर्न में नहीं दी गयी थी। ईडी ने जांच में पाया कि लाल बाबू सिंह की कंपनी एमएस देवप्रभा को बीसीसीएल ने जीनागोरा कोलियरी से ओवर बर्डन हटाने, कोयला खनन और उसके परिवहन का काम दिया था। इस कंपनी को बीसीसीएल से काम लेने के लिए ज्वाइंटवेंचर के रूप में विकसित किया गया था।


## घाटशिला से नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने ली पद की शपथ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** घाटशिला से नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने शुक्रवार को विधायक पद की शपथ ले ली है। बताते चलें कि सोमेश सोरेन दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेटे हैं। विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो की उपस्थिति में उन्हें विधिवत रूप से शपथ दिलाई गई। सोमेश सोरेन हाल ही में हुए उपचुनाव में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से भारी बहुमत के साथ विजयी हुए थे। उनकी जीत के साथ यह सीट एक बार फिर सोरेन परिवार के खाते में लौट आई है। शपथ ग्रहण के बाद सोमेश ने कहा कि वे अपने पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देंगे। बताते चले कि इस साल के अगस्त माह में रामदास सोरेन का निधन हुआ था। जिसके बाद घाटशिला सीट खाली हुई थी। इस सीट पर उपचुनाव हुआ जिसके बाद सोमेश सोरेन को भारी बहुमत से जीत मिली है। यहां मालूम हो कि सोमेश सोरेन के पिता रामदास सोरेन के निधन के बाद सरकार में मंत्री का एक पद खाली है। रामदास सोरेन के पास स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग था। उनके निधन के बाद इस विभाग का प्रभार मुख्यमंत्री के पास है। विधानसभा उप चुनाव से पूर्व सोमेश सोरेन को मंत्री बनाये जाने की मांग भी उठी थी। पार्टी के अंदरुनी बैठकों में हाजी हुसैन अंसारी, जगन्नाथ महतो की मौत के बाद, जिस तर उनके परिजनों को मंत्री बनाया गया, उसी तरह सोमेश सोरेन को भी मंत्री बनाने की मांग की गयी थी। हालांकि चुनावी सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि सोमेश अभी युवा हैं उनको संगठन में लाया जाएगा। लेकिन भारी जीत के बाद उन्हें फिर से मंत्री बनाए जाने की चर्चा और संभावना बनने लगी है।

## दुबई एयर शो में लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत



एजेंसी

**दुबई :** दुबई एयर शो में शुक्रवार को आयोजित उड़ान प्रदर्शन के दौरान भारतीय तेजस लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गया। वायु सेना ने बयान जारी कर बताया कि इस हादसे में पायलट की भी मौत हो गई है। स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2:10 बजे तेजस एम के-1 प्रदर्शन के दौरान डेमो उड़ान भर रहा था, तभी अचानक विमान अनियंत्रित हो गया और नीचे गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के जमीन से टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और कुछ ही पलों में काले धुएं का गुबार हवा में फैल गया। वहां मौजूद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में लोग दुबई एयर शो देखने आए थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। भीड़ ने विमान को नीचे गिरते देखा और फिर अचानक उठते धुएं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### एक घंटे से भी कम समय में आग पर पाया गया काबू

दुबई की स्थानीय मीडिया के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर्स और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया गया। करीब 45 मिनट में पूरे घटनाक्रम को संभाल लिया गया। कार्यक्रम दोबारा शुरू होगा या नहीं, इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है।

### दुर्घटना वाला क्षेत्र पूरी तरह से किया गया बंद

एयर शो अधिकारियों ने दुर्घटना वाले क्षेत्र को तुरंत सील कर दिया और सभी उड़ान कार्यक्रम अस्थायी रूप से रोक दिए। विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। भारतीय पक्ष की ओर से भी संपर्क और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया जारी है। 'द फ्यूचर इज हियर' थीम के तहत यह एयर शो 17 से 21 नवंबर तक दुबई वर्ल्ड सेंट्रल में आयोजित हो रहा है। यह दुबई एयर शो का 19वां संस्करण है। इस बार 200 से अधिक विमानों का रिकॉर्ड प्रदर्शन किया जा रहा। इसमें कमर्शियल, मिलिट्री, प्राइवेट जेट, यूएवी और नई पीढ़ी की एयरोस्पेस तकनीकें शामिल हैं।

## बिहार में मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा, सम्राट चौधरी बने नए गृह मंत्री



एजेंसी

**पटना :** बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब मंत्रियों के विभागों बंटवारा हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के बीच करीब आधे घंटे की बैठक के बाद बिहार मंत्रिमंडल के पूरे विभागों के बंटवारे की सूची राज्यपाल को सौंप दी गयी है। इस बार नीतीश कैबिनेट में बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल कई वर्षों के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गृह मंत्री अपने पास न रखकर किसी और को दिया है। नीतीश कुमार की नई कैबिनेट में सम्राट चौधरी को गृह मंत्री बनाया गया है। वहीं वित्त विभाग की जिम्मेदारी विजेंद्र यादव को मिली है। वहीं नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन समेत अन्य बचे हुए विभाग रहेंगे।

वहीं मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे के बाद अब कैबिनेट की बैठक बुलाई जाएगी। बिहार की नई कैबिनेट में मंत्रियों के बीच मंत्रालयों के बंटवारे में वरिष्ठ मंत्रियों के अनुभव और क्षेत्रीय व जातीय संतुलन को ध्यान में रखा गया है। कई मंत्रालय पुराने चेहरों के पास ही रखा गया है। वहीं एक बार फिर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बिहार के डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**किसे मिला कौन सा विभाग?**

| मंत्री | विभाग |
|---|---|
| सम्राट चौधरी (डिप्टी सीएम) | गृह मंत्री |
| विजय कुमार सिन्हा (डिप्टी सीएम) | भूमि एवं राजस्व, खान एवं भूतत्व |
| विजय कुमार चौधरी | जल संसाधन, भवन मंत्री |
| दिलीप जायसवाल | उद्योग मंत्री |
| श्रवण कुमार | ग्रामीण विकास कार्य, परिवहन मंत्री |
| अशोक चौधरी | ग्रामीण कार्य मंत्री |
| विजेंद्र यादव | वित्त विभाग, वाणिज्य विभाग, ऊर्जा मंत्री |
| मंगल पांडेय | स्वास्थ्य विभाग, विधि विभाग |
| लेशी सिंह | खाद्य उपभोक्ता मंत्री |
| नितिन नवीन | पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास |

## झारखंड के तीन संकुल स्तरीय संगठनों को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर मिला सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अनन्य मित्तल, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-जेएसएलपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व और झारखण्ड सरकार के सहयोग से राज्य के 423 मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । 'SHG Federation Awards-2025' में ग्रामीण महिलाओं ने सामूहिक नेतृत्व, पारदर्शी प्रबंधन और मजबूत संगठन क्षमता के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम गौरंवित्त किया है। झारखण्ड की महिला संकुल स्तरीय संस्थाओं ने राष्ट्रीय एसएचजी फेडरेशन





पुरस्कार-2025 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। महिला अभिवृद्धि सोसायटी द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह 21 नवम्बर 2025 को हैदराबाद में हुआ, जहां झारखण्ड के तीन सीएलएफ को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

चतरा जिले के दो संकुल स्तरीय संगठनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त किए। धनकेरी आजीविका महिला संकुल स्वंय सम्भाल सहकारी समिति लिमिटेड, इटखोरी–जिसका गठन 4 दिसम्बर 2018 को हुआ था और जिसमें 3 पंचायतों के 246 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 3,100 महिलाएं सक्रिय हैं को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। धनकेरी सीएलएफ को इंटीग्रेटेड वार्षिक योजना, मासिक वित्तीय समीक्षा, बजट-वैरिएंस विश्लेषण, डिजिटल मॉनिटरिंग और 100% लोन पुनर्भुगतान जैसे उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन मानकों के लिए सम्मानित किया गया। चतरा का ही बनहे आजीविका महिला स्वालंबी संकुल संघ राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान पर रहा। इस सीएलएफ ने एकीकृत वार्षिक कार्ययोजना, नियमित वित्तीय समीक्षा, idle cash में कमी, सुदृढ़ फंड फ्लो प्रबंधन, डिजिटल पारदर्शिता तथा 100% repayment और zero-default पोर्टफोलियो बनाए रखते हुए राष्ट्रीय रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधारा हासिल किया।

पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड का बगुरिया आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड जिसका गठन 6 जुलाई 2018 को हुआ था ने पूर्वी क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। संगठन ने किसानों की प्रमुख समस्याओं, पूंजी की कमी और उन्नत तकनीक के अभावको दूर करते हुए कम-ब्याज सीएलएफ ऋण उपलब्ध कराया तथा 22 आजीविका कृषक मित्र (एकेएम), 2 सीनियर एकेएम के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीक प्रशिक्षण सुनिश्चित किया। सरकारी योजनाओं के माध्यम से बीज, खाद और उपकरण उपलब्ध कराकर सीएलएफ ने खेती छोड़ चुके परिवारों को पुनः कृषि से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आईआईटीएफ : झारखंड ने मेले में की जनजातीय आभूषण को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में फोकस स्टेट के रूप में शामिल झारखंड पवेलियन इस वर्ष दर्शकों का खास आकर्षण बना हुआ है, जहां प्रदर्शित पारंपरिक आदिवासी एवं सिल्वर आभूषण दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है।झारखंड सरकार द्वारा स्थापित यह पवेलियन राज्य की सांस्कृतिक विरासत, कारीगरी, कुटीर उद्योग, महिला उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रहा है। वहीं सरकार का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों को बड़े बाजारों से जोड़ना, उनके उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### झारखंड की प्रसिद्ध पारंपरिक जनजातीय आभूषण, फैशन की मांग

झारखंड की प्रसिद्ध आदिवासी आभूषण जैसे हंसुली, ठेला, पैरी, बंगारी तथा अन्य चांदी एवं धातु के आभूषण अपने अनूठे डिजाइन, पारंपरिक तकनीक और सांस्कृतिक महत्व के कारण लोगों को बेहद पसंद आ रहे हैं। स्टॉल संचालिका गीता रानी ने बताया कि विशिष्ट डिजाइन, सांस्कृतिक पहचान और किफायती कीमतों ने झारखंड के आभूषण को दर्शको के बीच तेजी से पसंदीदा बनाया है। पवेलियन में युवाओं की बढ़ती रुचि और मौजूदगी से स्पष्ट है कि पारंपरिक फैशन की मांग बढ़ रही है।

### भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में जनजातीय कला को मिला है व्यापक मंच

सरकार द्वारा किए गए प्रयासों जैसे स्टॉल सब्सिडी, उत्पाद प्रमोशन, बाजार अंतसंबर्धन, डिजाइन विकास सहायता और प्रशिक्षण कार्यक्रम ने स्थानीय समुदायों को नई पहचान दिलाई है।

## एक नजर

### जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी दो आरोपी गिरफ्तार

**चौपारण** : प्रखंड पंचायत जगदीशपुर के बेला निवासी अनिल सिंह से जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चौपारण पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ठगी और धमकी के आरोपी बीरबल साव और राम प्रकाश रवानी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि चौपारण थाना कांड संख्या 34/25 दिनांक 03/02/2025 धारा 316(2)/318(4)/352/351(1)/3(5) बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त बीरबल साव (पिता स्वर्गीय चरण साव), मयूरहंड निवासी को नोएडा दिल्ली से दबोच लिया गया। वे लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पीड़ित अनिल सिंह के अनुसार, मयूरहंड में जमीन दिलाने के नाम पर बीरबल साव ने उनसे 10 लाख रुपये लिए। रुपये देने के बाद न तो जमीन दिलाई और उल्टा रंगदारी तथा धमकी देने लगा। कई महीने बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया और लगभग तीन वर्षों से पुलिस की पकड़ से बचता रहा। अंततः पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। दूसरी ओर, चौपारण थाना कांड संख्या 317/25 दिनांक 20/11/25 धारा 75(2) बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त राम प्रकाश रवानी (पिता स्वर्गीय रामस्वरूप रवानी), निवासी हथिया, थाना चौपारण जिला हजारीबाग को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि भूमि विवाद एवं ठगी से जुड़े मामलों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### बीएलओ द्वारा फार्म लेने देने संबंधी खबर का जिला प्रशासन ने किया खंडन

हजारीबाग : शुक्रवार को एक दैनिक अखबार में हजारीबाग जिले के चौपारण सहित सभी नागरिकों को एसआईआर के तहत मतदाता सूची के विशेष जाँच प्रक्रिया 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक बी०एल०ओ० द्वारा फार्म देने लेने के संबंध में सूचना प्रकाशित की गई है, जो सही तथ्यों पर आधारित नहीं है। इस प्रकार के समाचार/सूचना को जिला प्रशासन द्वारा खंडन किया जाता है। इस संबंध में अवगत कराना है कि वर्तमान में संभावित रक्क्के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार पुनरीक्षण पूर्व गतिविधि के तहत बी०एल०ओ० के द्वारा मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश/ घोषणा के उपरांत ही गणना फार्म वितरण करने एवं कागजात लेने-देने का कार्य किया जाएगा, जिसकी अधिकारिक सूचना जारी की जाएगी।

### विश्व मत्स्य दिवस मछली पालन व्यवसाय के लिए प्रेरित करता है : मुकुंद

**हजारीबाग** : विश्व मत्स्य दिवस प्रतिवर्ष 21 नवंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य दुनिया में मत्स्य पालन के स्थायी भंडार के महत्व को उजागर करना, छोटे पैमाने के मछली पकड़ने वाले समुदायों के मानवाधिकारों को मजबूत करना, मछली पकड़ने वाले समुदायों की कार्य स्थितियों में वास्तविक अंतर लाना और अवैध, अप्रतिबंधित और अनियमित मछली पकड़ने को खत्म करना है। उक्त बातें आज विश्व मछली दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश के प्रभारी मुकुंद साव ने कहा, उन्होंने बताया कि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ मत्स्य सुधार परियोजनाओं, या एफआईपी के माध्यम से मत्स्य पालन को अधिक जिम्मेदार, टिकाऊ प्रथाओं की ओर संक्रमण में मदद कर रहा है।

## सांसद व विधायक ने 26 करोड़ की लागत से बनने वाले डिग्री कॉलेज का किया भूमिपूजन

# ग्रामीण डिग्री कॉलेज निर्माण में सहयोग करें ताकि 2027 में पढ़ाई शुरू हो सके : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। क्षेत्र की चिर-लंबित मांग और यहां के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करते हुए बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के हरली पंचायत स्थित ग्राम हरली में डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हो गया।समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए और विधिवत पूजा- अर्चना कर, नारियल फोड़कर, शिलापट्ट का अनावरण कर और ईंट जोड़कर



डिग्री कॉलेज का नींव रखा । यह डिग्री कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अंतर्गत संचालित होगा। करीब 26 करोड़ रुपये की लागत से यह कॉलेज 4.07 एकड़ भूखंड पर निर्मित किया जाएगा। निर्माण का जिम्मा भवन निर्माण निगम लिमिटेड को सौंपा गया है, जिसे अगले 21 महीने में कार्य पूर्ण करना है। कॉलेज परिसर में जी+2 (ग्राउंड प्लस टू) का एकेडमिक भवन, एसआरसी भवन, एक विशाल खेल मैदान और अन्य सभी आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इस अत्याधुनिक भवन में एक साथ करीब 2000 से अधिक विद्यार्थियों के बैठकर पढ़ाई करने की क्षमता होगी। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपील किया कहा का कि इस कॉलेज के निर्माण में किसी प्रकार का कोई विघ्न-बाधा या अड़चन ना डाले। ताकि 2027 में डिग्री कॉलेज चालू हो सके। यहाँ के छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए हजारीबाग, रामगढ़ या रांची जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। लेकिन अब जल्द ही उन्हें उनके गृह क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों में उड़ान का नया पंख लगेगा। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में बदलाव और विकास संभव है। समारोह में मंच का संचालन बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। मौके पर शिक्षाविद् महेंद्र नाथ पांडेय, हरली पंचायत मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, पूर्व मुखिया सह बड़कागांव पूर्वी सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, प्रमोद साव, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## पुरहरा आंगनबाड़ी के केंद्र के बच्चों को मिला गर्म स्वेटर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत पुरहरा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों को गर्माहट भरे स्वेटर बांटे गए। ठंड से बचाव के लिए राज्य सरकार की यह पहल इन मासूमों के चेहरों पर खुशियों की चमक ले आई। वितरण का कार्य आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका गीता देवी, सहायिका पुष्पा देवी एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो अल्ताफ ने संयुक्त रूप से किया।

बच्चों को दो-दो गर्म स्वेटर दिए गए, जिससे वे सर्द मौसम में भी आराम से स्कूल जा सकें और अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे सकें। मौके पर कई अभिभावक मौजूद थे।

## कोल कंपनीयों को लेकर ग्रामीणों के साथ सांसद विधायक का संवाद, ग्रामीणों ने कहा जमीन नहीं देंगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी शुक्रवार को हरली पंचायत भवन पहुंचे, जहां उन्होंने एनटीपीसी, जेएसडब्लू व अडानी कोल प्रोजेक्ट से प्रभावित एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों से मुलाकात की। बैठक में गोंदलपूरा, बादम, हरली, महुगाई, अंबाजीत, बाबू बलिया, मोतरा, चंदौल सहित कई गांवों के लोगों ने अपने दर्द व समस्याएं सांसद व विधायक के सामने रखीं। बैठक का संचालन बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। सांसद ने एक-एक कर लोगों की बात सुनी। विस्थापितों ने साफ कहा कि उनकी जमीन खेतिहर है और जल जंगल, जमीन की रक्षा उनका दायित्व है। किसी भी कीमत पर वे अपनी जमीन कंपनियों को नहीं देंगे । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 7 नवंबर को आयोजित विस्थापित महापंचायत के बाद से क्षेत्र में पुलिस की मनमानी और ज्यादती बढ़ गई है। कई लोग पुलिसिया कार्रवाई के डर में जी रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि वे स्वयं भी विस्थापित परिवार से आते हैं, इसलिए इस पीड़ा से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने विस्थापितों से प्रतिनिधिमंडल बनाने को कहा और आश्वस्त किया कि उन्हें दिल्ली ले जाकर संबंधित मंत्रालयों के मंत्रियों और सचिव से सीधी मुलाकात करवाई जाएगी। सांसद ने कहा कि लोकसभा में इसी सत्र या आने वाले बजट सत्र में वे विस्थापन मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। कहा कि पुलिस द्वारा दर्ज व्यक्तिगत एफआईआर के मामलों की कॉपी उन्हें सौंपी जाए, ताकि वे अधिकारियों से बात कर जायज मामलों में राहत दिला सकें।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिसिया ज्यादती और मारपीट की शिकायत उनके संज्ञान में आती है, तो तुरंत और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आप आंदोलन करेंगे और उस दौरान पुलिस ज्यादती होगी, तो हम पूरी तरह आपके साथ खड़े रहेंगे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने हाल की महापंचायत की सराहना की और कहा कि विस्थापन का संघर्ष राजनीतिक मंच से ऊपर उठकर होना चाहिए।उन्होंने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से इस क्षेत्र की जनता के बीच काम करते आए हैं। विधायक ने भावुक होकर कहा– जरूरत पड़ी तो पद से भी इस्तीफा दे देंगे, लेकिन आपका साथ नहीं छोड़ेंगे। गलत का सार्वजनिक विरोध होना चाहिए।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 208 अन्य लोक कल्याणकारी योजनाएं, 39 झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी के अधिनियम 2011 से जुड़ी अन्य सेवाएं, 75 आय प्रमाणपत्र, 7 जन्म प्रमाण पत्र, 84 जाति प्रमाण पत्र, 68 स्थानीय प्रमाण पत्र, 17 नए राशन कार्ड, 2 भूमि धारण प्रमाण पत्र, 3 दाखिल खारिज वादों का निष्पादन, 21 वृद्धा पेंशन, 1 विकलांग पेंशन इत्यादि के आवेदन प्राप्तकए गए। मुखिया रंजीत कुमार ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मईयाँ सम्मान योजना एवं अबुवा आवास का फॉर्म जमा नहीं लिए जाने के कारण ग्रामीनो में नाराजगी देखी गई। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकार जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि पोर्टल नहीं खुलने के कारण कैंप में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे ही पोर्टल खुलेगा वैसे ही काम किए जाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य यास्मीन निशा, बीडीओ जितेंद्र कु मंडल, सीओ मनोज कुमार, प्रखंड नोडल पदाधिकारी आशीष कुमार पासवान, अंचल नोडल पदाधिकारी जितेंद्र कु दास, मुखिया रंजीत कुमार, पंसस उर्मिला कुमारी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, प्रधान लिपिक राजेश प्रसाद, राजस्व कर्मचारी मनीष पाठक, नंदकिशोर राम, लिपिक कृष्ण कुमार, रणधीर कुमार, अनूप सोनवार, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज, इंदु शेखर, सुलेखा कुमारी, रेशमी कुमारी, नूतन कुमारी, पवन तूरी, राजू विश्वकर्मा के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को इंद्रपुरी चौक स्थित रेड क्रॉस भवन परिसर में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह एवं पूर्व सचिव नीरज कुमार ने स्वयं रक्तदान कर किया जिसके बाद कई समाजसेवी आगे आए और रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। यह शिविर झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में आयोजित रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया। हजारीबाग जिले में पिछले कुछ समय से रक्त की कमी की स्थिति बनी हुई है, विशेषकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती रहा है। ऐसे समय में रक्तदाताओं ने समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में आवश्यक स्वास्थ्य जांच,



चिकित्सकीय टीम की निगरानी और सुरक्षित रक्त संग्रह की सभी व्यवस्थाएं की गई थीं। शिविर में नए युवाओं ने भी पहली बार रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी अनजानी जिंदगी को नई आशा दे सकता है। समाज के हर सक्षम व्यक्ति को नियमित रक्तदान हेतु आगे आना चाहिए। हजारीबाग के लोगों का मानवता के प्रति जज्बा सराहनीय है, और आज के शिविर में युवाओं की भागीदारी यह दशार्ती है कि समाज में जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

# पर्यावरण एवं प्रदूषण समिति की बैठक में विधायक का अधिकारियों पर सख्त रुख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : झारखंड विधानसभा में पर्यावरण एवं प्रदूषण समिति की विभागीय बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष उदय शंकर सिंह उर्फ चुनाव सिंह के नेतृत्व किया गया। जिसमें पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सदस्य विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने विभागीय बैठक में बड़कागांव विधानसभा संबंधित विस्थापन प्रदूषण सड़क दुर्घटना विस्थापन की समस्या ग्रामीणों का सही समय पर आय, जाती, आवासीय, मोटेशन एनटीपीसी के द्वारा बिना मुआवजा दिए घरों को तोड़ना सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखा। बैठक में अपनी बातों को प्रमुखता के साथ रखते हुए



बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड एवं तेरे गाड़ी प्रखंड के ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायत मिलता है कि प्रखंड कार्यालय में महीनों महीनों से आय, जाति, आवासीय, जन्म मृत्यु, म्यूटेशन आदि प्रमाण पत्रों के लिए ग्रामीणों को इंतजार करना पड़ता है। परंतु कार्यालय में कोई कार्य नहीं होता है। आगे उन्होंने मौके पर उपस्थित बड़कागांव एवं केरेडारी अंचल अधिकारी को कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि दिए गए समय सीमा के अनुकूल सभी लोगों का प्रमाण पत्र निर्गत करने का काम करे। आगे उन्होंने दोनों प्रखंड के सीओ से कहा कि सड़क दुर्घटना हो या फिर कंपनी में किसी प्रकार की दुर्घटना जिसमें जो भी वादा रैयत और दुर्घटना में मृत्यु हुई परिजनों से किया जाता है उसे वादे को समय पर पूरा नहीं किया जाता है जिसका कई उदाहरण मेरे पास है। आगे उन्होंने दोनों प्रखंड के पदाधिकारी के कार्यशैली की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सभी प्रमाण पत्र एवं जो भी वादा आप रैयत किसान से करते हैं उसको सही समय पर पूरा करने का काम करें। साथ ही साथ उन्होंने भू अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य लोगों से सवाल करते हुए कहा कि बड़कागांव के प्रखंड में कंपनी कितना रैयती, कितना गैर मजूरुआ और कितना वन भूमि को अधिकृत कर रहा है। वह सभी ग्रामीण को साफ-साफ जानकारी मिलना चाहिए साथ ही साथ बड़कागांव केरेडारी में विस्थापित हो रहे ग्रामीणों के मकान की पेमेंट के बारे में उन्होंने कहा कि मकान की पेमेंट क्या है यह सरकार तय करेगा ना कि एनटीपीसी खुद से तय करेगा। क्योंकि कंपनी के पदाधिकारी अपने मनमानी तरीके से हमारे ग्रामीणों के घरों को तोड़कर उन्हें सही मुआवजा नहीं देने का काम कर रहे हैं। साथ ही साथ कई ग्रामीणों से यह भी सूचना प्राप्त हुआ है कि बिना मकान का पेमेंट किया मकान तोड़ दिया जा रहा है जो सरासर गलत है। आगे उन्होंने बड़कागांव केरेडारी प्रखंड के लिए कहा कि कॉल कंपनियों के आ जाने से बड़कागांव केरेडारी प्रखंड में काफी प्रदूषण बढ़ गया है जिससे आम जनमानस को कई गंभीर बीमारियां हो रहा है इस पर भी जल्द से जल्द कंपनी प्रदूषण नियंत्रण करने का एक ठोस कदम उठाए।


## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया ने नव प्राथमिक विद्यालय सोहानपुर का किया निरीक्षण



**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के ग्राम पंचायत सलगा के टोला में नव प्राथमिक विद्यालय सोहानपुर और नव प्राथमिक विद्यालय बड़कीटांड़ के विद्यालय में पूर्ण रूप से निरीक्षण किए और पढ़ाई संबंधित नव प्राथमिक विद्यालय सोहानपुर के प्रधानाध्यापक ललिता देवी एवं शिक्षिका रुक्मिणी देवी को हिदायत दिए की छात्र-छात्राओं देश का भविष्य है। पढ़ाई में किसी तरह की कमी नहीं देखनी चाहिए इसी बीच- नव प्राथमिक विद्यालय बड़की टांड़ शिक्षिका को भी पूर्ण रूप से हिदायत दिया गया कि यह पढ़ाई में सुधार करे यह छात्र-छात्राओं भारत देश है अच्छा छात्रों भविष्य है को पढ़ाई में पूर्ण रूप से ध्यान दीजिए कल आने वाला दिन में यही बच्चे हमारा देश के भविष्य हैं मुखिया पार्वती देवी के विद्यालय के छात्र छात्रों को पढ़ाई संबंधित कमी होने की जानकारी मिली तो मैं सख्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक के ऊपर कानूनी कार्रवाई करूंगी । विद्यालय में चल रहा एमडीएम की भी जांच करें नजर से निरीक्षण किया विद्यालय के अध्यक्ष एवं संजीविका और प्रधानाध्यापक को हिदायत दिए कि छात्र-छात्राओं को मेनू के आधार से खाना दिया जाए अन्यथा मेनू के आधार से खाना अगर नहीं मिलता है तो मैं विभागीय कानूनी कार्रवाई करूंगी। विद्यालय में जाते हैं जो कमी निरीक्षण के दौरान देखा मुख्य पार्वती देवी के द्वारा अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सुधार करने की अनुमति दी।

### विधायक ने की बरही चौपारण और पदमा में अतिरिक्त चिकित्सकों की मांग



**बरही** : विधायक मनोज यादव ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमा में अतिरिक्त चिकित्सकों की नियुक्ति करने की मांग की है। विधायक ने उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर कहा है कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमा तीनों राष्ट्रीय उच्च पथ पर स्थित हैं। राष्ट्रीय उच्च पथ होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, चिकित्सकों की कमी के कारण आकस्मिक सेवाओं का दबाव बढ़ जाता है और घायलों को इलाज करने की जगह रेफर कर दिया जाता है। सड़क दुर्घटना की संभावनाओं और बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए तीनों स्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त एमबीबीएस चिकित्सक तत्काल उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जा सके और घायलों की जान बचायी जा सके। उपायुक्त से मांग की है कि वे स्वास्थ्य विभाग को अपने स्तर से डॉक्टरों की कमी से अवगत कराएं। ताकि आम जनता को बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### बरही पूर्वी पंचायत के टाउन हॉल में शुरू हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



बरही : झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ह्यआपकी योजनाझ्रआपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ बरही प्रखंड के बरही पुर्वी पंचायत से शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रखंड कार्यालय स्थित नगर भवन में शिविर को एसडीओ जोहन टुडू, ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव, बीडीओ जयपाल महतो सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाना और जन शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था करना है।शिविर में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का अलग-अलग स्टाल लगाया गया जहां जरूरत के अनुसार आमजन अपने अपने फार्म जमा किया। शिविर में कुल 957 आवेदन प्राप्त किए गए जिनमें जाति 34,आय 6, जन्म 11 मृत्यु 2, स्थानीय प्रमाण पत्र 13, नया राशन कार्ड 4, दाखिल खारिज 2, भूमि मापी 2, भूमि प्रमाण पत्र 10, वृद्धापेंशन 78,विधवा 9, विकलांग 5, तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं में 781शामिल है । इस मौके पर एसडीओ जोहन टुडू ने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### संतोष रजक ने बेटे के जन्मदिन पर स्पैस्टिक बच्चों को कराया भोजन और वस्त्र वितरण



**पदमा** : पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देते हुए रामगढ़ जिले के पुलिस निरीक्षक कार्यालय, मांडू अंचल में पदस्थापित आरक्षी संतोष कुमार रजक ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने अपने पुत्र पार्थ भार्गव के प्रथम जन्मदिन के शुभ अवसर को एक यादगार सामाजिक कार्यक्रम में बदल दिया। आरक्षी संतोष कुमार रजक ने इस खास दिन को अपने घर पर मनाने के बजाय, हजारीबाग स्थित स्पैस्टिक विद्यालय में मनाया। उन्होंने अपने हाथों से विद्यालय के सभी बच्चों और बच्चियों को नाश्ता, भरपेट खाना और नए वस्त्रों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उनकी खुशियों में शामिल हुए, जिससे विद्यालय का माहौल उत्सवपूर्ण हो गया।इस मौके पर दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस नेक कार्य को केवल एक बार तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि हर साल अपने पुत्र के जन्मदिन पर इस विशेष विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों के बीच आकर नाश्ता, भोजन और कपड़े बांटने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे। जहां एक ओर लोग जन्मदिन जैसे निजी अवसर पर भव्य आयोजन करते हैं, वहीं आरक्षी संतोष कुमार रजक का यह कदम उनकी मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार को दशार्ता है। एक पुलिसकर्मी के रूप में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी के साथ-साथ, उन्होंने समाज के उस वर्ग के लिए जो शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण जीवन जी रहे हैं, अपनी उदारता का परिचय दिया है।

# राज्यपाल ने "सरदार @150 पदयात्रा" में लिया हिस्सा, राष्ट्रीय एकता के संकल्प को किया मजबूत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन के मुख्य द्वार से ओटीसी ग्राउंड तक आयोजित 'सरदार @150 पदयात्रा' (यूनिटी मार्च-एक भारत, आत्मनिर्भर भारत) में भाग लिया और पदयात्रा में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित यह पदयात्रा युवाओं में राष्ट्रभावना को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। यह आयोजन राष्ट्रीय एकता और सेवा-भावना का भी प्रतीक है।

उन्होंने याद दिलाया कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी थी, जो उनकी अद्वितीय दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा का परिणाम था। उनका संदेश हमेशा यही रहा है कि 'एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।'



राज्यपाल ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत द्वारा इस जयंती वर्ष को जन-आंदोलन का रूप देने की पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि देशभर में आयोजित पदयात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निबंध-प्रतियोगिताओं, क्विज, 'एक था सरदार' पॉडकास्ट और राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम को बढ़ाना है।

राज्यपाल ने कहा कि एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स-गाइड्स, माई भारत वालंटियर्स और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्रों की भागीदारी यह दर्शाती है कि युवा वर्ग राष्ट्र-निर्माण के प्रति समर्पित है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का भविष्य युवाओं की एकजुटता, संकल्प और चरित्र पर निर्भर है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री द्वारा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' जैसी पहलें देश को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में राजभवन में सभी राज्यों के स्थापना दिवस समारोह भी मनाए जाते हैं।

राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को केवल स्मरण न करें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और जीवन-मूल्यों में अपनाएं।

उन्होंने बताया कि इस माह की 9 तारीख को उन्हें स्टैचू ऑफ यूनिटी के दर्शन का अवसर मिला, जहां देश-विदेश से आए लोगों को देखकर उन्हें गहरा भावनात्मक अनुभव हुआ।

समारोह के अंत में राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने तथा नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सी.पी. सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पन्ना का अवैध खनन रोकने के लिए दायर पीआईएल पर हाई कोर्ट ने की सुनवाई

**रांची :** जमशेदपुर जिला के भुसरगढ़ में पन्ने के अवैध खनन को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खनन सचिव और खनन निदेशक कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत ने उन्हें अवैध खनन रोकने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने खनन विभाग को तीन सप्ताह में यह बताने का निर्देश दिया है कि पन्ना के वैध खनन के लिए विभाग क्या कर रहा है। इस संबंध में हाई कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था, जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर कोर्ट सुनवाई कर रहा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि पन्ना एक कीमती रत्न है और इसका अवैध खनन नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे राज्य को राजस्व का नुक्सान होगा।

### रांची में बोरिंग कराना हुआ महंगा अब प्रति फुट देने होंगे 110 रुपये

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में जमीन की बोरिंग से पानी निकालना अब महंगा होने वाला है। रांची रिंग बोरिंग ऑनर एसोसिएशन ने शुक्रवार को सुकुरहुट्टू, रिंग रोड में हुई बैठक में बोरिंग की नई दर 110 रुपये प्रति फीट तय करने का निर्णय लिया है, जो आज से प्रभावी हो गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश चंद्रा ने बताया कि मजदूरों की मजदूरी, ऑपरेटर चार्ज, हैमर बिट और बोरिंग मशीन के पार्ट्स की कीमतों में लगातार वृद्धि को देखते हुए यह दर बढ़ाना आवश्यक हो गया था। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई दर को मंजूरी दी। अब रांची में बोरिंग करवाने पर ग्राहकों को प्रति फीट 110 रुपये का भुगतान करना होगा।

### जेएससीए का नवजात बच्चों के लिए टिकट विक्रय का फरमान दुर्भाग्यपूर्ण वापस लें : जदयू

**रांची :** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की भारत – दक्षिण अफ़्रीका वनडे मैच में नवजात बच्चों के लिए टिकट विक्रय करने संबंधी फैसला अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण है। जेएससीए को इसपर विचार करते हुए इसे वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्टेडियम में अलग अलग उम्र सीमा तय है, ज्यादातर जगहों पर तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए माता – पिता को टिकट लेने की बाध्यता नहीं है। हाल ही में हुए एशिया कप में चार साल की उम्र सीमा बच्चों के लिए रखी गयी थी। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल ने भी विश्वकप में बच्चों के टिकट के लिए दो साल की उम्र तय की थी। कुमार ने कहा एयरलाइन, रेलवे और रोड ट्रांसपोर्ट भी कम से कम दो से पाँच वर्ष के बच्चों का टिकट नहीं लेना पड़ता है।

### चैम्बर ने भवन नियमितीकरण योजना जल्द लागू करने की मांग उठाई

**रांची :** भवन नियमितीकरण योजना को जल्द लागू करने की मांग को लेकर झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने आज नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात की। अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में मंत्री ने आश्वासन दिया कि भवन नियमितीकरण योजना को जल्द ही कैबिनेट से मंजूरी दिलाई जाएगी। अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने बताया कि झारखंड में वर्षों पहले बने ऐसे भवन और मकान, जिनमें अनाधिकृत निर्माण हुआ है, उन्हें वैध करने के लिए राज्य सरकार ने भवन नियमितीकरण योजना 2022 (2023) का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

# जेएसएससी-सीजीएल कथित पेपर लीक कांड का मास्टरमाइंड विनय साह गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी सीजीएल कथित पेपर लीक मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी विनय साह उर्फ हरिहर सिंह आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने गुरुवार को उसे गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित हनुमंत नगर कॉलोनी से गिरफ्तार किया। विनय साह पूर्वोत्तर रेलवे के यांत्रिक कारखाना में सेक्शन इंजीनियर के पद पर तैनात था, और इसी सरकारी नौकरी की आड़ में वह लंबे समय से फरारी काट रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद रेलवे विभाग में भी हलचल मच गई है। झारखंड क्राइम ब्रांच ने जनवरी 2025 में उसके खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं एवं प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 के तहत मामला दर्ज किया था। फरार होने के बाद वह गोरखपुर में बार-बार ठिकाना बदलकर रहता रहा और अपनी लोकेशन छिपाने के लिए नेपाली सिम कार्ड का इस्तेमाल करता था।

सूत्रों के मुताबिक, झारखंड पुलिस की विशेष टीम ने यूपी एसटीएफ से सहयोग मांगा था। सीओ एसटीएफ धर्मेश शाही के नेतृत्व में गोरखपुर एसटीएफ यूनिट कई दिनों से उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। गुरुवार को सूचना मिली कि वह यांत्रिक कारखाना क्षेत्र में मौजूद है। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। शुरूआती पूछताछ में विनय ने अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की, लेकिन रांची क्राइम ब्रांच से सत्यापन के बाद उसकी पुष्टि हो गई।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले दिन 39 हजार आवेदन, 2,342 मामले त्वरित निपटे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने शुक्रवार से "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरूआत कर दी है। इस बार पहली बार शिविरों की शुरूआत प्रखंड मुख्यालय स्तर से की गई। कार्यक्रम के पहले ही दिन 39 हजार से अधिक आवेदन आए, जिनमें से 2,342 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। पूरे राज्य में कुल 1,310 कैंप लगाए जाने हैं।

सरकार आपके द्वार का चौथा चरण पहले ही दिन बेहद प्रभावी साबित हुआ है। बड़ी संख्या में आवेदन और तत्काल निपटारे से स्पष्ट है कि सरकार इस बार योजनाओं का लाभ जनता तक तेजी और पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के लिए



विशेष तैयारी में है। इस अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 15 नवंबर 2021 को पंचायत स्तर पर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन को मौके पर ही निपटाना और ग्रामीणों को तुरंत लाभ उपलब्ध कराना है।

अबुआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, अबुआ वीर, अबुआ दिशोम जैसी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। साथ ही जाति, आय, आवासीय प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न प्रमाण-पत्र भी मौके पर जारी किए जा रहे हैं।

# झारखंड में मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन से रुकेगा पलायन : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के गांवों में ही यदि रोजगार उपलब्ध कराया जाएं, तो पलायन को रोका जा सकता है। मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन ऐसे अवसर हैं, जिनसे ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो सकती हैं। ये बातें राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कही।



मांडर के बिसाहा खटंगा पंचायत तथा बेड़ो के नेहालू पंचायत में झारखंड उद्यान निदेशालय की ओर से आयोजित उद्यानिकी प्रशिक्षण, कार्यशाला सह उपादान वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि जिस तरह हजारीबाग की महिलाएं मशरूम उत्पादन में मिसाल बनी हैं, उसी तरह मांडर क्षेत्र की महिलाएं भी मशरूम उत्पादन से लाखों रुपये कमा सकती हैं। इसके लिए महिलाओं को इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत की आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक बनावट मधुमक्खी पालन के लिए बेहद अनुकूल है, इसलिए विभाग इसे बढ़ावा देने में जुटा है। उन्होंने अधिकारियों को मशरूम उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को एक्सपोजर ट्रेनिंग दिलाने का निर्देश भी दिया।

शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से महिलाएं अपना भविष्य संवार सकती हैं। रास्ते में चुनौतियां आएंगी, लेकिन सफलता उसी की होगी जो बिना थके लगातार प्रयास करता रहे।

कार्यशाला के दौरान सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को 5 दिनों का मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र व मशरूम उत्पादन के 30 बैग प्रदान किए गए। ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के साथ बी-कीपिंग किट का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंचला कुमारी, जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### 56 जगहों पर चलाया गया एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान

**रांची :** पुलिस द्वारा शहर में अपराध नियंत्रण के लिए एक बड़ा एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर यह अभियान बीते कई दिनों से लगातार जारी है। इस दौरान पुलिस बेवजह जमा होकर अड्डेबाजी करने वाले लोगों के खिलाफ जहां कार्रवाई कर रही है वहीं दूसरी तरफ लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाना है। यह विशेष चेकिंग अभियान रांची शहर के संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले सभी प्रमुख इलाकों, चौक-चौराहों, और एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर चलाया जा रहा है। पुलिस टीमें विभिन्न स्थानों पर अचानक नाकेबंदी कर रही हैं।

# डीएसपीएमयू में साहित्य, कला व रचनात्मकता के संग नए विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में आयोजित 'आरम्भ 4.0' फ्रेशर्स कार्यक्रम नए विद्यार्थियों के लिए साहित्य, कला और रचनात्मक ऊर्जा से भरपूर यादगार शुरूआत बन गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भरत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को साहित्य में गहराई तक उतरना होगा। उन्हें केवल साहित्य ही नहीं, बल्कि मानवता, नैतिक मूल्य और लेखन-पुनर्लेखन की आदत भी विकसित करनी होगी। आज की पीढ़ी एंड्रॉयड फोन और एआई के दौर में जन्मी है, इसलिए प्रतिस्पर्धा



कठोर है, परन्तु मनुष्य की संवेदना और मौलिकता की बराबरी कोई नहीं कर सकता—इसीलिए साहित्य में अनंत संभावनाएं हैं। उन्होंने नए विद्यार्थियों को साहित्य की मूल आत्मा से जुड़े रहने और रचनात्मकता को अपनी शक्ति बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बीए 2025-2029 और एमए 2025-2027 बैच के छात्रों का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। शुरूआत अनिश वंदना एक्का के प्रार्थना गीत से हुई, जिसके बाद पीयूष रानी, राशि, सलोमी और शिल्पा के नृत्य प्रदर्शनों ने वातावरण में ऊर्जा भर दी।

अंजली और रानी काजल की संयुक्त प्रस्तुति ने दर्शकों से लगातार तालियां बटोरीं, जबकि ललिता, साक्षी गिरी, मुस्कान समूह, त्रिशा समूह और सलोमी समूह ने मंच को रचनात्मक रंगों से भर दिया।

साहित्यिक सौंदर्य को आगे बढ़ाते हुए स्तुति जैन ने अंग्रेजी कविता का प्रभावशाली पाठ किया। नेहा कुमारी और जसमनी की शायरी और कविता ने दर्शकों को गहरी भावनाओं से जोड़ दिया। मंच संचालन अजीत आर्या और प्रीति ने सहज और संतुलित ढंग से संभाला।

शिक्षक कर्मा कुमार, दिव्या प्रिया और रिसर्च स्कॉलर मो दिलशाद ने अपनी मधुर गायन प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा, जबकि शिक्षक सुमित मिंज और स्टाफ सदस्य संदीप ने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

विभागीय शिक्षक डॉ विनय भरत, दिव्या प्रिया, सुमित मिंज, कर्मा कुमार, मो. दिलशाद और संदीप की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बनाया। कार्यक्रम की सफलता में स्वयंसेवकों ग्लैड केरकेट्टा, मोनू कुमार, त्रिशा कुमारी, तनक गुप्ता, एलेक्स बरला और ललिता कुमारी के प्रयासों की सराहना की गई।

'आरम्भ 4.0' ने यह संदेश स्पष्ट किया कि अंग्रेजी विभाग केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, सृजनशीलता और साहित्यिक संवेदना के सम्मिश्रण को भी समान महत्व देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च न्यायालय ने मानचित्र अनुमोदन में अनियमितताओं से संबंधित जनहित याचिका का किया निबटारा




**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय में रांची नगर निगम द्वारा भवन नक्शा पास करने में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से दाखिल जवाब से अदालत संतुष्ट दिखाई दी और अंततः याचिका का निष्पादन कर दिया। झारखंड उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। नगर निगम की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि जुलाई 2023 से अब तक भवन नक्शा स्वीकृति के 2500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2100 से अधिक आवेदनों को मंजूरी दे दी गई है। अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि निगम की ओर से की गई कार्रवाई संतोषजनक है और इसके साथ ही याचिका का निष्पादन कर दिया गया।

### झारखंड में न्यूनतम तापमान बढ़ने से ठंड में आई कमी



**रांची :** झारखंड में पिछले दो दिनों से ठंड में कुछ कमी आई है और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार को रांची का न्यूनतम तापमान 13 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दो दिन पहले बुधवार को यह 11.3 डिग्री सेल्सियस था। इसी प्रकार जमशेदपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि शुक्रवार को तापमान 14 .6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, डाल्टनगंज में बुधवार को 9 .5 डिग्री सेल्सियस की तुलना में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में न्यूनतम औसत तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, राज्य भर में दिन में धूप में कम तल्खी महसूस हो रही है, जबकि रात में भी कनकनी में कमी आई है। रांची और आसपास के इलाकों में इन दिनों रात में कुहासा छा रहा है। हालांकि, सुबह होते ही मौसम पूरी तरह से साफ हो रहा है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि आनेवाले दो दिनों तक राज्य में सुबह कुहासा छाया रहेगा। इसके बाद आसामान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। हालांकि, शनिवार को दिन में मौसम साफ रहने की जानकारी विभाग ने दी है। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान में राज्य में सबसे अधिक तापमान 30 .4 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान गुमला में 9 .6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 26 .4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 .2 डिग्री, जमशेदपुर में 29 .2 डिग्री और 14 .6 डिग्री, डालटेनगंज में 28 .8 और 12 .5 डिग्री, बोकारो में 26 .5 और 14 .1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30 .4 डिग्री और न्यूउनतम तापमान में 14 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### रांची प्रेस क्लब में 'कभी-कभी' हिंदी म्यूजिक एल्बम की हुई लॉन्चिंग



**रांची :** रांची प्रेस क्लब में शुक्रवार को मेलोडी रिटर्न्स की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हिंदी म्यूजिक एल्बम 'कभी–कभी' का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में झारखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका मोनिका मुंडू और म्यूजिक डायरेक्टर तेज मुंडू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। मेलोडी रिटर्न्स के संचालक अभिषेक प्रधान ने बताया कि एल्बम के पूरे गाने की शूटिंग नेतरहाट की खूबसूरत वादियों में की गई है। यह एक सैड सॉन्ग है, जिसे मेलोडी रिटर्न्स के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। रिलीज के बाद गाने को दर्शकों से काफी सराहना मिल रही है। गाने में मुख्य कलाकार रूचि सेठ और अभिषेक प्रधान हैं। दोनों ने ही गाने को अपनी आवाज दी है। गाना 90 के दशक की मेलोडी को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके धुन और गीत भी अभिषेक प्रधान द्वारा कंपोज किए गए हैं। लोक गायिका मोनिका मुंडू ने बताया कि गाने की गायिका और अभिनेत्री रूचि सेठ झारखंड की चर्चित मॉडल हैं। वहीं गायक और अभिनेता अभिषेक प्रधान इससे पहले बॉलीवुड में गायन और अभिनय के क्षेत्र में काम कर चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों से वे झारखंड में रहकर स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों के साथ हिंदी गानों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में हिंदी फिल्म बनाने की भी योजना है।

### आदिवासी सरना बचाव महारैली के संयोजक रामपहान बांडो ने धर्मांतरण पर जताई चिंता

**रांची :** आदिवासी सरना बचाव महारैली के संयोजक रामपहान बांडो ने रांची के चांद गांव में वर्षभर से चल रही चंगाई सभाओं और राज्यभर में हो रहे कथित अवैध धर्मांतरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राची के धुर्वा स्थित सरना अखड़ा में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में रामपहान बांडो ने कहा कि अगर सरना समाज समय रहते नहीं जागा, तो अंग्रेजों के जाने के बाद बचे–खुचे चर्च पादरी और कुछ ईसाई संगठन आदिवासी सरना समुदाय की परंपराओं को समाप्त कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चर्च और मिशनरी संस्थाएं झारखंड के भोले–भाले आदिवासियों और मूलवासियों को कमजोर समझकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रही हैं। रामपहान बांडो ने बताया कि 23 नवंबर को हजारों सरना धर्मावलंबियों का महाजुटान चांद गांव में होगा। सभी लोग पहले दशमाइल गांव जाएंगे और फिर परंपरागत तीर–धनुष तथा अन्य हरवे–हथियारों के साथ चांद गांव स्थित प्रार्थना स्थल पहुंचेंगे। महारैली के बाद पूरे राज्य में लोगों को धर्मांतरण रोकने के लिए जागरूक किया जाएगा। महारैली की संयोजक मेघा उरांव ने कहा कि झारखंड में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कानून होने के बावजूद सरकार के संरक्षण में चंगाई सभाओं का आयोजन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यभर में गरीबों को बहला–फुसलाकर धर्मांतरण करवाया जा रहा है। सोमा उरांव ने कहा कि कुछ मिशनरी संस्थाएं उनकी टीम पर ही सौहार्द बिगाड़ने का गलत आरोप लगा रही हैं। चांद गांव को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने कहा कि सरना समुदाय अब अपने अधिकारों और आरक्षण को बचाने के लिए पूरी तरह सजग और सतर्क है तथा चंगाई सभा के नाम पर चल रहे अवैध धर्मांतरण को किसी भी हाल में रोकना जरूरी है।

## एक नजर

### अग्नि वीर शहीद अर्जुन महतो की शहादत आज

**बोकारो** : जिले के चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र प्रखण्ड चंदनकियारी पंचायत सिलफोर के गाँव फतेहपुर निवासी पिता लंकेश्वर महतो माता हुलासी देवी के पुत्र अग्नि वीर झारखंड के प्रथम शहीद अर्जुन महतो का 22 नंवबर को ओपी आमलाबाद क्षेत्र के भावथान पडुवा फतेहपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहादत दिवस मनाई जायेगी। शहीद अर्जुन महतो 22 अक्टूबर 2023 को मिडियम रेजिमेंट 285 सुटर पदपर ज्वानिंग किये थे। दूश्मानों से लड़ते लड़ते शहीद हो गये थे। तीन बहन व दो भाई मे छोटे थे। इनका जन्म 15 जनवरी 2003 में हुआ था। छात्र जीवन से ही देश सेवा का जजबा था।

### वृद्ध दंपति हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी** : जिले के मारंगहादा थानांतर्गत लांदुप नीचेटोली गांव निवासी वृद्ध दंपति कानू मुंडा (66) और उनकी पत्नी गौरी देवी (64) की गई हत्या मामले में पुलिस ने उसी गांव के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में कांडे मुंडा (25) और जयलाल मुंडा (19) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतका गौरी देवी अक्सर उन लोगों के साथ गाली गलौज करती थी और ताना मारती थी। इसी बात पर गुस्से में आकर उन लोगों ने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर वृद्ध दंपति की हत्या की योजना बनाई और घटना के दिन रात में जब वृद्ध दंपति अपने घर में सो रहे थे तो घर में घुसकर उन्होंने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार एक टांगी और एक तोनो को बरामद कर लिया है। वहीं हत्याकांड में शामिल अन्य दो आरोपित फिलहाल फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कीी छापेमारी जारी है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने शुक्रवार कार्यालय कक्ष में

### होटल पर अंधाधुंध फायरिंग, पुरानी रंजिश में वारदात को दिया अंजाम

**सरायकेला** : सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार-33 (एनएच-33) स्थित टाटा हाईवे होटल पर गुरुवार रात फिल्मी अंदाज में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। इस हमले से अचानक अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। होटल मालिक रंजीत कुमार के मुताबिक, दो दिन पहले होटल के पास कुछ युवकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। उसी विवाद को लेकर गुरुवार रात मारपीट में शामिल दूसरे गुट के युवक होटल पहुंचे और पुराने झगड़े का सीसीटीवी फुटेज मांगने लगे। जब होटल प्रबंधन ने फुटेज देने से इनकार कर दिया, तो आरोपितों ने अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दी और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी गुलशन बेरवा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से कई खाली कारतूस बरामद किए हैं। शुरूआती जांच में यह साफ हुआ है कि वारदात में शामिल सभी युवक जमशेदपुर के रहने वाले हैं और उनकी पहचान पुलिस ने कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। फायरिंग की इस घटना के बाद एनएच-33 और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है।

# बैंक से रुपये निकाल कर घर लौट रहे व्यक्ति से बाइक सवार अपराधियों ने छीने पांच लाख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुमादहा गांव में शुक्रवार को बाइक सवार दो अपराधियों ने दिनदहाड़े घर के दरवाजे पर ही गुलेन चन्द्र मंडल नामक व्यक्ति से पांच लाख रुपये छीन लिया और मौके से फरार हो गए। यह घटना तब हुई जब गुलेन चन्द्र मंडल अपनी बेटी की शादी के लिए यह राशि गोबिंदपुर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शाखा से निकालकर घर लौटे थे। इस संबंध में तुमादहा गांव के निवासी गुलेन चन्द्र मंडल ने बताया कि वह अपनी बेटी की शादी की तैयारियों के लिए यह मोटी रकम बैंक से निकालकर लाए थे। जैसे ही वह बैंक से रुपये लेकर अपने घर के दरवाजे पर पहुंचे, तभी घात लगाए दो बाइक सवार अपराधी उनके पास पहुंचे, इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते अपराधियों ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया। घटना को इतनी तेजी से अंजाम दिया गया कि विरोध का मौका भी नहीं मिला। छिनतई के बाद दोनों अपराधी तेजी से बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बरवाअड्डा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। इस मामले में भुक्तभोगी गुलेन चन्द्र मंडल ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस प्रथम दृष्टया यह आशंका जता रही है कि अपराधियों ने बैंक से ही गुलेन चन्द्र मंडल का पीछा किया होगा, क्योंकि उन्हें पता था कि वह इतनी बड़ी रकम लेकर घर लौट रहा है। पुलिस बैंक के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। वहीं, इस घटना से पूरे तुमादहा गांव और आस-पास के इलाके में दहशत का माहौल है।

## बीएसएल प्लांट गेट के बाहर अवैध 'पेड पार्किंग' का बड़ा खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट के चार प्रमुख प्रवेश द्वार–सीजेड गेट, मनसा सिंह गेट, स्टील गेट और महुआर गेट–के बाहर बिना अनुमति अवैध पेड पार्किंग स्टैंडों का जाल बिछा हुआ है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन स्थानों पर मोटरसाइकिल से 10 रुपये और साइकिल से 5 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से वसूली की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह पूरा कारोबार बीएसएल की जमीन पर ही चलाया जा रहा है, जहां रोजाना हजारों की तादाद में ठेका मजदूर अपने वाहनों को खड़ा करते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि करीब 20 हजार से अधिक श्रमिक प्रतिदिन इन गेटों से गुजरते हैं, जिससे अवैध वसूली का यह खेल लाखों रुपये की आमदनी तक पहुंच चुका है।स्थानीय



नागरिकों का कहना है कि इस अवैध पार्किंग से न सिर्फ आम राहगीरों को परेशानी हो रही है, बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कई बार वाहनों की लंबी कतारें लगने से मजदूरों को परिसर में प्रवेश में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इधर, झामुमो नगर अध्यक्ष मंटू यादव ने इस पूरे मामले को गंभीर अतिक्रमण बताते हुए बीएसएल प्रबंधन से तत्काल जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

## जोधाडीह मोड़ पर बढ़ता ट्रैफिक जाम, गोलम्बर निर्माण की मांग तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : चास नगर निगम क्षेत्र के सबसे व्यस्त माने जाने वाले जोधाडीह मोड़ पर ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। महज आधे-आधे घंटे के अंतराल पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे आमजन, स्कूल जाने वाले बच्चे, एम्बुलेंस सेवाएं और कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यह चौराहा अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण भी बेहद अहम माना जाता है। यह दो जिलों–बोकारो और धनबाद, दो विधानसभा क्षेत्रों–बोकारो और चंदनकियारी, तथा दो राज्यों–झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ता है। चौबीसों घंटे वाहनों का आवागमन रहने के कारण सुबह 6



से 10 बजे, दोपहर 12 से 2 बजे और शाम 4 से 7 बजे तक स्थिति सबसे ज्यादा विकट हो जाती है।सड़क चौड़ीकरण के दौरान गोलम्बर निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण कर लिया गया था और रैयतों को मुआवजा भी दिया जा चुका है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठलअक) द्वारा अब तक गोलम्बर नहीं बनाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण में देरी से जाम के साथ-साथ दुर्घटनाओं की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। जानकारी के अनुसार, एनएच के निर्माण के बाद अब तक सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है।इसको लेकर सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि (यातायात एवं मोटर यान प्रशिक्षण) विक्रम कुमार महतो ने बोकारो उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि एनएचएआई और संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए कि जोधाडीह मोड़ पर शीघ्र गोलम्बर का निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या से आमजन को राहत मिल सके।

## एमकेएम स्टेडियम के स्वर्णिम 50 वर्ष इतिहास, विकास और नई उड़ान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : इस्पात नगरी बोकारो के हृदय में स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम ने अपनी स्थापना के पाँच दशक पूरे कर एक ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। 1970 के दशक के मध्य में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा निर्मित यह विशाल खेल परिसर, जो लगभग 40,000 दर्शकों की क्षमता रखता है, केवल एक खेल मैदान नहीं, बल्कि बोकारो के तकनीकी और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का जीवंत प्रतीक रहा है। 21 नवंबर 1975 को बी एस एल के तत्कालीन प्रबंध निदेशक के सी खन्ना ने स्टेडियम का उदघाटन किया था। स्टेडियम की नींव बोकारो स्टील सिटी के विकास के प्रारंभिक वर्षों में रखी गई थी। तत्कालीन केंद्रीय इस्पात और खान मंत्री मोहन कुमार मंगलम के नाम पर समर्पित यह स्टेडियम, शहर को न केवल औद्योगिक नगर बल्कि



खेल के क्षेत्र में एक पहचान देने के उद्देश्य से बनाया गया था। इसका निर्माण इरछ के कर्मचारियों और उनके बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु किया गया था। यह मुख्य रूप से एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक विशाल फुटबॉल स्टेडियम है, जिसमें एथलेटिक्स के लिए 400 मीटर का ट्रैक, और तीरंदाजी तथा अन्य मैदानी खेलों के लिए स्थान मौजूद है। परिसर में खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, वीआईपी गैलरी, प्रेस बॉक्स और विभिन्न खेल अकादमियों के लिए प्रशिक्षण सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। MKM स्टेडियम हमेशा से बड़े आयोजनों का केंद्र रहा है। यहाँ बोकारो स्टील फुटबॉल कप टूर्नामेंट का आयोजन होता था, जिसकी विजेता टीम 1978-79 में बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) की टीम थी। 1980 में, इस स्टेडियम ने एक यादगार मैच की मेजबानी की, जो कॉसमॉस क्लब रूस और सीमा सुरक्षा बल के बीच खेला गया था। यह आयोजन इरछ के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और बोकारो को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मानचित्र पर स्थापित करने में सहायक रहा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर बोकारो पुलिस ने निकाली बाइक रैली




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन की ओर से शुक्रवार को एक बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और यह संदेश देना था कि सुरक्षित ड्राइविंग ही जीवन की कुंजी है।नया मोड़ स्थित बिरसा चौक से शुरू होकर यह बाइक रैली पत्थर कट्टा चौक होते हुए धर्मशाला मोड़ तक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न थानों के पुलिसकर्मी व ट्रैफिक विभाग के अधिकारी शामिल हुए। सभी ने गाड़ी धीरे चलाएं, नियम के अनुसार चलाएं - जान है तो जहान है जैसे नारों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि आजकल देखा जा रहा है कि कई युवा स्टंट करने की प्रवृत्ति में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि सभी लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि यह बाइक रैली सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित की गई है ताकि लोगों के बीच ट्रैफिक नियमों का महत्व समझाया जा सके। एसडीपीओ ने युवाओं से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## सभी वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही सरकार : किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी कडी में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। यह बातें वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कही। मंत्री शुक्रवार को जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अंतर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि सरकार स्वयं आम लोगों के पास पहुंचे। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सरकार के पदाधिकारी/कर्मी सीधे आपके पंचायत या गांव पहुंचेगें। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा




शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा में क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी दी। इसी तरह जिला परिषद सदस्य विजय राम, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, स्थानीय पूणार्डीह मुखिया गुड्डी देवी ने भी विचार को साझा किया।

**दो लाभुकों को मिला ट्रैक्टर**

कार्यक्रम में मंच पर मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के दो लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच राशन कार्ड वितरण किया गया। वहीं अबुआ आवास योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच गृह प्रवेश में उपयोग होने वाले सामग्रियों का वितरण किया गया। वहीं जेएसएलपीएस अंतर्गत मुद्रा लोन के तहत एक एसएचजी सदस्?य को 75 हजार का चेक दिया गया। एसएचजी क्रेडिट लिंकेज में रीमा मिलन महिला एसएचजी को 5 लाख रुपये का चेक वितरण किया गया।

जिला कौशल कार्यालय की ओर से दो लोगों को जॉब ऑफर लेटर दिया गया। साथ ही सिलाई मशीन (टूल किट) का भी वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत रितु कुमारी, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सिलवंती कुमारी, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत रानी कुमारी को सांकेतिक रूप से लाभान्वित किया गया। परिसंपत्ति वितरण के बाद सभी अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बोकारो स्टेशन पर भटका मिला बिहार का 12 वर्षीय बालक, आरपीएफ और 'मेरी सहेली' टीम ने बचाया



**बोकारो** : बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को आरपीएफ पोस्ट बोकारो की टीम ने एक नाबालिग बालक को भटकते हुए सुरक्षित बचाया। जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12 बजे एसआई रोजामत अंसारी, एएसआई बसंत कुमार, सीटी राजेश मीना, ह्यमेरी सहेलीह्न टीम की एलसी पुष्पा कुमारी तथा रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के सुपरवाइजर जितेंद्र चौधरी स्टेशन परिसर में नियमित जांच अभियान पर थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर आरपीएफ सहायता बूथ के पास एक 12 वर्षीय लड़का परेशान अवस्था में बिना किसी मकसद के घूमता हुआ मिला। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम खेसारी लाल, पिता शंभू राय, निवासी महुआ, जरुआ-10 नंबर, थाना महुआ, जिला वैशाली (बिहार) बताया। उसने बताया कि वह बिना बताए घर से निकलकर बोकारो पहुंच गया था और उसके पास किसी प्रकार का यात्रा टिकट या प्राधिकरण नहीं था। आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को अपने संरक्षण में लिया और उसे भोजन व आवश्यक देखभाल प्रदान की। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को सुरक्षित रूप से चाइल्ड हेल्प डेस्क बोकारो को आगे की कार्यवाही हेतु सौंप दिया गया।आरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की निगरानी यात्रियों की सुरक्षा व सामाजिक दायित्व दोनों के लिए आवश्यक है, ताकि किसी भी नाबालिग या असहाय व्यक्ति को समय पर सहायता मिल सके।

### बाटबीनोर पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**बोकारो** : बाटबीनोर पंचायत झारखंड स्थापना दिवस के रजत पर्व के अवसर पर आज बोकारो जिला के चन्दनकियारी प्रखंड अंतर्गत बाटबीनोर पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक उमाकांत रजक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद अपने संबोधन में रजक ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों को प्रशासन से सीधे जोड़ने और सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलंब के पहुँचे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, आय जाति निवास प्रमाणपत्र, कृषि योजनाओं, मनरेगा तथा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए और कई मामलों का त्वरित समाधान भी किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ उठाया और सरकार की पहल की सराहना की। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों और विभिन्न विभागों के कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने ग्रामीण विकास और सुशासन को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को एक बार फिर सुदृढ़ किया।

### प्रशासन ने अचानक जनता दरबार का तारीख बदला

**बोकारो** : जिला प्रशासन के द्वारा आपकी योजना , आपकी सरकार , आपके द्वार का तारीख अचानक बदल देने के कारण जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी और दक्षिणी पंचायत तथा चास के कनारी और मानगो के पंचायत के जनप्रतिनिधि शुक्रवार को गुस्से में दिखे और कहा कि ऐसे में जनता दरबार में लोग नहीं पहुंच पाएंगे।मुखिया गिरिन्द मिश्रा मुखिया शांति देवी ने बताया कि पहले दो दिसंबर को तांतरी उत्तरी तथा तीन दिसंबर को दक्षिणी में दरबार लगाने की सूचना दी गई। ब्लॉक में बैठक भी हुआ। अब आज शुक्रवार को दिन के दो बजे खबर आई की कल यानी शनिवार को ही कार्यक्रम होगा। पूर्व तारीख के हिसाब से हम सब पंचायत के प्रतिनिधि घर घर जाकर सूचना देने ओर समस्या का संकलन कर रहे थे। अब आननफानन में यह कार्यक्रम करना है चाहे जैसे हो। यही बातें चास प्रखंड के मानगो मुखिया प्रमिला देवी, कनारी के मुखिया रजनी देवी , उप मुखिया राजू महतो ने बताया। कहा कि दोनों पंचायत आदिवासी बहुल इलाकों का है। पहले हमें बताया गया कि जनता दरबार के अंतिम दिन मतलब 15 दिसंबर को दोनों पंचायत को मिलाकर तुपकाडीह स्टेशन रोड स्थित मध्य विद्यालय में जनता दरबार लगेगा। हम लोग बेहतर तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए काम कर रहे थे। सोंचे थे कि प्रखंड , अंचल के साथ साथ जिले के अधिकारी आएंगे गरीबों का कई काम होता , अब तो कोई अधिकारी के आने का उम्मीद नहीं है क्योंकि एक ही दिन में 5 से 7 पंचायतों में दरबार लगने की खबर मिल रही है।

### रैंसियां पंचायत से शुरू हुआ आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान



**कोलेबिरा** : प्रखण्ड में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी पहल आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ रैंसियां पंचायत से किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर योजनाओं की पहुँच को तेज करना है ताकि आमजन आसानी से लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कर शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी तथा अधिक से अधिक आवेदन कर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर सुविधा प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। मौके पर बीडीओ, सीओ, सिमडेगा डीटीओ, जे एम एम केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज, पंचायत मुखिया, वार्ड सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए जहाँ प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाओं के लिए मौके पर आवेदन लिया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास जगाने वाला साबित हुआ तथा विकास को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### सितु पंचायत में सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**ईचागढ़** : प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ईचागढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार महतो, उपमुखिया हाराधन महतो,पंचायत सचिव अशोक कुमार मंडल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 21 विभागों के स्टॉल बनाए गए थे,सभी स्टॉलों का अधिकारियों ने बारी बारी से निरीक्षण किया और ग्रामीणों के समस्याओं से रूबुरु हुए। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसम्पत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 730 आवेदन जमा हुए थे,जिसमें 262 आवेदन तत्काल निष्पादन किया गया।

### गृहस्थी छोड़ साधना की राह पर नरेश शेट्टी, समाज ने किया सम्मान



**सरिया** : बीते 10 वर्षों से पार्श्वनाथ स्थित सम्मेद शिखर जी में साधु संतों की सेवा करते-करते स्वयं ग्रहस्त जीवन त्याग कर वैराग्य जीवन जीने को प्रेरित हुए। सरिया के 72 वर्षीय नरेश कुमार शेट्टी जिनका सम्मान सरिया में स्टेशन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को भव्य रूप से किया गया। यह कोई काल्पनिक कथा नहीं बल्कि समाज के बीच नरेश कुमार सेठी ने अपने व्याख्यान में समाज के लोगों को कहा। उन्होंने बताया कि बीते लगभग 10 वर्षों से संतों की सेवा करते रहे इस दौरान परिवार से उनका मोह भंग हो गया। उन्होंने अपने गुरु आचार्य सुबल सागर जी महाराज से प्रेरित होकर सांसारिक विषयों से विरक्त होकर आध्यात्मिक मार्ग अपनाया। उन्होंने बताया कि सच्चा वैराग्य कब होता है जब व्यक्ति का मन सांसारिक विषयों से हटकर परमात्मा की ओर आकर्षित होता है। बताते चलें कि सरिया निवासी सुगन चंद सेठी के छोटे पुत्र नरेश कुमार सेठी अपनी पत्नी उषा देवी, पुत्र, पुत्रवधू , पोतियां साहित्य पूरा भरा पूरा परिवार छोड़कर वैराग्य जीवन अपनाया इस मौके पर संतोष जैन, राजेश जैन, पवन जैन, मन्नू जैन, प्रवीण जैन, कैलाश जैन, जयकुमार जैन, मुनी देवी, पुष्पा, विकी जैन, मोनिला जैन, प्रमिला जैन, रश्मि जैन, शोभा जैन, नेहा जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोगों ने सम्मानित कर वैराग्य जीवन जीने का आशीर्वचन दिया।

# सेवा का अधिकार सप्ताह : रामगढ़ जिले में विभिन्न पंचायतों और नगर क्षेत्रों में शिविरों का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : राज्य सरकार ने पूर्व निर्धारित आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह₹ के रूप में 21 से 28 नवम्बर 2025 तक मनाये जाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में शिविर के पहले दिन शुक्रवार को रामगढ़ जिले के 8 स्थलों पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मौके पर शिविरों के लिए जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों, नोडल अधिकारियों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं परीसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। शिवर के दौरान झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 को प्राथमिकता देते हुए लोगों से आवेदन लिए गए। इस कार्यक्रम अन्तर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर ₹झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध राज्य सरकार के विभिन्न सेवाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को समयबद्ध रूप में उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही इन शिविरों में सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी भी आम-जन तक पहुँचाने हेतु विशेष व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा इस कार्यक्रम अन्तर्गत जिले की सभी पंचायतों में एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में निम्नांकित गतिविधियों का सम्पादन किया जाएगा : शिविर में आवेदनों की प्राप्ति आम जनों से झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध सेवाओं एवं तत्सम्बंधी समस्याओं से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त किया जाएगा एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित मुख्य सेवा प्रक्षेत्र (सर्विस फोकस एरिया) के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित मुख्य सेवा प्रक्षेत्र (सर्विस फोकस एरिया) के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे: जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल खारिज मामलों का निष्पादन, भूमि की मापी (मेजरमेंट ऑफ लैंड), भूमि धारण प्रमाण पत्र। विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की स्वीकृति से संबंधित आवेदन। उपरोक्त के अतिरिक्त झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध आम जनों से जुड़ी अन्य सेवाओं तथा लोक-कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जाएंगे।

## पूर्व उपमुखिया सह समाजसेवी ने जरूरतमंदों को किया वितरण वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : प्रखंड के कोनपाला पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह समाजसेवी दीपक लकड़ा ने आज क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण किया। बढ़ती ठंड को देखते हुए यह पहल स्थानीय ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत लेकर आई। कार्यक्रम के दौरान दीपक लकड़ा ने कहा कि समाज के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाना मेरी जिम्मेदारी है। ठंड में कोई भी व्यक्ति कष्ट न झेले, इसलिए आगे भी यह सेवा पहल लगातार जारी रहेगी। ग्रामीणों ने इस मानवीय कार्य के लिए दीपक लकड़ा को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है और जरूरतमंद परिवारों को वास्तविक सहायता प्रदान करती है।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनो का झारखंड हेमन्त सरकार में हो रहा साकार : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के कमलपुर पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी, प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग और अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र दास, पार्षद खगेन महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, मुखिया जमीनी बेसरा मौजूद रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके गांव में पहुँचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना था। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया और अनेक आवेदन जमा किए। विधायक मंगल कालिंदी ने संबोधन में कहा प्रशासन सरकार की महत्वकांशी कार्यक्रम की जनजन तक जानकारी दे। ताकि अधिक से अधिक लाभुक योजना का लाभ लेने शिविर में पहुंचे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनो का झारखंड हेमंत सोरेन सरकार में साकार होता दिख रहा हैं। सभी जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से जुड़ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मुरी** : मुरी ओ पी पुलिस द्वारा गुरुवार के दिन दोपहर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान झारखंड मोड़ के पास चलाया गया।सड़क से गुजरने वाले हर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का जांच किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट एवं वाहनों से संबंधित दस्तावेजों तथा चार पहिया वाहनों की डिक्की की जांच की गई। बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने,अव्यस्क को वाहन न चलाने देने तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया।वहीं थाना प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने बताया कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। इस अभियान में थाना प्रभारी के साथ सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह, आशीष रंजन, रघुनंदन मंडल समेत सशस्त्र बल मौजूद रहे।

### 23 नवंबर को जमशेदपुर में मैराथन, तैयारी पूरी : सांसद



**जमशेदपुर** : आगामी सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मैराथन आयोजन की अंतिम जानकारी हेतु शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता साकची स्थित दयाल इंटरनेशनल होटल में आयोजित की गई। इस प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलवंत सिंह बंटी, नीरज सिंह, और सांसद खेल प्रतियोगिता के संयोजक संजीव कुमार मौजूद रहे। सांसद विद्युत वरण महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 नवंबर को जेआरडी से आयोजित होने वाले मैराथन की तैयारी पूरी हो गई है। इस मैराथन में सभी महिला ,पुरुष एथलीट, खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ी, मॉर्निंग वाकर्स, विद्यार्थी, समाज के जन सामान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस मैराथन में कोई भी रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं है। मैराथन का प्रारंभ भी जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुरू होगा और समाप्त भी जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ही होगा। पार्किंग की व्यवस्था बोधि मंदिर मैदान में होगा जो मोतीलाल पब्लिक स्कूल के सामने है। प्रात: 5 :00 बजे से लोगों की एंट्री स्ट्रेट माइल रोड में गेट नंबर 5,6,7 से होगी। वैसे रिपोर्टिंग टाइम 6 :00 बजे का है। प्रतिभागी इसी गेट नंबर 5,6,7 पर अपना टी शर्ट प्राप्त कर सकेंगे। दौड़ प्रात: 7 :00 बजे प्रारंभ होगी। पूरे रास्ते में कई हाइड्रेशन प्वाइंट बनाए गए हैं जहां प्रतिभागियों के लिए पानी की व्यवस्था रहेगी। दौड़ वापस जेआरडी में ही आर्चरी ग्राउंड में समाप्त होगी, जहां सबों के लिए रिफ्रेशमेंट, नाश्ते की व्यवस्था रहेगी। महिला और पुरुष दोनों वर्गों में पहले से पांचवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दी जाएगी।

## जान बचाने वाली पहली ढाल होती है हेलमेट : उपेंद्र कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्रांगण में भुरकुंडा थाना पुलिस के द्वारा शुक्रवार को 'वियर हेलमेट सेव लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटना के कारणों, उससे होनेवाले नुकसान, परिजनों की तकलीफ पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। इस कार्यक्रम में हेलमेट का महत्व, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, अंडरएज में वाहन नहीं चलाने के सीख दी गई। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का सीधा संबंध जागरूकता से है। यदि युवा पीढ़ी सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाए, तो कई घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं रहा, बल्कि जीवन का सवाल बन चुका है। हर दिन हम ऐसे कई हादसों के गवाह बनते हैं जो केवल एक छोटी सी असावधानी के कारण होते हैं। हेलमेट पहनना कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। कई युवक इसे बोझ या फैशन से विपरीत मानकर अनदेखा करते हैं, जबकि यह उनकी जान बचाने वाली सबसे पहली ढाल है। थाना प्रभारी ने कहा कि मुझे सबसे अधिक चिंता अंडर एज बाइक चलाने वालों की होती है। नाबालिग बच्चे कम आयु के कारण न तो वाहन पर उचित नियंत्रण रख सकते हैं और न ही आकस्मिक स्थिति में निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। नियमों का पालन कर हम न केवल अपनी सुरक्षा करते हैं बल्कि दूसरों को भी सुरक्षित रखते हैं। पत्रकार राजकुमार सिंह ने कहा कि हमारे समाज में सड़क सुरक्षा को अक्सर हल्के में लिया जाता है। हेलमेट न पहनना, तेज गति से वाहन चलाना, मोबाइल का उपयोग करते हुए सड़क पार करना आदि गलतियाँ बड़े हादसों का कारण बनती हैं। अभिभावक अपने कम उम्र के बच्चों कोबाइक चलाने के लिए प्रोत्साहित न करें। क्योंकि यह गर्व की बात नहीं, बल्कि जोखिम भरा कदम होता है। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि युवाओं के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन से जुड़े व्यवहारिक नियमों की समझ भी उतनी ही आवश्यक है, इनमें सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है।

## कोचों गांव में कुष्ठ रोग संदिग्ध मरीजों की जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : मुरी राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 नवंबर से 26 नवंबर तक चल रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान के क्रम में कोचों गांव में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कोचों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संदिग्ध मरीजों की जांच की। इस दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. दीप शिखा, प्रखण्ड कुष्ठ नोडल पदाधिकारी डॉ. विवेक कुमार, चिकित्सा कर्मी राजेश कुमार, सहिया बहनें एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। टीम ने गाँव में भ्रमण कर रोग के लक्षणों की जानकारी दी तथा लोगों को समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया ! अभियान के तहत चिन्हित संदिग्ध मरीजों की आगे की चिकित्सीय प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि त्वचा पर दाग, सुन्नपन या अन्य लक्षण दिखाई दें तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/26/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/26/2025-26 | सदर | जगदीषपुर बीटी रोड से सिवाने नदी होते हुए ईचाक बीटी रोड को जोड़ने हेतु पीसीसी पथ निर्माण। | 21920700.00 | 438500.00 | 10000.00 | 09 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.11.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.11.2025 से दिनांक 05.12.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 366702 (Rural Development)25-26*D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
ई–मेल : socialsechzb@gmail.com

ज्ञापांकः–519/सा०सु०, हजारीबाग दिनांकः–20/11/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

हजारीबाग जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत् वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा – निर्धन, अपंग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण हेतु GeM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जानेवाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 48386 अद्द है। यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

Bid Item Details

| क्र0 | सामग्री का नाम | आकार | वजन | क्रय किये जाने वाले कम्बल की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mink Cloudy Blanket with Double ply | 60 " X 90 " (+/-2") | 2 Kg. (+/-5%) | 48386 |

Salient Features of Bid Document

| Sl No | Terms & Conditions | Details of Terms & Conditions |
|---|---|---|
| 1 | सुरक्षित जमा राशि (EMD) | मो0 600000/–(छः लाख) रू0 का Bank Draft/Demand Draft in favour of Deputy Commissioner, Hazaribag. |
| 2 | Performance Guarantee (ePBG) | 5 % of the Project Value after work order (To be submitted by the Successful bidder only) |
| 3 | Places where work shall be executed | All block & Urban Areas of Hazaribag District (Jharkhand) |
| 4 | Advertisement on Website | https://hazaribag.nic.in |
| 5 | Date and time for Receipt of Technical Bid and Financial Bid | दिनांकः–01/12/2025 समयः–06:00 PM |
| 6 | Mode of Receipt of Technical and Financial Bid | Gem Portal(https://gem.gov.in) |
| 7 | Date & Place of Sample Submission | दिनांकः–01/12/2025 समयः–06:00 PM स्थान– सामाजिक सुरक्षा, कोषांग, हजारीबाग (कमरा नं0–A010) |
| 8 | Date of opening of Technical Bid with Demonstration & Quality Checking of Sample | दिनांकः–01/12/2025 समयः–06:30 PM |
| 9 | Date of Opening Financial Bid | It is to be communicated after opening of Technical Bid |
| 10 | Place of Opening of Technical Bid, Demonstration of Sample & Financial Bid Through Gem Portal | Collectorate Conference Hall, Hazaribag. |
| 11 | Address of Tender Authority | Deputy Commissioner, Hazaribag. |

उपरोक्त निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी https://hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 366776 (Women, Child Development & Social Security) 25-26 (D)


# प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के तीसरे कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला** : प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के तीसरे कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।अपने संबोधन में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने पत्रकारिता को समाज का दर्पण बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज के हित में कार्य करती है और विशेष रूप से खोजी पत्रकारिता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और मीडिया दोनों ही समाज के लिए कार्य करते हैं, अतः आपसी सहयोग से बेहतर कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है।वहीं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और अनेक बार ऐसे मुद्दे उजागर करते हैं, जिन तक प्रशासन की पहुंच नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ अधिक होते हुए भी पत्रकार अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हैं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने पिछले कार्यकाल से अब तक किए गए सभी कार्यों की जानकारी सदस्यों के समक्ष रखी। साथ ही उन्होंने उपायुक्त से अनुरोध किया कि सरायकेला में प्रेस क्लब को आवंटित भवन में आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। इसके अलावा चांडिल अनुमंडल के पत्रकारों के लिए अलग भवन उपलब्ध कराने की मांग भी रखी।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, सरायकेला सर्कल इंस्पेक्टर नितिन कुमार सिंह, खरसावां ओपी प्रभारी गौरव कुमार, सिनी थाना प्रभारी राजेंद्र, सरायकेला थाना प्रभारी (प्रभार) राहुल कुमार सिंह*, नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी और नगर पंचायत प्रशासक उपस्थित रहे। प्रेस क्लब द्वारा अतिथियों को प्रशस्ति पत्र, बैग और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सरायकेला छऊ नृत्य का शानदार मंचन किया गया, जिसके सभी कलाकारों को प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद दिलदार अंसारी ने किया।समारोह में महासचिव प्रमोद कुमार सिंह, संयोजक संतोष कुमार, सुमंगल कुंडू (केबू दा), विपिन वार्ष्णेय, संतोष साहू, विश्वरूप पांडा, सुमित कुमार सिंह, नवीन प्रधान, परमेश्वर साहू, बाणेश्वर महतो, शंभु सेन, सुमन मोदक, उमाकांत कर, मधु सिंह, कल्याण पात्रो, सचिन कुमार, आशीष झा, राहुल चंद्रा, छत्रपति महतो, मोहम्मद रमजान, गणेश सरकार, विजय साहू, के. दुर्गा राव, अरुण मांझी, संजय यादव, परमेश्वर गोराई, विद्युत महतो, वेंकटेश, अभय कुमार मिश्रा, बलराम पांडा, शुभात्रृष मुखर्जी, सुशील, संजीव कुमार मेहता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# आतंकवाद पर विपक्ष की विकृत राजनीति

राजधानी दिल्ली में 10 नवंबर 2025 को हुए लाल किला कार बम धमाके की जांच, अत्याधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से की जा रही है। जांच से जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वह भयावह है। ये आतंकवादी डॉक्टर्स रॉकेट और ड्रोन जैसी चीजें बना रहे थे और राजधानी दिल्ली पर हमास की स्टाइल में हमले का षड्यंत्र रच रहे थे। इस आतंकवादी समूह ने 32 कार बम धमाका करने की योजना बनाई थी। ये हजारों हिन्दुओं को मार कर बाबरी विध्वंस का बदला लेना चाहते थे। दिल्ली लालकिला धमाके की जांच अभी चल रही है और हर दिन खूंखार और सफेदपोश अपराधी पकड़े जा रहे हैं। जहाँ एक ओर सभी सुरक्षा एजेंसियां मिलकर अपराधियों की खोजबीन में लगी हैं वहीं विरोधी दल परोक्ष रूप से आतंकवादियों के बचाव में लगे हैं। धमाके के कुछ समय बाद ही विपक्षी पार्टियों ने सोशल मीडिया में यह प्रोपेगेंडा चला दिया कि बम धमाका बिहार चुनाव के मद्देनजर हुआ है। आतंकवाद के विरोध में कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया बहुत ठंडी व सीमित रही। विरोधियों ने आतंकवादियों के स्थान पर अपनी सुरक्षा एजेंसियों को ही कठघरे में खड़ा किया। पूर्व गृहमंत्री पी चिदम्बरम जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद के खिलाफ कोई ठोस कठम नहीं उठाया उनका एक बहुत लंबा-चौड़ा पोस्ट आता है जिसमें वह दो प्रकार के आतंकियों से देश को खतरा बताते हैं और परोक्ष रूप से हिन्दुओं को कोसते हैं। चिदंबरम वही पूर्व गृहमंत्री हैं जिन्होंने हिंदू आतंकवाद व भगवा आतंकवाद जैसे शब्द गढ़े थे, उनके कार्यकाल में ही इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन पनपे तब पी चिदम्बरम ने उनको रोकने के लिए कुछ नहीं किया अपितु उनके कार्यकाल में हुए आतंकी धमाकों के अपराधियों के विरुद्ध कमजोर केस बनाए गए जिससे बाद में वो बरी हो जाएं। कांग्रेस के एक पूर्व सांसद हुसैन दलवई ने दो हाथ आगे निकलते हुए कहा कि यह धमाका कश्मीर में हो रहे अन्याय का परिणाम भी हो सकता है और उन्होंने इसमें राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की भूमिका भी जांच की मांग कर डाली। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आतंकवाद की घटना में पकड़े जा रहे युवाओं को भटका हुआ युवा बता दिया। जम्मू-कश्मीर में पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती तो सदा से ही आतंकवाद का समर्थन व सरंक्षण करने वाले बयान देती रहती हैं तो इस बार भी वही कर रही हैं। यही हाल वहां के सत्तारूढ़ अब्दुला परिवार का है। समाजवादी नेता अबू आजमी को भी यह बात अच्छी नहीं लग रही कि दिल्ली बम धमाके में इतने सारे डाक्टर्स पकड़े जा रहे हैं। संपूर्ण विपक्ष कही न कहीं, किसी न किसी रूप में आतंक की पैरवी करता नजर आ रहा है। यह वही विपक्ष है जिसके नेता सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते फिरते हैं और ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत सरकार का साथ देने की बजाए चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते नजर आ रहे थे। आज संपूर्ण विपक्ष आतंकवाद का प्रचारक बन गया है। यह दल और इनके नेता इस्लामिक आतंकवाद की निंदा नहीं करते अपितु जब आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ होती है तब ऐसी-ऐसी बयानबाजी करते हैं कि जांच की दिशा और दशा प्रभावित हो जाए। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह सरीखे लोग मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए ओसामा जी और साहब जैसे संबोधन प्रयोग करते हैं। इनका राष्ट्रीय विचार कुछ नहीं है सिर्फ अपने वोट बैंक को साधना है। दिल्ली बम धमाके के बाद कांग्रेस नेताओं के बयानों से सिद्ध हो गया है कि कांग्रेस कट्टरपंथी मुस्लिम तुष्टिकरण में किसी भी सीमा तक जा सकती है। उसके नेताओं के बयान यह आभास भी दे रहे हैं कि अगर इस समय गलती से भी उनके नेतृत्व वाली सरकार होती तो कार बम धमाके को महज सीएनजी धमाका कहकर छोड़ दिया जाता या फिर इसके पीछे षड्यंत्र करके एक बार फिर हिंदू आतंकवाद के एंगल से जांच कर संघ को बदनाम किया जाता।

## सूडोकु नवताल- 7621

✶✶✶✶☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7620 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# सदन की मर्यादा को बनाए रखने की जवाबदेही हर सदस्यों की है

**विजय केसरी**



झारखंड विधानसभा 25 वर्ष का युवा हो चुका है। आज से ठीक सात दिन पूर्व झारखंड अलग प्रांत निर्माण के 25 वें वर्ष में प्रवेश पर बहुत ही धूमधाम से राज्य भर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रांत की खुशहाली और विकास संबंधित कई नहीं योजनाओं की घोषणा की। हम सबों को यह जानना चाहिए कि किसी भी प्रांत के विकास में विधानसभा की बहुत ही अहम भूमिका होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधानसभा उसकी आत्मा कही जाती है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि विधानसभा के सदस्य बनते हैं। इसलिए विधानसभा के हर सदस्यों का नैतिक के कर्तव्य बनता है कि सदन की मयार्दा बनाए रखने के प्रति गंभीर बनें। सदन की मर्यादा बनाए रखने की पूर्ण जवाबदेही विधानसभा सदस्यों की होती है। पक्ष और विपक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था के दो धड़ा होते हैं, जिनके कंधों पर बारी-बारी से प्रांत की जवाबदेही आती रहती है। सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच स्वस्थ बहस हो, न कि सदस्य गण आपस में ही नोक - झोंक, अनर्गल अलाप और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते रहें। इससे सदन का बहुमूल्य समय बर्बाद हो जाता है। साथ ही सरकार भी ढंग से कोई निर्णय नहीं ले पाती है, जिसका प्रांत के विकास पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए हर सदस्यों को सदन के प्रति गंभीर होना चाहिए। एक दूसरे की बातों को बहुत ही ध्यान से सुनना चाहिए। साथ ही कोई ऐसी बात नहीं बोली जानी चाहिए जो सदन की मयार्दा के विरुद्ध हो। 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग प्रांत का गठन हुआ था। 22 नवंबर 2000 को पहली झारखंड विधानसभा का गठन हुआ था। इंदर सिंह नामधारी पहली झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष बनें थे। चूंकि झारखंड की पहली विधानसभा का गठन 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में निर्वाचित विधायकों द्वारा किया गया था, जिनके निर्वाचन क्षेत्र नवगठित झारखंड में थे। यह एक त्रिशंकु विधानसभा थी। किसी एक दल या चुनाव पूर्व गठबंधन को बहुमत नहीं मिला था। आज झारखंड विधानसभा एक विशाल नूतन भवन में तब्दील हो चुका है। यह इस प्रांत के लिए बहुत ही खुशी की बात है। झारखंड विधानसभा अपने स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर से हर वर्ष किसी एक विधायक को 'बिरसा मुंडा स्मृति उत्कृष्ट विधायक सम्मान' या उत्कृष्ट विधायक का सम्मान देती चली आ रही है। मेरी दृष्टि से हर वर्ष झारखंड विधानसभा द्वारा किसी एक विधायक को सदन के प्रति उसके अच्छे व्यवहार के लिए उत्कृष्ट विधायक का सम्मान दिया जाना एक सार्थक निर्णय है। इससे सदन के सभी विधायकों के बीच एक अच्छा संवाद जाएगा। उत्कृष्ट विधायक का चयन विधायक के उत्तम कार्य, सदन के अंदर बेहतर आचरण के आधार पर किया जाता है। इसके अतिरिक्त हर वर्ष विधानसभा द्वारा स्थापना दिवस पर कपिलेश्वर प्रसाद स्मृति उत्कृष्ट विधानकर्मी सम्मान और उत्कृष्ट लोक सेवक सम्मान भी दिया जाता है।

22 नवम्बर 2000 को झारखण्ड विधानसभा की स्थापना की गई थी। 2001 में पहला उत्कृष्ट विधायक सम्मान नाला विधायक विश्वेश्वर खॉं को प्रदान किया गया था। अब तक झारखंड विधानसभा का उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार पाने वाले विधायकों के नाम इस प्रकार हैं। विशेश्वर खां, हेमलाल मुर्मू, राजेंद्र प्रसाद सिंह, लोकनाथ महतो, अन्नपूर्णा देवी, राधा कृष्ण किशोर, पशुपति नाथ सिंह, इंदर सिंह नामधारी, जनार्दन पासवान, रघुवर दास, लोबिन हेंब्रम, प्रदीप प्रसाद, स्टीफन मरांडी, विमला प्रधान, मेनका सरदार, नलिन सोरेन, रामचंद्र चंद्रवंशी, विनोद कुमार, रामचंद्र सिंह।

इस वर्ष 22 नवंबर को धनबाद के विधायक राज सिन्हा को उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राज सिन्हा, धनबाद से विधायक हैं । वे पिछले विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार विधायक बनें। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने युवा नेता राज सिन्हा को धनबाद विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा था । राज सिन्हा ने कांग्रेस नेता मन्नान मलिक को पचास हजार से अधिक वोटो से मात दी थी। इसके बाद 2019 में एक बार फिर से भाजपा अलग कमान ने राज सिन्हा पर भरोसा जताया। इस बार भी उन्होंने आला कमान को निराश नहीं किया और दोबारा मन्नान मलिक को तीस हजार से अधिक वोटो से हराया। 2024 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी ने तीसरी बार राज सिन्हा पर अपना विश्वास जताया। राज सिन्हा ने भी विश्वास को न तोड़ते हुए जीत की हैट्रिक लगाई । इस तरह से भाजपा के अंदर और बाहर एक अलग छवि बनाने में राज सिंह सफल रहे हैं। राज सिन्हा व्यवहार कुशल नेता के रूप में अपनी छवि बनाने में सफल रहे हैं। सदन में भी अपनी बातों को बहुत ही गंभीरता के साथ रखते हैं। खुद को अनर्गल आलाप और व्यक्तिगत का टीका टिप्पणी से भी दूर रखते हैं।

हम सबों को यह जानना चाहिए कि झारखंड विधानसभा आखिर कैसे हर वर्ष एक उत्कृष्ट विधायक की घोषणा करती है ? गत 19 नवंबर को झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के आवासीय कार्यालय में 'उत्कृष्ट विधायक चयन समिति' की एक बैठक हुई थी । इस बैठक में की अध्यक्षता रविंद्रनाथ महतो की। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल सहित उत्कृष्ट विधायक चयन समिति के सदस्यगण सम्मिलित हुए थे। चयन समिति ने सवार्नुमति से राज सिन्हा को उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार देने निर्णय लिया। उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार के चयन में हर वर्ष इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

उक्त बैठक के बाद विधानसभा के स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा स्थापना दिवस पर इस बार खास आयोजन होगा। रजत जयंती समारोह के अवसर पर चयनित सभी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल स्थापना दिवस पर सम्मानित होने वालों में उत्कृष्ट विधायक के रूप में राज सिन्हा को राजपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पुरस्कार पाने वालों में संतोष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, नीलम कुजूर, प्रशाखा पदाधिकारी, मोहम्मद शाहिद,सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, राकेश कुमार सिंह, उद्यान पर्यवेक्षक, अनुदेशक मंतूराम और रविंद्र पाल को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा पत्रकारों द्वारा अगर किसी एक पत्रकार का नाम उत्कृष्ट विधायक चयन समिति को दिया जाएगा तब एक पत्रकार को भी सम्मानित किया जाएगा।

झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर सदन के सभी सदस्यों को यह संकल्प लेने की जरूरत है कि सदन के प्रति उनकी जो संवैधानिक और नैतिक जवाबदेही है उसके प्रति पूरी ईमानदारी के साथ पालन करेंगे । सदन की गरिमा को कभी भी बिगड़ने नहीं देंगे। इसके साथ ही अनर्गल अलाप से खुद को दूर रखेंगे। व्यक्तिगत कोई टीका टिप्पणी नहीं करेंगे। अपने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी बातों को सदन में पूरी मजबूती के साथ रखेंगे। अगर सदन के सदस्य गण ऐसा करते हैं, तो जनता ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें जीता कर सदन में भेजा है, उन सबों की आकांक्षाएं पूर्ण होगी। राजनीति जन सेवा का आधार बनें, न कि सिर्फ सत्ता के लिए राजनीति हो। सत्ता की राजनीति ने राजनीति के स्वरूप को ही बिगाड़ कर रख दिया है। इस निमित्त झारखंड वासियों को अपने अपने मत का प्रयोग धर्म, जात पात से ऊपर उठकर करने की जरूरत है। ऐसे लोगों को चुनकर विधानसभा में भेजने की जरूरत है, जो झारखंड के विकास को ईमानदारी पूर्वक गति दे सके।

# भारत विरोधी मिशेल बैश्लेट को सम्मानित करती कांग्रेस

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत को जिसने किया बदनाम, कांग्रेस ने दिया उसे इंदिरा गांधी सम्मान। यह वाक्य सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं है, वस्तुतः आज की भारतीय राजनीति और उसके अंतरराष्ट्रीय रिश्तों की समझ का कटु सत्य है। कांग्रेस किस तरह उन अंतरराष्ट्रीय चेहरों को प्रोत्साहित करती दिखती है, जो विश्व मंचों पर भारत की छवि को धूमिल करने में सक्रिय रहे हैं इसका नया उदाहरण इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार के लिए चिली की पूर्व राष्ट्रपति और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख रह चुकी मिशेल बैश्लेट का चयन है। जिस व्यक्ति ने भारत के आंतरिक मामलों पर बार-बार पक्षपातपूर्ण और तथ्यहीन टिप्पणियाँ की हों, वह कांग्रेस के लिए शांति और मानवाधिकारों की प्रतीक हो सकती हैं, यह सोच कर भी आश्चर्य होता है, फिर तो वह इस पूरे परिदृष्य को हकीकत में बदल चुकी है !

कहने को पुरस्कार इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है, जिसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं। पुरस्कार देते समय दावा यही किया जाता है कि ये उन लोगों को प्रदाय होता है जिन्होंने वैश्विक शांति और विकास में रचनात्मक योगदान दिया हो। प्रश्न यह है कि क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि वह व्यक्ति भारत की संप्रभुता, उसकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसकी सुरक्षा को लेकर किस तरह के रवैये रखता है? या कांग्रेस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उक्त व्यक्ति ने विश्व मंचों पर बार-बार भारत को कठघरे में कितनी ही बार क्यों न खड़ा किया हो?

आज मिशेल बैश्लेट का नाम आते ही भारत के प्रति उनका वही रवैया याद आता है जो लगातार आलोचनात्मक रहा, वह भी एकतरफा और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से। यह वही बैश्लेट हैं जिन्होंने बार-बार भारत के प्रयासों, उसके सुधारों और उसकी नीतियों को न तो समझा और न स्वीकारा। उनका रुख शुरू से अंत तक ऐसा रहा है जैसे भारत किसी दमनकारी शासन वाला देश हो और वे एक न्यायधीश बनकर भारत पर टिप्पणियाँ करना अपना अधिकार समझती हों।

सीएए के खिलाफ जब देश में भ्रम फैलाया जा रहा था, तब भी बैश्लेट ने एक कदम आगे बढ़कर सुप्रीम कोर्ट में याचिका तक दाखिल करवाई। किसी को ये नहीं भूलना चाहिए कि यह भारत की संसद द्वारा स्वीकृत विधेयक था, जो पड़ोसी देशों में प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को संरक्षण देने के लिए लाया गया था, किंतु बैश्लेट ने इसे मुसलमानों के खिलाफ बताया और प्रचारित किया, जबकि ये सच नहीं। भारत सरकार द्वारा बार-बार ये स्पष्ट किया गया था कि सीएए देश का आंतरिक विषय है, पर बैश्लेट कब मानने वाली थीं, उन्होंने इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए खूब भुनाया। इसी तरह से सितंबर 2021 में देखने में आया कि कैसे उन्होंने मानवाधिकार काउंसिल में कश्मीर में प्रतिबंध, ब्लैकआउट, पत्रकारों पर दबाव जैसे विषयों को मुद्दा बनाया था। भारत ने स्पष्ट कहा कि ये टिप्पणियाँ गलत जानकारी पर आधारित हैं और भारत की संप्रभुता से जुड़े मामलों में किसी विदेशी संस्था की कोई भूमिका नहीं। पर इस के बाद भी यह बैश्लेट थीं जिन्हें हर बार भारत की आलोचना में ही रस मिलता था।

वस्तुतः जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद भारत ने जिस शांतिपूर्ण और संवेदनशील तरीके से स्थिति को संभाला, उसे विश्व ने सराहा, किंतु बैश्लेट ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को आरोपों से घेरने में कोई कमी नहीं छोड़ी। यह वही वक्त था जब भारत दुनिया को बता रहा था कि कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल की जा रही है और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन बैश्लेट को कोई सुधार नहीं दिखे, वे इस वक्त में कह रही थीं कि जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, पेलेट गन का इस्तेमाल जारी है और भारत ने पब्लिक पार्टिसिपेशन की जगह कम कर दी है। वास्तव में उन्होंने वही कहा जो भारत-विरोधी तत्व चाहते थे।

मिशेल बैश्लेट आगे इतने पर भी कहा रुकनेवाली थीं, जब भारत ने विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग पर एमनेस्टी इंटरनेशनल के खिलाफ कार्रवाई की, तब भी उन्हें भारत का कानून गलत नजर आया। उन्होंने कहा कि एफसीआरए में ही खामियाँ हैं। सवाल यह है कि क्या अब कोई विदेशी संस्था यह बताएगी कि भारत को अपने कानून कैसे बनाने चाहिए? ऐसे ही किसान आंदोलन के दौरान जब कुछ समूह आंदोलन की आड़ में हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने लगे और 26 जनवरी की घटनाओं ने पूरे देश को झकझोरा, तब भी बैश्लेट ने वही किया जो वह करती आई हैं, उन्होंने भारत की भरपूर आलोचना की और सरकार को किसानों का विरोधी करार दिया।

उनके द्वारा जब-जब भी संभव हुआ, वे भारत में दलितों, जनजातियों और मुस्लिमों को लेकर हमेशा पक्षपातपूर्ण रिपोर्टें तैयार करती रहीं, जिनमें आधे-अधूरे और गलत तथ्य भरे रहते। उनके बयानों का एक ही उद्देश्य होता कि कैसे ज?यादा से ज?यादा यह दिखाया जा सके कि भारत एक ऐसा देश है जो अपने नागरिकों के अधिकारों का सम्मान नहीं करता। यह वही नैरेटिव है जिसे वर्षों से कुछ अंतरराष्ट्रीय समूह आगे बढ़ाते आए हैं और जिसे भारत का विपक्ष अक्सर राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करता है।

वस्तुतः आज ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस द्वारा सम्मानित करना यह दर्शा रहा है कि वह उन अंतरराष्ट्रीय आवाजों को मंच देना चाहती है जो भारत की छवि को कमजोर दिखाने में लगे हों। बैश्लेट को सम्मान देने का अर्थ है कि कांग्रेस उनकी भारत-विरोधी टिप्पणियों को सही मानती है। इसे देखकर कहना होगा कि कांग्रेस के लिए शायद यह पुरस्कार बैश्लेट की उपलब्धियों के लिए नहीं, बल्कि भारत की नीतियों पर उनकी आलोचनाओं के लिए है।

यह ठीक वही राजनीति है जिसमें भारत की छवि, भारत की संप्रभुता और भारत के हित से ज्यादा अहम होता है अपना राजनीतिक नैरेटिव। कांग्रेस बैश्लेट में वही आवाज देखती है जो उनकी सोच के अनुकूल भारत को हमेशा विवादों में घिरा, कमजोर और संघर्षरत दिखाने की कोशिश करती है। यदि कांग्रेस सच में भारत के विकास, उसकी प्रगति और उसकी वैश्विक साख की परवाह करती तब वह ऐसे व्यक्ति को सम्मान देने से पहले हजार बार सोचती जरूर जिसने भारत को बदनाम करने का कोई मौका कभी नहीं छोड़ा। वस्तुतः आज सम्मान के लिए बैश्लेट जैसी शख्सियत का चयन कांग्रेस की उस मानसिकता को उजागर करता है, जिसमें भारत की आलोचना करने वाले ही अधिक सम्मानित होते हैं। ऐसे में दिख यही रहा है कि वास्तविकता में कांग्रेस को न तो भारत का विकास रास आता है और न ही वह भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उभरते हुए और आगे बढ़ते हुए देखने में खुशी रखती है,अन्यथा कोई कारण नहीं कि वे इस पुरस्कार के लिए ऐसे चेहरे का चुनाव करती, जिसके आचरण में शुरू से अंत तक भारत विरोध के अतिरिक्त अन्य कुछ भी शेष नहीं। अब भारत की जनता के लिए सोचने योग्य है कि आखिर किस सोच के जरिए कांग्रेस बार-बार ऐसे लोगों को आगे बढ़ाती है जिनके शब्दों में भारत विरोध ही उनकी पहली प्राथमिकता में होता है !

# अहम संवैधानिक सवाल का सुप्रीम जवाब : राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए किसी निश्चित समय सीमा में नहीं बांधा जा सकता

**आशुतोष मणि तिवारी**

एक अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए किसी समय सीमा के दायरे में नहीं बांधा जा सकता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई कि अध्यक्षता में 5 जजों की बेंच ने यह भी कहा है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति की तरफ से फैसला लेने में की जा रही देरी को आधार बना कर सुप्रीम कोर्ट बिल को अपनी तरफ से मंजूरी नहीं दे सकता है। राष्ट्रपति की तरफ से भेजे गए प्रेसिडेंशियल रेफरेंस का जवाब देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने और भी कई अहम बातें कही हैं।

### कब और कैसे शुरू हुआ मामला?

अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की बेंच ने राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास लंबित तमिलनाडु सरकार के 10 विधेयकों को अपनी तरफ से मंजूरी दे दी थी। कोर्ट ने राज्यपाल या राष्ट्रपति के फैसला लेने की समय सीमा भी तय कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगर तय समय में वह फैसला न लें तो राज्य सरकार कोर्ट आ सकती है।

### राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल सवाल

तमिलनाडु के इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपडी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत प्रेसिडेंशियल रेफरेंस भेजा। इस रेफरेंस में राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल किए। उन पर सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने अपनी अध्यक्षता में 5 जजों की संविधान पीठ गठित की। बेंच के बाकी सदस्य थे- जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस ए एस चंदुरकर।

### पांच जजों की संविधान पीठ ने दिया जवाब

पांच जजों की संविधान पीठ ने सभी सवालों का जवाब दिया है। 11 सितंबर को संविधान पीठ ने अपना निर्णय रिजर्व करते हुए अंतिम फैसला 20 नवंबर को दिया जिसमे मुख्य बातें यह हैं :-

1. अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास 3 विकल्प हैं- वह विधेयक को मंजूरी दे सकते हैं, विचार के लिए राष्ट्रपति को भेज सकते हैं या विधानसभा को वापस भेज सकते हैं।
2. इन विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए वह मंत्रिमंडल की सलाह से नहीं बंधे हैं। अगर विधानसभा उसी विधेयक को दोबारा भेज दे, तब भी यह नहीं कहा जा सकता कि राज्यपाल को इसे मानना ही होगा। वह दोबारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।
3. राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयक पर फैसला लेने के लिए समय सीमा में बांधना संविधान की भावना के विपरीत होगा
4. राज्यपाल की तरफ से फैसला लेने में देरी को आधार बना कर सुप्रीम कोर्ट बिल को अपनी तरफ से मंजूरी नहीं दे सकता। अनुच्छेद 142 के तहत हासिल विशेष शक्ति का सुप्रीम कोर्ट ऐसा इस्तेमाल नहीं कर सकता।
5. किसी कानून के बनने के बाद ही कोर्ट उस पर विचार कर सकता है। राज्यपाल या राष्ट्रपति के पास लंबित विधेयक पर कोर्ट विचार नहीं कर सकता।
6. अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपाल के खिलाफ कोई अदालती कार्रवाई नहीं हो सकती। अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के फैसले में कोर्ट दखल नहीं दे सकता।
7. अगर राज्यपाल अनिश्चित समय तक विधेयक को अपने पास लंबित रखें तो कोर्ट उनके फैसले में हो रही देरी का कारण पूछ सकता है और उसके आधार पर राज्यपाल को सीमित निर्देश दे सकता है।
8. अगर कोई विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा गया है तो वह अपने विवेक से निर्णय ले सकते हैं। उनके लिए यह जरूरी नहीं कि वह अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से उसकी राय पूछें।
9. क्या केंद्र और राज्य के बीच के विवाद को सिर्फ अनुच्छेद 131 के तहत ही सुप्रीम कोर्ट में लाया जा सकता है? इस सवाल का जवाब नहीं दिया जा रहा है। इस मामले में सवाल प्रासंगिक नहीं है। इसके बिना भी सभी मुख्य सवालों का जवाब दे दिया गया है।

### क्या रहेगा फैसले का असर?

यहां ध्यान रखना जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की बेंच की तरफ से व्यक्त की गई राय को तमिलनाडु मामले पर पुनर्विचार की तरह नहीं देखा जा सकता है। फिलहाल वह आदेश बना हुआ है। केंद्र सरकार अब अगर चाहे तो उस फैसले को चुनौती दे सकती है। संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से पूछे गए सवालों के जवाब में अपनी राय व्यक्त की है। इसका असर भविष्य में राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच विधेयकों को लेकर उठने वाले विवादों पर पड़ेगा।

## दैनिक पंचांग

**22 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 08.12 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 10.17 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 12.04 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.36 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 15.07 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.47 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.45 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.59 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 23.15 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 01.27 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | तुला | 03.37 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.52 ब.से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 326 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वितीया 17.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 16.47 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 11.30 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.12 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 1.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 08'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872536
**जूलियन दिन** 2461001.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल
**तारीख** 30
**विशेष** चंद्र दर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक | |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक | |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक | |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक | |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 119/25, दिनांक 20 नवम्बर 2025 के प्राथमिक अभियुक्त मिथुन कुमार मण्डल उर्फ रजनीश रंजन, पिता मनी लाल मंडल, ग्राम महादेवगंज गोढ़ि टोला, थाना मुफ्फसिल, जिला साहिबगंज को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल में अभियुक्त का शारीरिक जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### लोग जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष ने मंत्री बनने पर दिया शुभकामनाएं

**साहिबगंज:** लोग जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पासवान ने बड़े हर्ष के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में बन गई, जिसमें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के भी दो मंत्री बनाए गए, संजय पासवान, संजय सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। जिसकी खुशी बिहार ही नहीं पूरे देश के लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ता में खुशी की लहर है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास साहिबगंज जिला अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी की ओर से बिहार के मुख्यमंत्री सहित तमाम मंत्री गण को इस शुभ घड़ी में उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**कोलेबिरा :** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देशानुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह के नेतृत्व में एएसआई सुभाष यादव, एएसआई इंद्रजीत समद, लचरागढ़ टीओपी प्रभारी एएसआई जितेंद्र सिंह के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से चेकनाका के समीप, कोलेबिरा रणबहादुर सिंह चौक और लचरागढ़ टीओपी स्थित जलडेगा मोड़ के समीप दोपहिया और चार पहिया वाहनों की विस्तृत जांच की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन समेत अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की। नियमों का पालन नहीं करने वाले कई वाहन चालकों के वाहन जब्त किए गए। अधूरे कागजात पाए जाने पर कुल 09 वाहन चालकों का चालान काटा गया। अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया गया।

### संत मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के नए भवन का हुआ उद्घाटन

**सिमडेगा :** सामटोली स्थित संत मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के नए भवन का उद्घाटन हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक माहौल में किया गया। मुख्य अतिथि फादर अजीत कुमार खेस्स ने मिस्सा पूजा के बाद फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ अभिभावक एवं स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। फादर अजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। इस नए भवन से विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में और अधिक सुधार होगा तथा विद्यार्थी नई ऊर्जा और आधुनिक सुविधाओं के साथ अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुजूर ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को नैतिक मूल्यों के साथ ऐसी शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे समाज में आदर्श नागरिक बनकर उभरें।

# साहिबगंज सदर अस्पताल में मेडिकल वेस्ट खुले में फेंका गया, प्रबंधन की भारी लापरवाही उजागर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मेडिकल कचरा निस्तारण जिले के स्वास्थ्य विभाग की बड़ी समस्या बन गई है। हालांकि सदर अस्पताल में मेडिकल पीट बनाया गया है पर सदर अस्पताल से निकलने वाला मेडिकल कचरा सदर अस्पताल परिसर में ही बाहर खुले में फैला रहता है। इस कचरे पर कुत्ते, पक्षी सहित गाय भी चरते नजर आते है। इससे आसपास के क्षेत्रों में संक्रमण की संभावना बनी रहती है। अब सदर अस्पताल प्रबंधन ने मेडिकल कचरा निस्तारण का नया तरीका खोजा है। सदर अस्पताल में साफ सफाई के बहाने कूड़े और मिट्टी के साथ मेडिकल कचरा बाहर फेंका जा रहा है। गुरुवार को सदर अस्पताल के मेडिकल पीट के पास साफ सफाई कराई गई। इस दौरान भारी मात्रा में मेडिकल वेस्ट कूड़ा और मिट्टी में मिलकर अस्पताल के पास बस स्टैंड परिसर में फेंक दिया गया।

**स्थानीय लोगों ने किया विरोध**

कूड़े में ब्लड बैग, स्लाइन, इंजेक्शन, ग्लब्स सहित अन्य कई तरह के मेडिकल सामग्री देखकर स्थानीय लोग भड़क गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके घर के सामने मेडिकल वेस्ट फेंकने से पूरे मुहल्ले में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। घरों में छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी है, ऐसे खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकने से वे घर के बाहर भी नहीं निकल पाएंगे।

**डीएस ने कचरा प्लांट में फेंकने का दिया निर्देश**

इस संबंध में सदर अस्पताल के डीएस डॉ देवेश ने फोन पर बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों को कचरा प्लांट में कचरा फेंकने के लिए कहा गया था, बस स्टैंड में फेंके गए कचरा भी फिर से प्लांट में फेंकने का निर्देश दिया गया है। बताया कि कूड़े में मिल रहा मेडिकल वेस्ट कई साल पहले का है जो शायद मिट्टी में दब गया होगा। पर मेडिकल कचरा एक बैग में सील पैक कर उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया गया था। बताया कि मेडिकल वेस्ट उठाने के लिए रोज गाड़ी आनी चाहिए पर वर्तमान में क्या स्थिति है यह पता करना होगा।

**क्या है नियम व तरीका**

मेडिकल कचरा प्रबंधन स्वास्थ्य सेवा केंद्रों से उत्पन्न होने वाले कचरे को वैज्ञानिक तरीके से अलग करने, इकट्ठा करने, परिवहन करने, उपचारित करने और निपटाने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों, रोगियों और पर्यावरण को संक्रमण और चोटों से बचाना है। इस प्रक्रिया में सामान्य कचरे से लेकर नुकीली वस्तुएं और दूषित सामग्री जैसे खतरनाक कचरे का उचित निपटान शामिल है, जो जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार किया जाता है। कचरे को उसके प्रकार के आधार पर अलग-अलग रंग-कोडित बैग और कंटेनरों में इकट्ठा किया जाना चाहिए। इस काम में लगे सभी कर्मचारियों को उचित सुरक्षा उपकरण और प्रशिक्षण दिया जाता हैं। खतरनाक कचरे को कीटाणु रहित करने के लिए ऑटोक्लेव या भस्मक जैसी विधियों का उपयोग किया जाता है। उपचार के बाद, कचरे को पर्यावरण नियमों के अनुसार सुरक्षित तरीके से निपटाया जाता है।

## बहुभोज में चली गोली, युवक की मौत, अज्ञात अपराधी फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ापचगढ़ में गुरुवार देर रात बहुभोज के दौरान अज्ञात अपराधी द्वारा चलाई गई गोली से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस एवं सदर डीएसपी किशोर तिर्की मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। जानकारी के अनुसार बड़ापचगढ़ मोहल्ले में राहुल नामक युवक के यहां बहुभोज का आयोजन था। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे स्थानीय निवासी गुलशन कुमार रिखियासन उर्फ मुंशी (25) भोजन करने के बाद रात में बाइक से घर जाने लगे। बाइक के पास पहुंचने पर उन्हें पता चला कि चाबी कहीं गिर गई है। चाबी खोजने के उद्देश्य से वे दोबारा पंडाल की ओर लौटे। उसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने उन पर गोली चलाई, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग वहां पहुंचे और गंभीर रूप से घायल गुलशन को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि गुलशन का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व सिंगाड़ी गांव की प्रमिला देवी से हुआ था। चार भाइयों और एक बहन में वह सबसे छोटा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर डीएसपी किशोर तिर्की ने बताया कि घटना देर रात 1 से 2 बजे के बीच हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर विस्तृत जांच की गई, लेकिन अपराधी फरार हो चुके थे। फिलहाल गोली चलाने वाले की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की तफ्तीश जारी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत जामपुर पंचायत में शुक्रवार को झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी पहल आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास, अंचल अधिकारी अनुज कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, जिला महासचिव हीरालाल साहा, प्रमुख महोदया, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर, तथा स्थानीय मुखिया बीटी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण शिविर लगाए गए। अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याएँ सुनीं और आवश्यक दस्तावेजों व योजनाओं से संबंधित आवेदन भी स्वीकार किए। नेताओं एवं अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं से सीधे जोड़ना, उनकी समस्याओं का स्थल पर समाधान करना तथा विकास योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया, और बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अधिकारियों ने आगे भी इसी प्रकार जनकल्याण कार्य जारी रखने की बात कही।

## बिरसा मुंडा जनजातियों के अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान के लिए किया संघर्ष : विमला प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, इसी निमित्त ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा में वनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा 50 वृद्धो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इससे पूर्व भारत माता एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई मौके पर गोंड महासभा के प्रदेशाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने लोगों के बीच भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी समाज सुधारक और आध्यात्मिक नेता थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ उलगुलान का नेतृत्व किया उन्हें धरती आबा के नाम से जाना जाता है उन्होंने आदिवासी जनजाति के अधिकारों और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए संघर्ष किया साथ ही ब्रिटिश राज के खिलाफ और आदिवासी शोषण के विरोध में शक्तिशाली आंदोलन उलगुलान का नेतृत्व किया अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जमींदारी प्रथा धर्मांतरण और आदिवासियों के पारंपरिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया उन्होंने आदिवासियों को जल्द जंगल जमीन की रक्षा के लिए एकजुट किया उन्होंने ईसाई मिशनरियों के धर्मांतरण के खिलाफ भी लगातार आंदोलन करते रहे। केंद्र सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है यह सम्मान की बात है। मौके पर बनवासी कल्याण आश्रम की संतोष दास बसंत नारायण माझी सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## 14 वर्षीय राजनी सिंह का नि:शुल्क हुआ सफल हृदय ऑपरेशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** अंगुडांगरा गाँव की 14 वर्षीय राजनी सिंह, पिता भुवनेश्वर सिंह, के हृदय में 80 मिमी का बड़ा छेद पाया गया। इस गंभीर बीमारी की प्रारंभिक स्क्रीनिंग एवं पुष्टि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पटमदा की चिकित्सक डॉ. अरती पांडेय द्वारा की गई। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार इलाज कराने में असमर्थ था। जिसके बाद डॉ. पांडेय ने व्यक्तिगत प्रयासों से निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करवाई। राजनी का ऑपरेशन श्री सत्य साई सरला मेमोरियल हॉस्पिटल, चिक्कबल्लापुर (बेंगलुरु) में विदेश (लंदन) से आए विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। विशेष रूप से राजनी और उसके परिवार के बेंगलुरु आने-जाने का रेल किराया डॉ. अरती पांडेय ने स्वयं वहन किया। पहले भी कई बच्चों को मिली नई ज़िंदगी। डॉ. पांडेय ने जनस्वास्थ्य कार्य एवं फील्ड विज़िट के दौरान अब तक लगभग 6 बच्चों में हृदय में छेद जैसी गंभीर बीमारियों की पहचान कर निःशुल्क उपचार सुनिश्चित कराया है।

## बच्चों के पढ़ाई के लिए उपलब्ध होंगे बेहतर अवसर : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट के पानीसानी में विधायक मद से निर्मित लुथेरन जी.ई.एल. मध्य विद्यालय पानीसानी का उद्घाटन किया गया। नवनिर्मित भवन का उद्घाटन बिशप मुरेल बिलुंग और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पादरी सिमोन हेरेंज, महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, जिला विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सोरेंग, 20 सूत्री अध्यक्ष सह युवा अध्यक्ष रोहित एक्का, जिला महासचिव विजय ठाकुर, सतनारायण केशरी, मारग्रेट लकड़ा, संतोष लकड़ा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, यह बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, नेतृत्व और उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करती है। उन्होंने कहा कि पानीसानी जैसे दूरस्थ गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनाना मेरा दायित्व था और आज इस विद्यालय को देखकर मन संतुष्ट है कि बच्चों के लिए अब बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और गरीब बच्चों के सपनों को पंख देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और आने वाले समय में विद्यालय के विकास के लिए और भी कार्य किए जाएंगे। विधायक ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे समर्पण के साथ बच्चों को वह शिक्षा दें, जिससे वे जीवन में आगे बढ़ सकें और जिले का नाम रोशन करें। बिशप मॉरल बिलुंग ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन में प्रकाश का काम करती है और विद्यालय किसी भी समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सपनों का घर है। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत के साथ शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी और ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। बिशप ने विधायक भूषण बाड़ा को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयास से आज पानीसानी को एक नई शैक्षणिक पहचान मिली है। महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि गांव-गांव में शिक्षा का विस्तार होना ही समाज के उत्थान का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के निर्माण से पानीसानी की बेटियों और बेटों दोनों को समान अवसर मिलेगा। अब बच्चे दूर जाने की बजाय अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे स्कूल की व्यवस्था में सहयोग दें और विद्यालय को शिक्षा का आदर्श केंद्र बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विशेष रूप से गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों पर ध्यान दें ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग नवोदय विद्यालय की टीम ने 36 रन से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शुक्रवार को नवोदय विद्यालय बनाम राजमहल स्पोर्टिंग क्लब के बीच मैच खेला गया। नवोदय स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 121 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आयुष कुमार ने 54 व सोनू साह ने 16 रन की पारी खेली। राजमहल स्पोर्टिंग क्लब के गेंदबाज आसिफ अली ने 4 व हजरत शेख ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी राजमहल स्पोर्टिंग क्लब 17.4 ओवर में 85 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अंश राय ने 18 रन की पारी खेली। नवोदय के गेंदबाज आयुष ने 3, साहिल ने 2 व महेश ने 2 विकेट लिए। नवोदय विद्यालय की टीम ने 36 रन से जीत दर्ज की। नवोदय स्कूल के खिलाड़ी आयुष को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद जय प्रकाश सिन्हा ने आयुष को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### तीन दिवसीय युवा चेतना शिविर का हुआ शुभारंभ




**साहिबगंज:** शहर के रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को तीन दिवसीय युवा चेतना शिविर का शुभारंभ किया गया। 21 से 23 नवंबर तक चलने वाले युवा चेतना शिविर में देवभूमि शांतिकुंज हरिद्वार से पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विशिष्ट प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनकी देखरेख में ही शिविर आयोजित की जाएगी। चेतना शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्र शामिल हुए। उन्होंने देव पूजन के पश्चात धर्म ध्वजारोहण किया। मंच पर गायत्री मंत्र अंकित चादर भेटकर पंकज मिश्र को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सक शकुंतला सहाय एवं देवभूमि शांतिकुंज से पहुंचे विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में पंकज मिश्रा ने कहा कि गायत्री मंत्र के उच्चारण से शरीर में नित नई ऊर्जा का संचार होता है। सभी धर्मों का सार एक है, राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए यह चेतना शिविर मील पत्थर साबित होगा। उन्होंने चेतना शिविर के सफल एवं सुरक्षित संचालन के लिए नगर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उधर कार्यक्रम की देखरेख के लिए कार्यकताओं का एक समूह जिम्मेदारी पूर्वक कार्यक्रम की निगरानी में लगे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन, पुस्तकालय के लिए अलग-अलग काउंटर बनाया गया। मौके पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए आशीष कुमार सिंह, टोली नायक प्रो गोपाल शर्मा, उदय मिश्रा, अरविंद कुमार, हेमलाल, छविलाल, बंशीधर, टाटा से प्रांतीय युवा संयोजक संतोष राय, नीरज महतो, राजा, संतोष गुप्ता, साहिबगंज के शिविर संयोजक हरिहर प्रसाद मंडल, अभय भगत, सत्यदेव सिंह, शिवशंकर निराला, निरंजन मंडल, अम्बरीष कुमार, पंकज पोद्दार, सरिता पोद्दार, करुणामई भारती, संगीता कुमारी, अन्नू गुप्ता, चारु, पूजा, मधु सहित अन्य मौजूद थीं।

### पुरुष नसबंदी अभियान 2025 सारथी ऑन व्हील का हुआ शुभारंभ



**साहिबगंज:** सिविल सर्जन कार्यालय परिसर से पुरुष नसबंदी अभियान 2025 के अंतर्गत जन जागरूकता वाहन सारथी ऑन व्हील को शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान एवं जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण माला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ रामदेव ने बताया कि पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, सरल एवं प्रभावी परिवार नियोजन विधि है।जिसके प्रति अधिकाधिक पुरुषों को जागरूक करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। सारथी ऑन व्हील के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क करते हुए लोगों को पुरुष नसबंदी से जुड़ी भ्रांतियों, इसके लाभों तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। सारथी ऑन व्हील वाहन द्वारा अर्बन क्षेत्र के सभी मोहल्लों, वार्डों, नुक्कड़ों, चौक-चौराहों, स्टेशन, बस स्टैंड, हटिया, पार्क आदि प्रमुख स्थानों पर जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्र में शोभनपुर मठिया, शोभनपुर दियारा, महादेवगंज, सकरीगली, बड़ी कोदरजन्ना, छोटी कोदरजन्ना, मखमलपुर सहित अन्य गांवों में जाकर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएंगा। टीम के द्वारा स्थानीय लोगों से संवाद कर पुरुष नसबंदी से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा इच्छुक लाभुकों को स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ा जाएंगा। जिला स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील किया है कि वे अपने परिवार के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा के लिए पुरुष नसबंदी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें एवं अपने समुदाय को भी जागरूक करें।

### साहिबगंज-मनिहारी अंबा यात्री जहाज, पानी में घंटों फंसी रही



**साहिबगंज:** शुक्रवार की सुबह करीब 08 बजे साहिबगंज से मनिहारी जाने के दौरान अंबा यात्री जहाज पुरानी साहिबगंज ओझा टोली घाट के समीप छिछले पानी में फंस गई। घंटों काफी मशक्कत के बाद यात्री जहाज को बाहर निकाला जा सका। इस दौरान जहाज में बैठे यात्री परेशान रहे। बताया गया कि पिछले 10 दिनों से गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। कुछ दिनों पहले ही फेरी सेवा शुरू की गई है, ऐसे में चालक को पानी की गहराई का पता नहीं चल सका। बिरसा मुंडा गंगा घाट से जहाज खुलने के बाद ओझा टोली घाट के पास जहाज को मनिहारी की ओर मोड़ने के दौरान कम गहराई के चलते जहाज का प्रोपेलर मिट्टी में फंस गया था। हालांकि घंटों कड़ी मशक्कत के बाद जहाज निकल गया।

# ईपीएफओ में बदलाव करेगी सरकार, एक करोड़ कर्मचारियों को होगा फायदा

## वेतन सीमा 15,000 से बढ़ाकर 25,000 करने पर किया जा रहा विचार



**नई दिल्ली** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नियमों में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अभी तक ईपीएफ और ईपीएस में अनिवार्य रूप से शामिल होने की वेतन सीमा 15,000 रुपए प्रतिमाह है। सरकार अब इसे बढ़ाकर 25,000 करने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा होता है, तो देश के एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को पेंशन और भविष्य निधि का लाभ मिल सकेगा। वेतन सीमा को आखिरी बार 2014 में 6,500 से बढ़ाकर 15000 किया गया था। मौजूदा नियमों के मुताबिक 15,000 तक बेसिक सैलरी पाने वाले कर्मचारियों को ईपीएफ और ईपीएस में शामिल करना जरूरी है। इससे ज्यादा कमाने वाले चाहें तो बाहर रह सकते हैं और कंपनियों को भी उन्हें जोड़ने की बाध्यता नहीं। इस वजह से निजी क्षेत्र के बहुत से कर्मचारी रिटायरमेंट बचत से वंचित रह जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई में एक कार्यक्रम के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंस सर्विस के सचिव एम नगराजू ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि 15,000 से थोड़ा ज्यादा कमाने वाले कर्मचारियों को पेंशन कवर नहीं मिलता और वे बुजुर्ग होने पर बच्चों पर निर्भर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने हो चुके नियमों को अब वर्तमान आय और खर्च के हिसाब से अपडेट करना अनिवार्य हो गया है। अगर ईपीएफओ वेतन सीमा बढ़ाकर 25,000 कर देता है, तो केंद्रीय न्यासी बोर्ड इस प्रस्ताव को अगले साल की शुरुआत में मंजूरी दे सकता है। श्रम मंत्रालय के एक आकलन के मुताबिक सीमा में 10,000 की बढ़ोतरी से एक करोड़ से ज्यादा नए कर्मचारियों को पेंशन और भविष्य निधि का लाभ मिलेगा। कर्मचारी संगठनों ने भी लंबे समय से इसकी मांग की है क्योंकि बढ़ती महंगाई में पुरानी सीमा अब अप्रासंगिक हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब भी ज्यादातर लोगों के पास सुरक्षित रिटायरमेंट की कोई पक्की व्यवस्था नहीं है। ईपीएफ की सीमा बढ़ने से हजारों-लाखों कर्मचारी स्वतः सुरक्षित बचत योजनाओं से जुड़ जाएंगे। कर्मचारियों के लिए यह बदलाव फायदेमंद होगा क्योंकि इसका मतलब है ज्यादा मासिक योगदान, बड़ा ईपीएफ बैलेंस और भविष्य में उच्च पेंशन। इस समय कर्मचारी बेसिक सैलरी का 12 फीसदी ईपीएफ में जमा करते हैं और उतना ही योगदान नियोक्ता भी करते हैं। वेतन बढ़ने पर दोनों का योगदान बढ़ जाएगा।

# टीसीएस डेटा सेंटर का कारोबार मजबूत, टीपीजी से जुटाए एक अरब डॉलर

## टीसीएस और टीपीजी दोनों ने 18,000 करोड़ तक के निवेश का वादा किया

**नई दिल्ली** भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने डेटा सेंटर कारोबार 'हाइपरवॉल्ट' को रफ्तार देने वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन फर्म टीपीजी से एक अरब डॉलर जुटाए हैं, जिससे सबसे बड़ी एआई-रेडी तकनीकी सेवा कंपनी बनने की उसकी आकांक्षा को मजबूती मिली है। टीसीएस और टीपीजी दोनों ने कुछ सालों में 18,000 करोड़ रुपए तक के निवेश का वादा किया है, जिनमें से टीपीजी 8,820 करोड़ निवेश करेगी और हाइपरवॉल्ट में उसकी हिस्सेदारी 27.5 से 49 फीसदी के बीच रह सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीसीएस ने बयान में कहा है कि टीपीजी को रणनीतिक निवेश साझेदार के तौर पर लाने से कंपनी को अपने शेयरधारकों को बेहतर रिटर्न दिलाने अपने पूंजीगत खर्च को कम करने और डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म के लिए दीर्घावधि मूल्य सृजित करने में मदद मिलेगी। 30 सितंबर, 2025 तक टीसीएस के पास 1.06 लाख करोड़ रुपए की नकदी या समतुल्य राशि थी। कंपनी पर कुल कर्ज 10,932 करोड़ रुपए था। यह पहला मौका जब टीसीएस ने भारी पूंजीगत खर्च की जरूरत वाले उद्योग पर दांव लगाया है। इससे पहले कंपनी अधिग्रहण के बजाय अपने कारोबार को बढ़ाने को तवज्जो दे रही थी। टीसीएस ने आखिरी बड़ा अधिग्रहण साल 2008 में 51.2 करोड़ डॉलर में सिटीग्रुप ग्लोबल सर्विसेज का किया था। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के नतीजों के बाद कंपनी ने डेटा सेंटर सेगमेंट में आने का अपना इरादा बताया था। नतीजे जारी करते समय टीसीएस प्रबंधन ने कहा था कि कंपनी एक गीगावॉट क्षमता बनाना चाहती है जिसके लिए करीब 6.5 अरब से 7 अरब डॉलर निवेश की जरूरत पड़ेगी।

# 2031 तक भारत में एक अरब से ज्यादा 5 जी ग्राहक

## भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते डेटा मार्केट्स

**मुंबई**

भारत 2031 तक एक अरब से ज्यादा 5जी सब्सक्रिप्शन पार कर लेगा, और देश में 5जी की पहुंच 79 प्रतिशत तक होगी। यह जानकारी कंपनी एरिक्सन की मोबिलिटी रिपोर्ट 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 के अंत तक भारत में 39.4 करोड़ 5जी सब्सक्रिप्शन दर्ज होने की उम्मीद है, जो देश में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का 32 प्रतिशत होगा। एरिक्सन ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते डेटा मार्केट्स में से एक है। भारत में हर सक्रिय स्मार्टफोन पर मोबाइल डेटा उपयोग 36 जीबी प्रति माह है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह 2031 तक बढ़कर 65 जीबी प्रति माह होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि डेटा उपयोग में यह तेज बढ़ोतरी तेजी से 5जी नेटवर्क विस्तार, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के बढ़ते उपयोग और सस्ते 5जी डिवाइस उपलब्ध होने के कारण है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 5जी सब्सक्रिप्शन 2025 के अंत तक बढ़कर 2.9 अरब तक पहुंच जाएंगे। यह कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का करीब एक-तिहाई होगा। 2031 तक ग्लोबल 5जी सब्सक्रिप्शन बढ़कर 6.4 अरब होने का अनुमान है, जो कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन का करीब दो-तिहाई होगा। इनमें से 4.1 अरब (65 प्रतिशत) सब्सक्रिप्शन 5जी स्टैंडअलोन (एसए) होने की उम्मीद है। सिर्फ इस साल ही दुनिया भर के ऑपरेटरों ने 60 करोड़ नए 5जी सब्सक्रिप्शन जोड़े हैं। इसके अलावा 40 करोड़ लोगों को पहली बार 5जी कवरेज भी मिला है। इस साल के अंत तक चीन के बाहर दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी 5जी नेटवर्क की पहुंच में होगी। 2031 तक यह कवरेज बढ़कर 85 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।




# क्रिप्टो मार्केट में भारी उथल-पुथल, 24 घंटे में 17 लाख करोड़ का निवेश तबाह

**नई दिल्ली** क्रिप्टो मार्केट में भारी उथल-पुथल है। वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 6फीसदी से ज्यादा टूटकर 3 लाख करोड़ डॉलर के नीचे चल गया है। बिटकॉइन, इथेरियम समेत ज्यादातर प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में तेज गिरावट ने माहौल को और नेगेटिव बना दिया है। कई दिनों से जारी कमजोरी के बीच यह 24 घंटे की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट में आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार सुबह 9:30 बजे तक कुल क्रिप्टो मार्केट कैप 3.14 लाख करोड़ डॉलर पर था, जो शुक्रवार सुबह 9:30 बजे 2.95 लाख करोड़ डॉलर तक गिर गया यानी 24 घंटे में 0.19 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 17 लाख करोड़ रुपए का निवेश तबाह हो गया। फियर एंड ग्रीड इंडेक्स भी 11 पर आ गया, जो बताता है कि मार्केट में भारी घबराहट है और निवेशक तेजी से क्रिप्टो बेच रहे हैं। बिटकॉइन पिछले 24 घंटे में 7फीसदी से ज्यादा गिरकर 90,000 डॉलर के स्तर से काफी नीचे आ गया। सुबह 9:30 बजे यह 85,750 डॉलर पर ट्रेड कर रहा था। पिछले एक हफ्ते में ही बिटकॉइन करीब 13फीसदी लुढ़क चुका है। इथेरियम, रिपल, सोलाना और कार्डानो भी 7फीसदी से ज्यादा टूट गए।

# इंडो-पैसिफिक क्षेत्र वैश्विक राजनीति, सुरक्षा व आर्थिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बनकर उभरा



**नई दिल्ली** इंडो-पैसिफिक क्षेत्र हाल के वर्षों में वैश्विक राजनीति, सुरक्षा और आर्थिक प्रतिस्पर्धा का सबसे अहम केंद्र बनकर उभरा है। इस पृष्ठभूमि में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग की भारत यात्रा खास मायने रखती है। उन्होंने साफ कहा कि इंडो-पैसिफिक आज अनिश्चितता और उभरती चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में समान सोच वाले देशों के बीच रणनीतिक सहयोग पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। ऑस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में भारत को एक भरोसेमंद और प्रमुख साझेदार के रूप में देखता है। दिलचस्प है कि तीन साल पहले 2022 में अमेरिका ने भी इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी व्यापक रणनीति जारी की थी, जिसने इस भूभाग की वैश्विक अहमियत को और पुख्ता कर दिया। इंडो-पैसिफिक का दायरा पूर्वी अफ्रीका के तट से लेकर अमेरिकी पश्चिमी किनारों तक और आर्कटिक से अंटार्कटिका तक फैला है। यह सिर्फ समुद्री क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता और आर्थिक संतुलन की धुरी है। दुनिया की करीब 65 फीसदी आबादी और 63 फीसदी वैश्विक जीडीपी इसी क्षेत्र में मौजूद है। चीन, अमेरिका, भारत और जापान जैसी शक्तियों की सक्रियता ने इसे भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मुख्य केंद्र बना दिया है। समुद्री व्यापार मार्ग, ऊर्जा संसाधन, मत्स्य संपदा और रणनीतिक जलडमरूमध्य इस क्षेत्र को आर्थिक और सुरक्षा दोनों दृष्टि से अति संवेदनशील बनाते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 400 , निफ्टी 124 अंक गिरा

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई सहित अन्य बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। आज बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 400.76 अंक नीचे आकर 85,231.92 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124 अंक गिरकर 26,068.15 पर बंद हुआ था। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बड़ी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 687.25 अंक नीचे आकर 60,276.30 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 219.75 अंक फिसलकर 17,847.50 पर था।

आज निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी फार्मा, निफ्टी मेटल और निफ्टी एनर्जी के शेयर फिसले जबकि निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी कंजप्शन में ही तेजी रही।

सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी, एमएंडएम, आईटीसी, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचयूएल, भारती एयरटेल, टीसीएस, टाइटन, पावर ग्रिड और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। वहीं टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, बीईएल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई,एक्सिस बैंक, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा, एलएंडटी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरे।

बाजार में अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने को माना जार हा है। इसके अलावा भारत में पीएमआई डेटा कमजोर रहने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।




इससे पहले आज सुबह बीएसई सेंसेक्स टूटकर 85,347.40 अंक पर खुला। सुबह यह 77.03 अंक नीचे आकर 85,555.65 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी 100 से ज्यादा अंक फिसलकर 26,109 पर खुला।

वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस गिरावट पर बंद हुए। डॉव जोन्स 0.84 फीसदी गिरा, एसएंडपी में 1.56 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा नैस्डैक 2.16 फीसदी गिरा। दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की तरफ से एक और ब्याज दर कटौती की संभावना को लेकर संशय बढ़ने से बाजार टूटा है।

अमेरिकी बाजारों का प्रभाव एशियाई बाजारों पर भी हुआ। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1.16 फीसदी गिरा वहीं हांगकांग का हैंग सेंग 1.82 फीसदी गिरा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.12 फीसदी नीचे आया। जापान का निक्केई भी 1.7 फीसदी गिरा। कोर मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई।


# अमेरिकी बैन के चलते भारत में रूसी तेल का लदान नवंबर में निचले स्तर पर पहुंचा

## इंडियन ऑयल और निजी कंपनी रिलायंस बैन को मानने के लिए सहमत

**नई दिल्ली**

। भारत को दिए जाने वाले रूस के कच्चे तेल का लदान नवंबर में निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे अमेरिकी प्रतिबंध के कारण भारतीय रिफानिंग कंपनियां सतर्कता बरत रही हैं। अमेरिका ने रूस के दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुक ऑयल पर बैन लगा दिया है। इन कंपनियों पर अमेरिकी बैन 21 नवंबर से प्रभावी होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में अब तक भारत के लिए रूसी तेल का लदान पिछले महीने के मुकाबले आधा रह गया है। 20 नवंबर तक भारत भेजे गए तेल की मात्रा 9.82 लाख बैरल प्रति दिन रही, जबकि अक्टूबर में यह आंकड़ा 18.6 लाख बैरल प्रति दिन था।

भारतीय रिफाइनर अमेरिकी ऑफिस ऑफ फॉरेन ऐसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) के प्रतिबंधों के मद्देनजर रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए सतर्क हो गए हैं। केप्लर के प्रमुख अनुसंधान प्रमुख ने कहा कि इस गिरावट की मुख्य वजह भारतीय रिफाइनरों की रूसी आपूर्तिकर्ता रोसनेफ्ट और लुक ऑयल पर लगा अमेरिकी बैन है। हालांकि वॉल्यूम में अभी भी बदलाव हो सकता है क्योंकि रास्ते में मौजूद कुछ जहाज अपने आखिरी गंतव्य को बदल सकते हैं। मगर मौजूदा रुझान बिल्कुल साफ है कि भारत के लिए लदान में नरमी आई है।



रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल और निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिकी बैन को मानने के लिए सहमत हैं, जबकि एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड ने रूस पर पश्चिमी देशों के बैन के बाद रूस से तेल खरीद को रोक दिया है। भारत को रूसी तेल की आपूर्ति में दोनों प्रतिबंधित रूसी कंपनियों का योगदान 60 से 70 फीसदी है। आरआईएल के पास रोसनेफ्ट से करीब 5 लाख बैरल प्रति दिन कच्चा तेल खरीदने का दीर्घावधि अनुबंध है, जबकि नायरा एनर्जी में 49 फीसदी हिस्सा रूस की सरकारी कंपनी का है।

# एप्पल इंडिया ने 2024-25 में 9 अरब डॉलर की घरेलू बिक्री की

## दुनिया भर में बने हर पांच में से एक आईफोन भारत में हुआ निर्मित



**नई दिल्ली** आईफोन बनाने वाली एप्पल इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में 9 अरब डॉलर की घरेलू बिक्री का आंकड़ा छू लिया है। इससे कंपनी राजस्व के लिहाज से देश की शीर्ष 10 विनिर्माण बहुराष्ट्रीय कंपनियों में शामिल हो गई। अमेरिका और भारत में कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि इसके बावजूद यह ऐपल के वैश्विक राजस्व 416.1 अरब डॉलर में महज 2 फीसदी हिस्सेदारी है। आईफोन के उत्पादन में भारत की भूमिका की अलग कहानी है। वित्त वर्ष 2025 में दुनिया भर में बने हर पांच में से एक आईफोन भारत से गया था और देश ने एप्पल के वैश्विक उत्पादन मूल्य में 12 फीसदी योगदान दिया। एप्पल ने पहली बार भारत में प्रो और प्रो मैक्स जैसे आईफोन के सबसे महंगे मॉडल की असेंबलिंग भी शुरू की। वित्त वर्ष 2025 में अमेरिका से करीब 178.4 अरब डॉलर की कमाई हुई, जो एप्पल के वैश्विक राजस्व की करीब 43 फीसदी है। इसके अलावा इन आईफोन का बढ़ता हिस्सा भारत से भेजा गया।

# मुकेश अंबानी की कंपनी ने रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल किया बंद

**▶▶ कंपनी ने यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा लगाए प्रतिबंधों के चलते उठाया**

**नई दिल्ली**

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने अपनी जामनगर स्थित केवल निर्यात वाली रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल बंद कर दिया है। कंपनी ने यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों को देखते हुए उठाया।रिलायंस भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार मानी जाती है। जामनगर का विशाल शोधन परिसर दो रिफाइनरियों में बंटा है एक सेज इकाई, जहां से ईयू, अमेरिका और अन्य देशों को ईंधन निर्यात किया जाता है और दूसरी पुरानी इकाई, जो घरेलू बाजार को सप्लाई करती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईयू का बाजार रिलायंस के लिए बेहद अहम है।

चूंकि यूरोपीय संघ ने रूस की ऊर्जा आमदनी घटाने के लिए रूसी कच्चे तेल और उससे बने उत्पादों पर सख्त प्रतिबंध लगाए हैं, इस वजह से कंपनी ने सेज यूनिट में रूसी तेल का इस्तेमाल रोकने का फैसला लिया। कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक 20 नवंबर से सेज रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है और 1 दिसंबर से निर्यात होने वाले सभी ईंधन गैर-रूसी तेल से तैयार किए जाएंगे।

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब अक्टूबर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस की यूक्रेन संबंधी कार्रवाई को लेकर नए प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों में रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर रोक शामिल है।



रिलायंस ने पहले रोसनेफ्ट के साथ करीब 5 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदने का दीर्घकालिक समझौता किया था लेकिन अमेरिका द्वारा लगाए नए प्रतिबंधों के बाद अक्टूबर में ही संकेत मिले थे कि आरआईएल इस दीर्घकालिक समझौते के तहत रूस से तेल लेना बंद कर सकती है।

# सेबी ने कंसल्टिंग पेपर पर फीडबैक देने डेडलाइन एक सप्ताह के लिए बढ़ाई




**▶▶ म्युचुअल फंड के एक्सपेंस रेश्यो के नियमों में प्रस्तावित सुधारों पर सुझाव दे सकेंगे**

**नई दिल्ली**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने म्युचुअल फंड रेगुलेशन्स 1996 के रिव्यू के लिए जारी कंसल्टिंग पेपर पर फीडबैक देने की डेडलाइन एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। अब निवेशक फंड हाउस और अन्य हितधारक 24 नवंबर तक म्युचुअल फंड नियमों में प्रस्तावित सुधारों पर राय दे सकते हैं। पहले यह डेडलाइन 17 नवंबर थी।

बता दें सेबी ने 28 अक्टूबर को इस कंसल्टिंग पेपर को जारी किया था।

इसमें सेबी ने एग्जिट लोड में बदलाव, टोटल एक्सपेंस रेश्यो में सुधार, ब्रोकरेज चार्ज कम करने और निवेशकों के लिए पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई अन्य बदलावों का प्रस्ताव रखा।

टोटल एक्सपेंस रेश्यो किसी म्युचुअल फंड स्कीम को चलाने की कुल लागत होती है, जिसमें मैनेजमेंट फीस, ऑपरेशन खर्च और कुछ सरकारी फीस शामिल होती है। यह सीधे निवेशकों के रिटर्न पर असर करती है, जितना ज्यादा टीईआर होगा, फंड के मुनाफे में कटौती भी उतनी ही ज्यादा होगी।

स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट की हेड ऑफ वेल्थ ने कहा कि सेबी के कंसल्टेशन पेपर में टोटल एक्सपेंस रेशियो में कटौती का प्रस्ताव मुख्य रूप से म्युचुअल फंड निवेशकों के लिए पॉजिटिव बदलाव लाएगा, क्योंकि इससे निवेश की लागत कम होगी और फीस स्ट्रक्चर में पारदर्शिता बढ़ेगी। प्रस्तावित नए फ्रेमवर्क के तहत, सेबी उन अतिरिक्त पांच बेसिस प्वाइंट फीस को खत्म करने की योजना बना रहा है, जिसे अब तक एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को सभी म्युचुअल फंड स्कीम्स पर लगाने की अनुमति थी। यह अतिरिक्त खर्च 2012 में इसलिए जोड़ा गया था ताकि एग्जिट लोड को वापस स्कीम्स में क्रेडिट करने के असर की भरपाई की जा सके। 2018 में इसे 20 बीपीएस से घटाकर 5 बीपीएस कर दिया था। अब सेबी इसे पूरी तरह हटाना चाहता है ताकि निवेशकों की लागत कम हो सके।

# हुंडई ने प्रीमियम एसयूपी टक्सन का भारत में प्रोडक्शन किया बंद



**▶▶ सीमित ग्राहक और ऊंची कीमत से इसकी बिक्री नहीं बढ़ी**

**नई दिल्ली**

हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी प्रीमियम एसयूपी टक्सन का भारत में प्रोडक्शन बंद कर दिया है। लंबे समय से कंपनी की फ्लैगशिप आईसीई लाइनअप का हिस्सा रही यह 5-सीटर एसयूवी तकनीक, सुरक्षा और डिजाइन के मामले में बेहद उन्नत मानी जाती थी। 27.32 लाख से 33.64 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत के बावजूद यह अपने सेगमेंट में मजबूत पहचान बना चुकी थी, लेकिन सीमित ग्राहक वर्ग और ऊंची कीमत के चलते इसकी बिक्री नहीं बढ़ सकी। कंपनी ने पुष्टि की कि टक्सन अब भारतीय बाजार में उपलब्ध नहीं होगी, हालांकि मौजूदा ग्राहकों को सर्विस और आफ्टर-सेल्स सपोर्ट मिलता रहेगा। बता दें अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच सिर्फ 450 यूनिट्स की बिक्री ने यह साफ कर दिया कि 25 लाख रुपए से ऊपर की 5-सीटर एसयूवी की मांग बेहद कम है, जबकि इसी रेंज में 7-सीटर गाड़ियों की लोकप्रियता ज्यादा है।

पूरी तरह आयात होकर चेन्नई प्लांट में असेंबल किए जाने के कारण भी टक्सन की कीमत प्रतिस्पर्धियों की तुलना में ज्यादा रही। जीएसटी दरों में कटौती के बाद एसयूवी करीब 2.40 लाख रुपए तक सस्ती जरूर हुई, लेकिन इसका बिक्री पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। कंपनी की वर्तमान एसयूवी लाइनअप में एक्सटर, वेन्यू, क्रेटा और अल्कजार शामिल हैं, जिनमें वेन्यू और क्रेटा लगातार टॉप-सेलिंग मॉडल बने हुए हैं। टक्सन भारत एनसीएपी में 5-स्टार रेटिंग पाने वाली हुंडई की अकेली एसयूवी कार थी, फिर भी बाजार की मांग इसके पक्ष में नहीं रही। हुंडई ने कहा कि भारत उसके लिए बेहद अहम बाजार है और आने वाले सालों में वह 45,000 करोड़ रुपस निवेश कर 26 नए मॉडल लॉन्च करेगी, जिनमें पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड, इलेक्ट्रिक और सीएनजी विकल्प शामिल होंगे।

# 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के असर का आंकलन करने बीओटी की बैठक 25 को

**▶▶ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे बैठक की अध्यक्षता**

**नई दिल्ली**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार नीति के शीर्ष सलाहकार निकाय व्यापार बोर्ड (बीओटी) की 25 नवंबर को बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सरकार निर्यात पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के प्रतिकूल असर का आकलन करना चाहती है। व्यापार बोर्ड की बैठक एक साल से ज्यादा के अंतराल पर होगी। बैठक में निर्यात प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों जैसे लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार, अनुपालन लागत में कमी, उभरते मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाना, बाजार विविधीकरण और 'निर्यात केंद्र के रूप में जिले को मजबूत' करने और आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श हो सकता है।

मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी ने नाम छापने की शर्त पर बताया कि चर्चा में डिजिटल प्रणालियों के जरिए व्यापार सुगमता बढ़ाने, तेज मंजूरी और निर्यात प्रक्रियाओं में ज्यादा पारदर्शिता लाने पर भी चर्चा होगी।



बैठक में मिली जानकारी 2030 तक 2 लाख करोड़ डॉलर के वस्तु और सेवा निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के सरकार के व्यापक लक्ष्य में सहायक होगी।

# विभाग बंटवारे पर नीतीश का मंथन, सीएम हाउस में मीटिंग

## सम्राट चौधरी से 50 मिनट की मुलाकात; ललन सिंह-संजय झा, विजय चौधरी से डेढ़ घंटे चर्चा






**पटना।** बिहार में फिर एकबार नीतीश कुमार की सरकार बनी हैं। गुरुवार को हुए शपथ ग्रहण के बाद आज शुक्रवार को नई सरकार में विभागों का बंटवारा होने जा रहा है। बीजेपी के मंत्रियों के विभागों की लिस्ट लेकर सम्राट चौधरी उट हाउस पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब 50 मिनट तक बात हुई। सूत्रों के मुताबिक, सम्राट चौधरी ने बीजेपी के मंत्रियों के विभागों की सूची मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंप दी है इस के बाद जदयू की ओर से किन मंत्रियों को कौन-कौन से विभाग मिलने हैं, इस पर नीतीश कुमार के साथ सभी बड़े नेताओं की अहम बैठक हुई। करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में बीजेपी की ओर से जिन विभागों की मांग की गई है, उन पर भी फाइनल बातचीत हुई है। बैठक में ललन सिंह, संजय झा और विजय कुमार चौधरी शामिल हुए।संभावना है कि दोपहर के बाद किसी भी समय विभागों के बंटवारा की लिस्ट जारी कर दी जाएगी।सूत्रों की मानें तो हमेशा की तरह गृह विभाग सीएम अपने पास रखेंगे। वहीं सम्राट चौधरी पहले की तरह वित्त मंत्रालय संभालेंगे। इंटरनेशनल शूटर और पहली बार मंत्री बनीं श्रेयसी सिंह को खेल विभाग का जिम्मा मिल सकता है। जबकि जदयू कोटे के मंत्रियों के पास पुराने विभाग फिर से रह सकते हैं।विभाग बंटवारे के बाद नई कैबिनेट की पहली बैठक होगी। जिसमें 18वीं विधानसभा के पहले सत्र की तारीख तय होगी और इस पर मुहर लग सकती है। सरकार गठन के बाद मंत्रियों की यह पहली औपचारिक बैठक होगी, कई अहम फैसले लिए जाने की संभावना है। सीएम नीतीश कुमार थोड़ी देर में कार्यकताओं से मिलेंगे। इसको लेकर सीएम हाउस के बाहर कार्यकताओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है।परिवारवाद के आरोप पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव अपने परिवार को सम्मान नहीं कर सकते, अपनी बेटी-बहू का सम्मान नहीं कर सकते. तो राज्य की जनता उनका सम्मान कैसे करेगी। इसी में उनकी पार्टी का सूपड़ा साफ हुआ है। राहुल गांधी हो या तेजस्वी हो इस बात को समझना चाहिए, जिस ढंग से लालू जी की बच्ची और बहू उनके ऊपर बदसलुकी का आरोप लगाया मारपीट का आरोप लगाया यह दुर्भाग्यपूर्ण है और बिहार की जनता का इससे अपमानित हुआ है। बंगाल में रक्फ़ को लेकर के गिरिराज सिंह ने कहा कि बंगाल में रक्फ़ होगा। बंगाल से बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान को निकाला जाएगा। ममता दीदी अब बचा नहीं पाएंगे बंगाल को बांग्लादेश नहीं हम बनने देंगे. बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार हुई है। कांग्रेस ने मात्र 6 सीट जीती। कांग्रेस की वर्तमान व्यवस्था से नाराज कांग्रेसी आज सदाकत आश्रम में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इन नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के इस्तीफा की मांग की है। इन नेताओं ने दोनों पर बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बेचने का आरोप लगाया था। नई सरकार के गठन के बाद आज विभागों का बंटवारा होना है। इससे पहले आज एलजेपी (रामविलास) चीफ चिराग पासवान ने पीसी की है। चिराग पासवान ने कहा कि साल 2009 पार्टी के लिए सबसे कठिन समय था, लेकिन 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में लोजपा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।इस बार विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। चिराग पासवान ने कहा कि पिता के निधन के बाद भी मैं अकेले चुनाव लड़ने के फैसले पर अडिग रहा।घोषणा की कि 28 नवंबर को पार्टी का स्थापना दिवस पटना में भव्य रूप से मनाया जाएगा। साथ ही, जनवरी में खरमास समाप्त होने के बाद पार्टी पूरे बिहार की यात्रा शुरू करेगी, जिसमें राज्य की छोटी-छोटी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चिराग पासवान ने आगे कहा कि दलित सेना का पुनर्गठन किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी अरुण भारती को सौंपी गई है।नीतीश कैबिनेट के 26 मंत्रियों में से 3 महिलाएं हैं। हिस्सेदारी के हिसाब से नीतीश कैबिनेट में महिलाओं की भागीदारी 11 फीसदी है। लेसी सिंह, रमा निषाद और श्रेयसी सिंह को कैबिनेट में जगह मिली है।नीतीश कुमार ने लेसी सिंह पर फिर भरोसा जताया है। धमदाहा से 6 बार की विधायक लेसी सिंह पिछली सरकार में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री थीं। इस बार उन्होंने राजद के संतोष यादव को 55 हजार से ज्यादा वोटों से मात दी है।बीजेपी से जुड़ी रमा निषाद चैनपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनी हैं। वे निषाद समुदाय से आती हैं, जो बिहार के पिछड़े वर्गों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आरजेडी के बृज किशोर बिंद को 8,362 वोटों से हराया।श्रेयसी सिंह को पहली बार कैबिनेट में जगह मिली है। जमुई सीट से बीजेपी विधायक हैं और नेशनल लेवल की शूटर हैं। श्रेयसी ने 2018 के कॉमन वेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग चैंपियन रह चुकीं श्रेयसी की छवि साफ-सुथरी और दमदार मानी जाती है। युवा और महिला चेहरा होने के कारण भाजपा ने उन्हें जिम्मेदारी दी है।

## मानदेय कटौती के विरोध में सफाई कर्मियों ने नप कार्यालय में जड़ा ताला



**हिलसा। पीएफ एवं मानदेय में एजेंसी द्वारा मनमानी ढंग से कटौती किए जाने के विरोध में नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने गुरुवार से बेमियादी हड़ताल शुरू कर दिया है। आरोप है कि सफाई एजेंसी पिछले आठ महीनों से लेबर, ड्राइवर और सुपरवाइजरों के पीएफ की राशि काट रही है। इसी को लेकर नाराज कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय में ताला जड़ दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे रवि डोम, अशोक डोम, सुनील डोम, छोटू डोम, बबन डोम, सरोज देवी, गुड्डी देवी, गीता देवी, बसंती देवी, सनी कुमार, रवि रंजन कुमार, पंकज कुमार, टिंकू कुमार, राहुल कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने बताया कि एजेंसी द्वारा लेबर, ड्राइवर और सुपरवाइजर के पीएफ तथा मानदेय भुगतान में भारी अनियमितता की जा रही है। किसी की 39, 38 और 35 दिन की ड्यूटी होने के बावजूद भुगतान केवल 26 दिन का ही किया जाता है। इससे नाराज होकर सभी सफाई कर्मी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। गुरुवार को दिनभर एजेंसी और नगर परिषद के पदाधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण शाम में नगर परिषद कार्यालय में ताला जड़ दिया गया। हड़ताल पर गए कर्मियों ने कहा कि जब तक पीएफ और वेतन कटौती की समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।**

## परिजन को मिला 2 लाख का चेक

**हिलसा। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमित फुल कुमारी के निधन के बाद उनके परिजनों को बीमा क्लेम की राशि सौंपी गई। यह राशि बिहार ग्रामीण बैंक, हिलसा शाखा द्वारा जारी की गई है। जानकारी के अनुसार छोटी घोषी गांव निवासी फुल कुमारी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति का बीमा लिया था।**

**जिसका वार्षिक प्रीमियम 436 था। उनका निधन 6 अगस्त 2025 को बीमारी के कारण हो गया था।**

## बॉलीवुड एक्टर नील नितिन मुकेश बोले-पटना वाले बहुत मिलनसार हैं




**पटना।** के होटल पनाश में बॉलीवुड एक्टर नील नितिन मुकेश और खान सर पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ने स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स का उद्घाटन किया।साथ ही ईस्ट इंडिया चैप्टर मैगजीन 2025 के तीसरे संस्करण का विमोचन भी हुआ। इस दौरान बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश ने कहा, 'पटना आकर मुझे बहुत अच्छा लगा, यहां के लोग मिलनसार हैं'। 'मैं सभी प्रतिभागियों को सम्मान अपने हाथों से देकर गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पटना की संस्कृति और इतिहास बहुत ही समृद्ध है, और यहां के लोगों का स्वागत करने का तरीका अद्वितीय है'।खान सर बोले- पूर्वी भारत की प्रतिभा, प्रेरणा का नया मंच हैवहीं, खान सर ने कहा, 'स्टार्ज ऑफ इंडिया मैगजीन का विमोचन किया है, जिसके संपादक अमृता राय वर्मा और श्रीधर वर्मा हैं। मैं सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स पूर्वी भारत की प्रतिभा, प्रेरणा और गौरव का एक भव्य मंच बनकर उभर रहा है'।वहीं, अमृता राय वर्मा ने कहा, 'यह आयोजन पूर्वी भारत की प्रतिभा को पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है'। अमृता राय ने खान सर और नील नितिन मुकेश का धन्यवाद भी किया।प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिनमें फ़ख़ अंजलि, RJ शशि, सैयद साहेब अली (मटरगश्ती), Wow Vidushi, JP यादव, आर्यन बाबू, संजय भूषण पटियाला, अंशुमन सिन्हा, शारदा सिन्हा सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल थे। मौके पर मौजूद बिहार के भोजपुरी गायक आर्यन बाबू ने कहा, 'यह आयोजन पटना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। यहां के लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है, और हमें गर्व है कि हम इस आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं'। उपस्थित आयोजक श्रीधर वर्मा ने कहा, 'मैं इस आयोजन में भाग लेने आये सभी लोगों का स्वागत करता हूं। यहां के लोगों की ऊर्जा और उत्साह बहुत ही प्रेरणादायक है।₹ स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स का आयोजन पूर्वी भारत की प्रतिभा को पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है'।

## नालंदा में 29 नवंबर तक होगी लोन वसूली




**नालंदा।**अल्पसंख्यक समुदाय के लिए चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत बढ़ते बकाये को देखते हुए बिहार सरकार ने सख्ती बरतने का फैसला किया है। नालंदा में 24 से 29 नवंबर तक एक विशेष ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डिफाल्टरों से बकाया राशि वसूलने की कोशिश की जाएगी। बिहार स्टेट माइनॉरिटीज फाइनेंशियल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से जारी आंकड़े चौंकाने वाले हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2012-13 से लेकर 2022-23 तक नालंदा में कुल 327 लोगों को मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, शिक्षा ऋण और अन्य योजनाओं के तहत 5 करोड़ 27 लाख 45 हजार रुपए का ऋण वितरित किया गया था।वसूली की धीमी रफ्तार चिंता का विषय विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन ऋणों की वसूली की धीमी गति है। करीब एक दशक की अवधि में वितरित किए गए इतने बड़े ऋण में से अब तक केवल 68 लाख 26 हजार 556 रुपये की ही वसूली हो पाई है। यह कुल ऋण राशि का महज 13 प्रतिशत है, जो विभाग के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। करोड़ों रुपये अभी भी बकाया हैं, जिससे योजना की निरंतरता पर सवालिया निशान लग रहे हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने ऋणियों से अपील की है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं और अपनी बकाया राशि का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि यह उनके हित में होगा कि वे कानूनी पचड़े में पड़ने से पहले ही अपने दायित्व का निर्वहन करें।डिफाल्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी निगम के प्रबंध निदेशक मुमताज आलम ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अब विभाग का रुख बेहद सख्त होगा। उन्होंने एक पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि समय पर ऋण नहीं चुकाने वालों से बकाया राशि के साथ-साथ ब्याज और दंड ब्याज भी वसूला जाएगा।विभाग ने चेतावनी दी है कि इस विशेष वसूली शिविर में जो लोग अपने बकाया ऋण का भुगतान नहीं करेंगे, उनका कोई भी स्पष्टीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# मौन उपवास के बाद फूटा पीके का गुस्सा, बोले- वोट खरीदे गए, वादे अधूरे रहे



**बेतिया।** के भितिहरवा गांधी आश्रम में एक दिवसीय मौन उपवास समाप्त करते ही प्रशांत किशोर (पीके) ने बिहार सरकार, नीतीश कैबिनेट और भाजपा पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पैसे के दम पर प्रभावित किया गया और मतदाताओं तक को 10,000 रुपये तक देकर वोट खरीदे गए। पीके ने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ कई प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल रहे। उनके अनुसार, यह चुनाव खरीद-फरोख्त का खेल साबित हुआ और परिणाम ह्यअनैतिक जीत की श्रेणी में आते हैं।पीके ने दावा किया कि राज्य की जनता को समझना चाहिए कि उनका वोट खरीदा गया है और अब सरकार अपने मन मुताबिक फैसले लेगी, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार महिलाओं को 2-2 लाख रुपये देने के वादे को छह महीने में पूरा नहीं करती, तो वे संबंधित हर मंत्री और अधिकारी का व्यक्तिगत स्तर पर घेराव करेंगे।

जनसुराज अभियान के लिए जनता से आर्थिक सहयोग की अपील

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले तीन वर्षों में जनसुराज अभियान पर भारी खर्च हुआ है, जिससे उनकी व्यक्तिगत कमाई लगभग समाप्त हो चुकी है। पहली बार उन्होंने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि वे बिहार के हर व्यक्ति से साल में 1,000 रुपये का सहयोग मांगेंगे। पीके ने कहा कि जो चाहे इससे अधिक राशि भी दे सकता है, क्योंकि बिहार का बदलाव जनता के हाथों में है। उन्होंने बताया कि आने वाले पांच वर्षों में वे अपनी कुल आय का 90% जनसुराज आंदोलन में लगाएंगे और लगभग अपनी पूरी संपत्ति इसी अभियान को समर्पित कर रहे हैं, दिल्ली स्थित एक फ्लैट को छोड़कर। नई कैबिनेट पर गंभीर आरोपनीतीश कुमार की नई कैबिनेट पर पीके ने आरोप लगाया कि इसमें ऐसे लोगों को शामिल किया गया है, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और कुछ मंत्री अत्यंत कमजोर शैक्षणिक योग्यता के बावजूद वंशवाद के आधार पर पद पाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलकर यह संदेश दे दिया है कि हमने वोट खरीदे हैं, अब बिहार पर अपनी मर्जी चलाएंगे। पीके के अनुसार, यह बिहार के घाव पर नमक छिड़कने जैसा कदम है।

नए चरण का एलान- हर वार्ड में पहुंचेंगे पीकेअपने आंदोलन के अगले चरण की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि 15 जनवरी 2026 से वे बिहार के सभी 1,18,000 वार्डों में जाएंगे। यह कार्यक्रम बिहार नवनिर्माण संकल्प अभियान के नाम से चलेगा, जिसमें हर वार्ड में जन-संवाद, पंचायत रिपोर्ट, वादों की समीक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। पीके ने कहा कि बिहार का नवनिर्माण गांवों से शुरू होगा और गांधी जी की प्रेरणा से यह संघर्ष फिर गति पकड़ रहा है। गांधी आश्रम का प्रतीकात्मक संदेश राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, भितिहरवा गांधी आश्रम का चयन प्रतीकात्मक था, जहां महात्मा गांधी ने बेतिया आंदोलन की नींव रखी थी। यह गांधीवादी संघर्ष की वैचारिक पुनर्स्थापना का संकेत देता है और दर्शाता है कि पीके अब इस आंदोलन को जनांदोलन के रूप में खड़ा करने की तैयारी में हैं। जानकारों का मानना है कि यह उपवास और प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रशांत किशोर के आंदोलन का एक तरह से री-लॉन्च है। जनता से आर्थिक सहयोग मांगना और अपनी संपत्ति आंदोलन के लिए दान करना राजनीतिक सक्रियता का नया मॉडल माना जा रहा है। आने वाले महीनों में गांव-गांव चलने वाले अभियान से यह तय होगा कि बिहार की राजनीति में पीके की वापसी कितनी प्रभावी होगी।

## संक्षिप्त डायरी

### हिलसा में युवक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार



**नालंदा।** जिले के हिलसा अनुमंडल के थरथरी थाना क्षेत्र में देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार युवक को न्यायिक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी बुधवार देर रात अमेरा पंचायत के दिरीपर गांव में हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान थरथरी थाना क्षेत्र के अतवल बिगहा गांव निवासी काजू कुमार उर्फ रंजन के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, दिरीपर गांव में काजू कुमार की बाइक से एक बच्ची को हल्की चोट लग गई थी। इसी बात को लेकर बाइक चालक और स्थानीय लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया। घटना के बाद काजू कुमार धमकी देते हुए अपने गांव लौट गया था। देर शाम वह अपने कुछ समर्थकों के साथ दोबारा दिरीपर गांव पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि उसके पास एक लोडेड देसी पिस्तौल थी। आरोप है कि गांव में प्रवेश करने से पहले उसने हवाई फायरिंग भी की। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और तुरंत थरथरी थाना पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि युवक को लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार न्यायिक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दुल्हिन बाजार वार्ड 10 में जलजमाव की समस्या



**पटना।** जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड की सेलहौरी-बेलहौरी पंचायत के वार्ड संख्या 10 में गंभीर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। लंबे समय से पानी जमा होने के कारण स्थानीय निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है। वार्ड में स्थित अस्पताल और स्कूल तक पहुंचने में मरीजों और बच्चों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। गांव के मुख्य मार्गों और गलियों में पानी भर जाने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गंदे पानी और कीचड़ के कारण रास्ते फिसलन भरे हो गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को विशेष परेशानी हो रही है, उन्हें अक्सर गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी रोजाना जलजमाव वाले रास्तों से गुजरना पड़ता है। अभिभावक बच्चों के फिसलने या गंदे पानी से बीमार पड़ने की आशंका को लेकर चिंतित हैं। लगातार जमा पानी के कारण क्षेत्र में मच्छरों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण थोड़ी सी बारिश भी बड़े संकट में बदल जाती है। उत्तम कुमार, अरुण कुमार, सुजीत कुमार और अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

### बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा ने दिया इस्तीफा




**पटना।** बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी नाराजगी है कि अब तक जितने भी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बनी है उन्हें चुनाव में टिकट दिया गया, मगर उन्हें टिकट नहीं मिला है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम पर तंज कसते हुए कहा कि भीड़ जुटाने के लिए महिलाएं चाहिए, मगर कुर्सी पर महिलाएं नहीं चाहिए। आज बिहार कांग्रेस विधान परिषद और विधानसभा में महिला विहीन हो गई है। 60 सीट में सिर्फ 5 महिलाओं को ही टिकट सरवत ने कहा कि चुनाव में महिलाओं को मात्र 8% प्रतिनिधित्व दिया गया। 60 सीट पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा, जिसमें सिर्फ 5 महिलाओं को ही टिकट दिया गया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते यह परिणाम मेरे लिए अत्यंत निराशाजनक रहा और मैं स्वयं को नैतिक रूप से उत्तरदायी मानती हूं। एक जिम्मेदार पद पर रहते हुए में इस वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं कर सकती। महिला नेतृत्व और उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का जो उद्देश्य हम सभी लेकर चले थे, वह इस बार पूरा नहीं हो सका। मेरे त्यागपत्र का यह मुख्य कारण है। वर्तमान महिला अध्यक्ष को नहीं मिला टिकट उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा नारी न्याय, आधी आबादी, पूरा हक और महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने की बात बड़े दृढ़ता से उठाई है। परंपरागत रूप से, बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षों को विधानसभा टिकट दिया जाता रहा है। किन्तु इस बार वर्तमान महिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी मुझे टिकट नहीं दिया गया। मैं अल्पसंख्यक समुदाय से हूं और इस बार मुझे टिकट न देकर इस परंपरा से अलग निर्णय लिया गया। भीड़ जुटाने के लिए महिलाएं चाहिए मगर कुर्सी पर महिलाएं नहीं चाहिए सरवत जहां फातिमा ने कहा कि जब मैंने इस बारे में अपने प्रभारी से बातचीत की तो प्रभारी ने मुझे कहा कि जो महिलाएं जीतने वाली होगी उन्हें टिकट मिलेगा। अब किन्हें वह जीतने लायक मानते हैं, यह तो वही जाने। मगर मैं इतना कहूंगी कि हमारे सभी महिला कार्यकर्ता जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं। कहीं धरना प्रदर्शन हो रहा है तो वहां पर महिलाएं दिखनी चाहिए, किसी जनसभा में भी महिलाओं की मौजूदगी होनी चाहिए।

### महिलाओं की आकांक्षाओं व कौशल के बीच बड़ी खाई

**पटना।** महिला एवं बाल विकास निगम की प्रबंध-निदेशक बंदना प्रेयषी ने कहा कि महिलाओं को पारंपरिक और लैंगिक मानकों से तय भूमिकाओं जैसे सौंदर्य कर्मी या सिलाई से आगे बढ़कर आधुनिक रोजगारों, विशेषकर तकनीक आधारित क्षेत्रों में कदम बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम जिन आकांक्षाओं के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करते हैं, उन्हें साकार करने में हम सफल नहीं हो पाए हैं। कौशल उपलब्ध कराने में बड़ी खाई के कारण महिलाओं के लिए पर्याप्त रोजगार सृजित नहीं हो सके हैं। वे एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री) द्वारा आयोजित हाशिये पर पड़े समूहों के लिए कौशल और आकांक्षा के अंतर को पाटना : विकास की राह विषय पर पैनल चर्चा को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम के आरम्भ में आद्री की सदस्य-सचिव डॉ. अश्मिता गुप्ता ने यूनाइटेड किंगडम की यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग और आद्री द्वारा किए गए संयुक्त शोध अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत की। अध्ययन में बताया गया कि लोगों की आकांक्षाएं, जेंडर और जाति जैसे सामाजिक मापदंड यह निर्धारित करते हैं कि वे कौन-सा काम चुनते हैं।



## राम माधवानी की स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर श्रॉफ की एंट्री

टाइगर श्रॉफ ने अपने एक्शन से इंडस्ट्री में अलग छाप छोड़ी है। उनका यह हुनर उनकी फिल्मों में भी नजर आता है। टाइगर ने बागी फेंजाइजी, हीरोपंती और वॉर के साथ एक्शन का एक एंपायर बनाया है। अब वे एक कदम और आगे बढ़ते हुए एक्शन में नया धमाल करते दिखेंगे। दरअसल, राम माधवानी की आगामी स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर लीड रोल अदा करने वाले हैं, जिसमें उनका धांसू एक्शन अवतार देखने को मिलेगा।

### पारंपरिक एक्शन फिल्मों से अलग होगी यह फिल्म

टाइगर श्रॉफ ने निर्माता-निर्देशक राम माधवानी की आगामी फिल्म साइन की है। यह स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में टाइगर को एक ऐसे अवतार में देखा जाएगा, जैसे वे पहले कभी नजर नहीं आए। महावीर जैन फिल्म्स और राम माधवानी फिल्म्स द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। यह बॉलीवुड की पारंपरिक एक्शन फिल्मों से एक कदम आगे साबित होगी।

### जापान में होगी शूटिंग

राम माधवानी की यह फिल्म सिर्फ भारतीयों को ही नहीं, बल्कि वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर इस फिल्म के लिए तैयारी में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि इसके प्रोडक्शन का एक बड़ा हिस्सा जापान में शूट किया जाएगा।

### बाकी स्टारकास्ट के नाम फाइनल होने बाकी

फिलहाल टाइगर पहले अभिनेता हैं, जो इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। फिल्म के लिए फीमेल लीड और नेगेटिव रोल निभाने के लिए एक्टर की तलाश जारी है। इसके अलावा अन्य सपोर्टिव रोल के लिए भी कास्ट फाइनल होनी बाकी है। टाइगर इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिलहाल राम माधवानी और महावीर जैन, दोनों अपनी-अपनी टीमों के साथ फिल्म के पहले लुक पर काम कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक घोषणा के साथ जल्द ही रिवील किए जाने की उम्मीद है।



## राशा थडानी की लगी लॉटरी

# महेश बाबू के भतीजे संग इश्क फरमाएंगी

**रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने आजाद फिल्म से डेब्यू किया था और अब उन्हें तेलुगू फिल्म मिल गई है। महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के ऑपोसिट उन्हें साइन किया गया है। राशा ने अपना पोस्टर भी शेयर कर दिया है जिसे देख फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है।**



इस साल की शुरुआत में बॉलीवुड अदाकारा रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना सफर शुरू किया। उन्होंने अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से अजय देवगन और उनके भांजे अमन देवगन के साथ एक्टिंग की शुरुआत की। अपने प्यारे हाव-भाव, दमदार डायलॉग डिलीवरी और उई अम्मा गाने पर अपने कातिलाना अंदाज के लिए राशा जल्द ही सेंसेशन बन गई। हाल ही में, वह मुंज्या फेम अभय वर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म लइकी लइका की शूटिंग में व्यस्त हैं। और अब सोमवार की सुबह ही राशा ने अपने तेलुगू डेब्यू की घोषणा की, जिसमें वह सुपरस्टार महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

### राशा थडानी को मिली तेलुगू फिल्म

राशा थडानी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पहली तेलुगू फिल्म की घोषणा की, जिसका टाइटल फिलहाल [illegible] रखा गया है। वह फिल्ममेकर अजय भूपति के साथ काम करेंगी, जिन्होंने [illegible] 100 (2018) का भी निर्देशन किया था। यह फिल्म महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ होगी। जय कृष्णा दिवंगत एक्टर रमेश बाबू के बेटे और दिग्गज अभिनेता कृष्णा के पोते हैं।

## अदिति पोहनकर ने बॉबी देओल के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया



अभिनेत्री अदिति पोहनकर वेब सीरीज आश्रम में बॉबी देओल के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया है। अदिति पोहनकर ने बताया, 'मुझे नहीं पता कि मैं कैसे कहूं कि मुझे अब बॉबी सर की याद आती है। आश्रम में काम करना अद्भुत था। मेरा मतलब है, वह बहुत अच्छे इंसान और अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, 'लगभग तीन साल तक हम सबने साथ में शूटिंग की है। बॉबी सर एक बहुत ही अच्छे और सच्चे इंसान और अभिनेता हैं। मुझे लगता है कि अब वह इस बात को और भी ज्यादा एक्सप्लोर कर रहे हैं।'अभिनेत्री ने आगे बातचीत में कहा, 'एक एक्टर के रूप में, आप बस यही करना चाहते हैं। आप एक ऐसी स्क्रिप्ट चाहते हैं जो कई रंग, कई परतें दिखा सके। मुझे लगता है कि आश्रम से आगे बढ़ने और जिद्दी इश्क जैसी चीज पाने की जरूरत थी। मुझे लगता है यह कुछ ऐसा था, जिसका मैं इंतजार कर रही थी, क्योंकि यह सीरीज उस लड़की की एक बहुत ही अलग, मासूम, युवा और कमजोर परिदृश्य को दर्शाती है।'

## नेपोटिज्म से डेब्यू मिलता है सफलता नहीं



करीना कपूर खान अक्सर अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। करीना जो कि खुद एक स्टार किड हैं लेकिन उन्होंने बॉलीवुड नेपोटिज्म के बारे में खुलकर अपनी राय साझा की है। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में बरखा दत्त के शो वी द वीमेन के एक डिस्कशन में शामिल हुईं। यहां पर उन्होंने अपने प्रिविलेज पोजीशन पर बात की और बताया कि इंडस्ट्री में सर्वाइव करने के लिए कुछ चीजें जरूरी होती हैं। नेपोटिज्म के मुद्दे को एड्रेस करते हुए एक्ट्रेस ने कहा- 'नेपोटिज्म आपको डेब्यू दिलाने में मदद कर सकता है, लेकिन ये लंबे करियर की गारंटी नहीं देता है। ऑडियंस की एक्सेप्टेन्स आपका करियर तय करता है, ना कि आपका फैमिली नेम।' वहीं, राजकपूर के पोता और डाइनिंग विद द कपूर्स के क्रिएटर अदार जैन ने इसी मुद्दे पर बात करते हुए कहा- 'लोग नेपोटिज्म के बारे में बात करते हैं, लेकिन मुझे इससे कोई फायदा नहीं हुआ है। हां, मैं राज कपूर का पोता हूं और करीना व रणबीर कपूर का रिश्तेदार हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं हर साल 50 फिल्मों में काम करूंगा या लगातार ब्रांड पार्टनरशिप और एड हासिल करूंगा। दुर्भाग्य से, इस सेंस में, मैं नेपोटिज्म का प्रोडक्ट नहीं रहा हूं।' करीना की वर्कफ्रंट करें तो उन्हें आखिरी बार साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। पिछले साल उनकी द बकिंघम मर्डर्स और क्रू जैसी दो और फिल्में भी रिलीज हुई थीं। जल्द ही वो नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री डाइनिंग विथ द कपूर्स में दिखाई देंगी। यह डॉक्यूमेंट्री कपूर खानदान की फैमिली बॉन्डिंग और उनके खाने की विरासत को दिखाएगी। एक्ट्रेस साल 2026 में मेघना गुलजार की क्राइम ड्रामा फिल्म दायरा में दिखेंगी।



## मनोज बाजपेयी पर बोले जयदीप अहलावत

दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी की अपकमिंग सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन अब रिलीज के लिए तैयार है। ये सीरीज 21 नवंबर को ओटीटी पर दस्तक दे रही है। उससे पहले सीरीज की स्टारकास्ट ने पीटीआई से बात की, जहां एक दूसरे के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। इस सीरीज में इस बार जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं तो उन्हें कैसा लगा इस फ्रेंचाइज से जुड़कर, चलिए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

### मनोज के साथ काम करने पर बोले जयदीप

इंटरव्यू में बात मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर जयदीप ने कहा, मनोज भाई के काम को देखकर बहुत सारे एक्टर्स प्रेरणा ले चुके हैं। उन्होंने बहुत सारा ऐसा काम किया है जहां हर एक परफॉर्मेंस उनकी मास्टरक्लास है। इनको मैंने बताया भी था कि इनका एक डायलॉग है, बहुत लंबा सीन है वो। ये पूरी विधानसभा को संबोधित करते हैं। ये आसान नहीं है क्योंकि बहुत एनर्जी लगती है, लेकिन इन्होंने बहुत आसानी से उसे कर दिया।

### मनोज बाजपेयी ने जयदीप पर क्या कहा?

जयदीप के साथ काम करने के अनुभव पर बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा, बहुत सारे लोग हम उसी रास्ते में एक दूसरे से सीखते रहते हैं। हमारे बीच गुरु शिष्य वाली कोई बात नहीं है।

द फैमिली मैन सीजन 3 श्रीकांत तिवारी के लिए एक नए और पहले से कहीं बड़े खतरे को लेकर आने वाला है। इस बार मुश्किलें सिर्फ देश पर ही नहीं, बल्कि उसके परिवार तक भी पहुंचने वाली हैं। श्रीकांत को उच्च-स्तरीय मिशनों के बीच अपने घरवालों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभालनी होगी। आने वाले सीजन में दो नए और बेहद शक्तिशाली विलेन एंट्री करने वाले हैं- जयदीप अहलावत (रुक्मा) और निमरत कौर। दोनों किरदार श्रीकांत की राह और कठिन बनाते दिखाई देंगे। उनकी वजह से कहानी और गहरी, भावनात्मक और रोमांचक मोड़ लेने वाली है। फैमिली मैन सीजन 3 का ट्रेलर कुछ दिन पहले जारी किए गए द फैमिली मैन सीजन 3 के ट्रेलर में भरपूर एक्शन, सस्पेंस और मज़ेदार संवादों की झलक देखने को मिली। श्रीकांत तिवारी एक बार फिर अपने पुराने अंदाज़ में लौट आए हैं और दर्शकों को धमाकेदार मनोरंजन देने का वादा कर रहे हैं।



# मस्ती 4 मेरे लिए टैलेंट दिखाने का अच्छा मौका है



**एक्ट्रेस रुही सिंह की फिल्म 'मस्ती 4' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। खास बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि 'मस्ती 4' में प्रोड्यूसर इंद्र कुमार और डायरेक्टर मिलाप जावेरी जैसी टीम के साथ काम करना उनके लिए सपना सच होने जैसा था। यूके में हुई शूटिंग के अनुभव से लेकर कॉमेडी किरदार की तैयारी तक, हर कदम उनके लिए सीखने का मौका था। अपने माता-पिता, खासकर पिता के साथ गहरे रिश्ते को वह अपनी ताकत मानती हैं।**

**मस्ती 4 आपके लिए बड़ा मौका रहा। कैसे मिला और अनुभव कैसा रहा?**
जब फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं बहुत खुश हुई क्योंकि इसे इंदु जी (इंद्र कुमार) बना रहे हैं और मिलाप जावेरी डायरेक्टर हैं। स्टार कास्ट भी शानदार है। मुझे लगा यह मेरे टैलेंट दिखाने का अच्छा मौका है। शूटिंग यूके में हुई, और मैंने अपने रोल के लिए खूब तैयारी की। यह अनुभव मेरे लिए बहुत खास रहा।

**आपने किरदार के लिए क्या तैयारियां की थीं?**
यह एक कॉमेडी फिल्म है, इसलिए मैं चाहती थी कि मेरा अभिनय नेचुरल और दिल से हो। मैंने कई कॉमेडी फिल्मों को देखा और अपनी लाइनों पर खास ध्यान दिया कि मैं उसमें कुछ नया और मजेदार जोड़ सकूं। मेरा मानना है कि अगर आप कॉमेडी में कॉन्फिडेंट और आरामदायक होंगे तो एकदम फनी डायलॉग्स आसानी से आ जाते हैं, और मैंने यही अपने किरदार में लाने की कोशिश की।

**आपकी शुरुआत मॉडलिंग और सौंदर्य प्रतियोगिता से हुई। आपने कब सोचा कि इंडस्ट्री में करियर बनाना है? यह ख्याल कहां से आया?**
मुझे बचपन से ही यह चाहत थी कि मैं कुछ बड़ा करूं। मैं जयपुर से हूं। बचपन में मैं स्टेज पर आना और लोगों के सामने नजर आना चाहती थी। मैं डांस और दूसरे कॉम्पिटिशन में हमेशा भाग लेती थी। जहां दूसरों को स्टेज पर डर लगता है, मुझे वहां आने में खुशी मिलती थी। मैं हमेशा बाहर रहना और लोगों के सामने दिखना चाहती थी। मुझे हमेशा मजा आता था और मैंने कभी सोचा नहीं कि लोग क्या सोच रहे हैं। पॉजिटिव सोच के साथ बिना किसी सपोर्ट के मेरी मेहनत रंग लाई और आज मेरे पास 'मस्ती 4' जैसी बड़ी फिल्म है।

**तो आपने और आगे, जैसे मिस वर्ल्ड या मिस यूनिवर्स में हिस्सा क्यों नहीं लिया?**
मैंने तीन बार इंटरनेशनल लेवल पर इंडिया को रिप्रेजेंट किया। मिस मॉडल ऑफ द वर्ल्ड, मिस यूनाइटेड नेशंस चाइना और मियामी में। कई पेजेंट्स कर चुकी हूं, फिर मधुर भंडारकर की फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' फिल्म में काम किया और सोचा, अब काफी हो गया। मेरे लिए पेजेंट्स का मकसद दुनिया देखना और एक्सपोजर पाना था। जयपुर से बाहर निकलकर अलग-अलग लोगों से मिलना चाहती थी। पहली बार विदेश भी इंडिया को रिप्रेजेंट करने ही गई थी, पापा भी साथ गए थे, जो मेरा सपना था।

**मधुर भंडारकर से मुलाकात कैसे हुई थी?**
मैं एक ऑडिशन में गई थी, वहीं मेरी मुलाकात मधुर भंडारकर से हुई। मैंने 'मयूरी चौहान' के लिए ऑडिशन दिया और वह मुझे उसी वक्त चुन लिया। उन्होंने कहा, 'हमें मिल गई मयूरी!' फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' आने के बाद लोग आज भी मुझे मयूरी कहकर याद करते हैं।

**फिल्म कैलेंडर गर्लस रिलीज हुई तो सबसे प्यारा कॉम्प्लीमेंट कौन सा मिला? किससे मिला?**
मेरे पेरेंट्स ने कहा कि मैं स्क्रीन पर बिल्कुल रूही जैसी लग रही थी, जैसे एक्टिंग नहीं की हो। ऑडियंस को भी मेरा काम बहुत पसंद आया। लोग अक्सर मेरी फिल्म की लाइन बोलते थे- 'यह लड़की बहुत आगे जाएगी'यह मुझे सबसे प्यारा कॉम्प्लीमेंट लगा।

**आपको क्यों नहीं फिल्में ऑफर हुई?**
क्योंकि वो फिल्म नहीं चली। लेकिन मैंने पूरी मेहनत की थी और मधुर भंडारकर जी जैसे नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य था। फिल्म का चलना या न चलना किस्मत पर निर्भर करता है, किसी के हाथ में नहीं होता।

### मेरी मम्मी मेरी सबसे अच्छी दोस्त और इंस्पिरेशन हैं

मेरे पेरेंट्स का बहुत बड़ा साथ है, खासकर मेरी मम्मी, जो मेरी सबसे अच्छी दोस्त और इंस्पिरेशन हैं। मुझमें एक जिद है कि मैं अपनी मंजिल जरूर पाऊंगी।

स्कूल में लोग कहते हैं कि टॉप पर पहुंचना आसान नहीं होता है, लेकिन मैं मानती हूं कि एक दिन मेरा भी सबसे अच्छा वक्त आएगा।

# एशेज में पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा, कुल 19 विकेट गिरे

**–इंग्लैंड पहली पारी 172, ऑस्ट्रेलिया 123/9**



**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज क्रिकेट सीरीज के का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा और एक ही दिन में कुल 19 विकेट गिरे। मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाज से ऑस्ट्रेलिया ने यहां शुक्रवार से शुरु हुए एशेज क्रिकेट सीरीज के पहले टेस्ट मैच में मेहमान टीम इंग्लैंड को पहली पारी में 172 रनों पर ही आउट कर दिया। स्टार्क ने 7 विकेट लेकर इंग्लैंड टीम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 123 रन बनाए हैं। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समया नाथन लियोन 3 और ब्रैंडन डॉगेट 0 पर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही। ऑस्ट्रेलिया ने वेदराल्ड के साथ ओपनिंग के लिए उस्मान ख्वाजा की जगह मार्नस लाबुशेन को भेजा था। डेब्यू कर रहे वेदराल्ड खाता खोले बिना आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया।

दूसरा विकेट मार्नस लाबुशेन (9) का गिरा। आर्चर ने उन्हें बोल्ड किया। कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ भी 17 रन बनाकर आउट हो गये। ब्रायडन कार्स ने उन्हें हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाया। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 2 रन पर पेवेलियन लौटे।

इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। इंग्लैंड की टीम ने शुरुआत में ही सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का विकेट खो दिया। उस समय तक इंग्लैंड का एक भी रन नहीं था। इसके बाद ओली पोप ने बेन डकेट के साथ मिलकर 34 गेंदों में 33 रन बनाये पर डकेट 20 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद स्टार बल्लेबाज जो रूट भी खाता खोले बिना ही स्टार्क का शिकार बने।

टीम ने 39 रनों पर ही अपने तीन विकेट खो दिये थे ये सभी विकेट स्टार्क ने अपने नाम किए थे। इसके बाद ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। ओली पोप 58 गेंदों में 4 चौकों के साथ 46 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड की टीम ने लंच तक 105 रनों पर ही चार विकेट खो दिये।

इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स ने हैरी ब्रूक के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन बनाये, वहीं स्टोक्स के आउट होने के बाद जैमी स्मिथ ने ब्रूक के साथ मिलकर 30 गेंदों में 45 रन बनाये। ब्रूक ने 61 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन बनाए, जबकि जेमी स्मिथ ने 33 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क ने 12.5 ओवरों में 58 रन देकर 7 विकेट लिए। स्टार्क की गेंदबाजी के साथ अंग्रेज बल्लेबाज बेबस दिखे। इसका अंदाजा इसी से होता है कि स्टार्क के चार ओवरों में एक भी रन नहीं बना। जबकि अपना पहला ही मैच खेल रहे ब्रेंडन डोगेट ने दो विकेट लिए। वहीं एक विकेट इस मैच से वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को मिला।

# लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में पहुंचे, हमवतन आयुष शेट्टी को हराया



**सिडनी (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां हमवतन भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था।

सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली, जो कुछ ही देर में 15-7 हो गई और शेट्टी की चुनौती कमजोर पड़ गई। प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत के गुरुवार को बाहर हो जाने के बाद सेन पुरुष एकल में अब एकमात्र भारतीय बचे हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी।

# स्टार्क एशेज में 100 विकेट लेने वाले बांए हाथ के पहले गेंदबाज बने

**–रुट को आउट करने के साथ ही हासिल की अहम उपलब्धि**



**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हुई एशेज टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में सात विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही स्टार्क एशेज में 100 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के पहले गेंदबाज बन गये हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती स्पेल में ही स्टार्क ने घातक गेंदबाजी करते हुए जैक क्रॉली, बेन डकेट और जो रूट को पेवेलियन भेज दिया। स्टाक ने क्रॉली को शून्य पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद डकेट का भी विकेट लिया। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज रूट भी उनसे बच नहीं पाये और अपना खाता भी नहीं खोल सके। रुट स्टार्क की गेंद पर मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच हुए। इसी के साथ ही स्टार्क ने एशेज में अपना 100वां विकेट लिया। वह ऐसा करने वाले 21वें गेंदबाज रहे हैं।

पहले सत्र में ही स्टार्क ने 8 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट ले लिए। उनका 45.03 का स्ट्राइक रेट उन्हें सबसे बेहतर गेंदबाज़ बनाता है। साल 2013 में एशेज में डेब्यू के बाद से ही स्टार्क ने 23 टेस्ट में 26.77 के औसत से विकेट लिए हैं। एशेज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दिग्गज स्पिनर शेन वार्न पहले नंबर पर हैं। वॉर्न के नाम 195 विकेट हैं। वहीं ग्लेन मैक्ग्रा के 157 वह स्टुअर्ट ब्रॉड के 153 विकेट हैं। एशेज में 100 विकेट लेने वाले वह ऑस्ट्रेलिया के 13वें गेंदबाज बने हैं।.

पैट कमिंस और चोटिल जोश हेजलवुड के बाहर होने से गेंदबाजी की कमान संभाल रहे स्टार्क ने मेहमान टीम के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। स्टार्क के पास इस मैच में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वसीम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। अकरम ने, अब तक सबसे ज्यादा 414 टेस्ट विकेट लिए हैं।

# ऋषभ की कप्तानी में दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज बराबर करने उतरेगी भारतीय टीम



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय टीम शनिवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बराबरी के इरादे से उतरेगी। सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वह इसमें 0-1 से पीछे है। भारतीय टीम अगर ये मैच भी हारती है तो दो मैचों की ये सीरीज उसके हाथों से निकल जाएगी। नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न होने से इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में टीम की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे। ऋषभ के कप्तानी कौशल की इस मैच में परीक्षा होगी। शुभमन के बार होने से इस मैच में उनकी जगह साई सुदर्शन को शामिल किया जा सकता है। वहीं अक्षर पटेल की जगह पर नीतिश रेड्डी को अवसर मिल सकता है। पहले मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये थे। ऐसे में इस मैच में बल्लेबाजों पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए भी ये मैच अहम होगा क्योंकि उनके कोच बनने के बाद से ही भारतीय टीम अपनी धरती पर अधिकतर टेस्ट हारी है। इससे पिछले तीन दशकों से घरेलू मैदान पर खेलते हुए भारतीय टीमों की अपराजेय रहने की छवि को धक्का लगा है। पिछले साल भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं इस बार दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर उसके लिए पहेली बने हुए हैं। भारतीय बल्लेबाजों की स्पिनरों से निपटने की तकनीक कमजोर नजर आ रही है। इससे भी बल्लेबाजों का मनोबल गिरा है और वे बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं।

इन कठिन हालातों में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने जा रहे ऋषभ की राह आसान नहीं है। उन्हें अच्छी तरह पता होगा कि लाल मिट्टी वाली बारसापारा की पिच पर उनकी और टीम की बल्लेबाजी ही इसको परिणाम तय करेगी।

शुभमन की जगह के लिए सुदर्शन सबसे प्रबल दावेदार लग रहे हैं, हालांकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या पिछले मैच की तरह ही वाशिंगटन सुंदर को इस नंबर पर उतारा जाएगा, यह देखना अभी बाकी है। लाल गेंद की क्रिकेट में कप्तानी में अनुभव की बात करें तो ऋषभ ने साल 2017 में दिल्ली की टीम को रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया था पर कोलकाता में शुभमन के मैदान के बाहर जाने के बाद जिस प्रकार से उन्होंने फैसले लिए थे। उनको लेकर कई सवाल भी उठे हैं।

कोलकाता में तीसरे दिन सुबह मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को उन्होंने गेंदबाजी नहीं दी थी जिससे भी भारत को नुकसान हुआ था। भारतीय टीम में बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर उन्हें शिकार बना सकते हैं। ये तभी हो सकता है जब बीसीसीआई के क्यूरेटर तापोश चटर्जी और आशीष भौमिक गुरुवार को ट्रैक पर नजर आ रही घास को हटा दें। वहीं भारतीय टीम प्रबंधन पिच को लेकर पहले टेस्ट वाली गलती नहीं दोहराना चाहेगा।

अक्षर या कुलदीप यादव की जगह पर इस मैच में नीतिश रेड्डी को जगह मिल सकती है। ऐसे में तीसरा तेज गेंदबाज होने से भारतीय टीम को नमी का लाभ उठाने में मदद मिल सकती है। अगर उनकी गेंदबाजी की जरूरत न हो तब भी दाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण वह विकेट पर उपयोगी साबित हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम इस मैच में जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड बनाना चाहेगी। बावुमा अच्छे फार्म में हैं। इसके अलावा टीम के पास एडेन मार्करम, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को जानसन और केशव महाराज जैसे खिलाड़ी हैं। तेज गेंदबाज कासिगो रबाडा के फिट नहीं होने के कारण तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को इस मैच में शामिल किया जा सकता है।

# टी20 ट्राई सीरीज : जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को 67 रनों से हराया, अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

लाहौर। पाकिस्तान में जारी टी20 ट्राई सीरीज में जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 67 रन से हरा दिया। इसे मैच में जिम्बाब्वे के गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाइ टीम टिक नहीं पायी और 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 95 रनों पर ही आउट हो गयी। इस बड़ी जीत से जिम्बाब्वे का नेट रनरेट अब मेजबान पाकिस्तान टीम से भी अधिक हो गया है। इस जीत से जिम्बाब्वे तीन टीमों की ट्राई सीरीज की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। जिम्बाब्वे और पाकिस्तान दोनो के ही दो-दो अंक हैं पर नेट रनरेट अधिक होने के कारण जिम्बाब्वे पहले नंबर पर है। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय समय तक 20 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाये। वहीं कप्तान सिकंदर रजा 47 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर श्रीलंका की ओर से स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए जबकि एहसान मलिंगा को दो विकेट मिले। जिम्बाब्वे ने इस प्रकार श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया। श्रीलंका के केवल दो बल्लेबाज ही इस मैच में दो अंकों तक पहुंच पाये। कप्तान दासुन शनाका ने 34 जबकि भानुका राजपक्ष ने 11 रन बनाये। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रेड इवांस ने 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रिचर्ड नागरवा ने 2 विकेट लिए।

# शुभमन अचानक ही मुम्बई पहुंचे, विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला से जांच करायेंगे

गुवाहटी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से ठीक पहले अचानक ही मुम्बई पहुंच गये। यहां वह प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दिनशॉ पारदीवाला से जांच करायेंगे। पारदीवाला खेल के दौरान लगी चोटों की सर्जरी में विशेषज्ञ हैं। शुभमन मुम्बई रवाना होने के साथ ही दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। शुभमन को कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में जकड़न आ गयी थी। इसी कारण उन्हें अस्पताल में भी भर्ती किया गया था। माना जा रहा है कि वह भी इस चोट से नहीं उबरे हैं। इसी कारण वह कोलकाता में दूसरी पारी में भी बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे थे। बीसीसीआई ने कहा था कि शुभमन टीम के साथ गुवाहटी जाएंगे पर उनके खेलने पर फैसला उनकी चोट को देखते हुए ही होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन को गुवाहाटी टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है और वह इसी के बाद ही मुंबई के लिए रवाना हो गये। इस कारण वह गुरुवार को अभ्यास के लिए भी नहीं पहुंचे थे। ये भी कहा गया है कि वह अगले दो-तीन दिन मुंबई में आराम करेंगे और फिर विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला से जांच करायेंगे। अभी तक, उन्हें बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेजे जाने की कोई योजना नहीं है। शुभमन के बाहर होने से ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। पहले टेस्ट मैच में भी शुभमन के चोटिल होने के बाद उन्होंने कप्तानी की थी पर वह टीम को हार से नहीं बचा पाये थे।



# राइजिंग स्टार्स एशिया कप: खिताब का सपना टूटा, रोमांचक सेमीफाइनल में बांग्लादेश से हारा भारत



**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत ए का राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में खिताब का सपना उस समय टूट गया जब टीम बांग्लादेश ए के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल में सुपर ओवर में हार के बाद बाहर हो गई। भारत ए ने बांग्लादेश ए से मिले 194 रन के जवाब में इतने ही रन बनाए और मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। भारत ए ने सुपर ओवर में दो विकेट गंवाते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। बांग्लादेश को सुपर ओवर में जीत के लिए मात्र एक रन की जरूरत थी और स्पिनर सुयश शर्मा ने पहली गेंद पर विकेट झटकने के बाद दूसरी गेंद वाइड फेंक दी।

इससे पहले पहले बैटिंग करते हुए हबीबुर रहमान सोहन 46 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। जीशान आलम ने 14 गेंदों पर तेजी से 26 रन बनाए, जबकि एसएम मेहरब ने 18 गेंदों पर छह छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 48 रन बनाकर बांग्लादेश ए को 190 के पार पहुंचाया। यासिर अली ने 9 गेंदों पर नाबाद 17 रन बनाए। इनिंग में आखिरी समय में धमाकेदार बल्लेबाजी देखने को मिली, जिसमें मेहरब और यासिर अली ने आखिरी दो ओवरों में 50 रन बनाए।

मेहरब की पावर-हिटिंग में नमन धीर और विजयकुमार व्यशाक पर कई छक्के शामिल थे, जिसमें एक शानदार रिवर्स-स्वीप और लॉन्ग-ऑन पर फ्लैट पुल शामिल थे, जबकि यासिर अली ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर मोमेंटम बनाए रखा। बांग्लादेश ए ने बीच के ओवरों में रेगुलर विकेट गंवाए। गुरजपनीत सिंह ने जिशान और सोहन को आउट किया, जबकि नमन धीर ने महिदुल इस्लाम अंकोन (1) को आउट किया।

अन्य विकेटों में अकबर अली को हर्ष दुबे ने कैच एंड बोल्ड किया, और अबू हैदर को सुयश शर्मा ने आउट किया। इंडिया ए के गुरजपनीत सिंह ने 4 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए। हर्ष दुबे, सुयश शर्मा, रमनदीप सिंह और नमन धीर ने एक-एक विकेट लिया। विजयकुमार व्यशाक ने अपने 4 ओवर में 51 रन दिए, जो डेथ ओवरों में महंगे साबित हुए।

# स्मृति मंधाना को सिंगर पलाश ने किया प्रपोज, 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगी



नवी मुम्बई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना इसी माह 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगी। इससे पहले मंधाना को उनके मंगेतर व सिंगर पलाश मुच्छल ने डी वाय पाटिल स्टेडियम में प्रपोज़ किया। यह वही स्टेडियम है जिसमें भारतीय महिला टीम ने विश्वकप खिताब जीता था। पलाश द्वारा साझा किये वीडियो में वह स्मृति को पिच के बीच में ले जाते हुए और उन्हें अंगूठी पहनाते दिख रहे हैं। पलाश ने ये वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'उसने हां कह दिया।' इस वीडियो की शुरुआत में पलाश, स्मृति को स्टेडियम के बीच में ले जाते हैं। इस दौरान स्मृति की आंखों में पट्टी बंधी थी। वहीं जब वह आखिरकार आंखों से पट्टी हटाती है तो वह देखती है कि पलाश घुटनों पर बैठकर उसे प्रपोज़ कर रहा है। खुश और भावुक होकर स्मृति इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है। इसके कुछ ही देर बाद स्मृति और पलाश दोनों के दोस्त इस खास अवसर पर जश्न मनाने के लिए पिच के बीच में दौड़ते हैं। इस दौरान पलाश की बहन और सिंगर पलक मुच्छल भी उपस्थित थी। स्मृति और पलाश रविवार, 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस जोड़े को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक बधाई पत्र भेजकर शुभकामनाएं दीं हैं। वहीं स्मृति ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को एक मज़ेदार रील के ज़रिए यह खबर दी, जिसमें उनकी विश्व कप जीतने वाली टीम की साथी जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव सहित कई अन्य लोग भी थे। स्मृति साझा किए गए वीडियो में अपनी सगाई की अंगूठी दिखाती दिखीं। गौरतलब है कि स्मृति और पलाश का रिश्ता काफी लंबा और मज़बूत रहा है, उन्होंने अपने रिश्ते को ज्यादातर निजी रखा है और अपने-अपने करियर में एक-दूसरे का समर्थन किया है। पलाश को इस महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल के दौरान स्मृति और भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाते हुए देखा गया था। स्मृति ने भारतीय टीम की जीत में महत्वूर्ण भूमिका निभाई थी।

# बिग बैश लीग में ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हुई दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेटर




मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग खेल रही दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर लिजेल ली ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हुई हैं।. विकेटकीपिंग में हुई गलती के बाद लिजेल ली पर कई आपत्तिजनका टिप्पणियां की गयीं। होबार्ट हरिकेंस और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच होबार्ट के बेलेरिव ओवल में मुकाबले के दौरान उनपर मोटापे के लिए तंज कसे गये और उनका मजाक उड़ाया गया। यह विवाद हरिकेंस की पारी के 8.3वें ओवर में एक रन-आउट से बढ़ा। स्ट्राइकर्स की बल्लेबाज ब्रिजेट पैटरसन ने लॉरेन स्मिथ की एक गेंद को कवर की ओर खेला और एक रन लेने दौड़ गयीं। वहीं स्टंप के पीछे तैनात लिजेल ली लड़खड़ा गईं और रन आउट नहीं कर पायीं। विकेटकीपिंग में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद लिजेल ली बल्ले से भी विफल रहीं। हालाकि उनकी टीम हरिकेंस 135 रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रहीं। ली ने 2013 में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण किया और 100 एकदिवीसयस, 82 टी-20 और दो टेस्ट मैच खेले, उन्होंने 36.42 की औसत से 3,315 वनडे रन और टी-20 में 1,896 रन बनाए. ली ने 8 जुलाई 2022 को सभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# दूसरे टेस्ट से पहले ऋषभ पंत का बड़ा बयान, एक मैच की कप्तानी आदर्श नहीं

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** गुवाहाटी में शनिवार से शुरू होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के कारण बाहर हो गए, और उनकी जगह टीम की कमान ऋषभ पंत को सौंपी गई है। शानदार फॉर्म में चल रहे पंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में माना कि 'एक मैच की कप्तानी आदर्श स्थिति नहीं है', लेकिन उन्होंने इसे सम्मान बताया और कहा कि वह दबाव में आए बिना टीम को जीत दिलाने पर फोकस करेंगे। पहला टेस्ट हार चुकी भारतीय टीम इस मुकाबले में सीरीज़ बराबर करने के इरादे से उतरेगी।

### कप्तानी को लेकर पंत का साफ बयान: 'ज्यादा नहीं सोचना चाहता'

दूसरे टेस्ट से पहले मीडिया से बात करते हुए ऋषभ पंत ने कहा कि वह इस मौके को बेहद खास मानते हैं, लेकिन कप्तान के रूप में अधिक सोचना टीम के लिए सही नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'एक मैच की कप्तानी सबसे आदर्श नहीं होती, लेकिन मैं बीसीसीआई का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दी। कई बार बड़े मौकों के बारे में ज्यादा सोचने से फायदा नहीं होता, इसलिए मैं चीजों को सिंपल ही रखना चाहता हूं।' पंत ने स्वीकार किया कि पहला टेस्ट बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब उनका पूरा ध्यान सीरीज़ को बचाने के लिए टीम की वापसी पर है।

### भारत 1-0 से पीछे, गिल की अनुपस्थिति बढ़ी चुनौती

कोलकाता टेस्ट में गर्दन में ऐंठन के कारण शुभमन गिल मैदान से बाहर हो गए थे और बाद में वे अस्पताल में भर्ती भी हुए। इस वजह से न केवल भारत को टॉप-ऑर्डर में झटका लगा, बल्कि कप्तानी भी अचानक बदलनी पड़ी। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट जीतकर दो मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली है। पंत ने गिल के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, 'शुभमन मैच खेलने के लिए बहुत उत्साहित था। उसने चोट के बावजूद हिम्मत दिखाई, और टीम यही एटीट्यूड देखना चाहती है।'

### गिल के रिप्लेसमेंट पर फैसला हो चुका: पंत ने दिए संकेत

टीम इंडिया गिल के विकल्प को लेकर सोच-विचार में थी, क्योंकि बाएं हाथ के बल्लेबाज पहले से ही लाइनअप में अधिक हैं। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंत ने साफ कहा कि रिप्लेसमेंट तय हो चुका है। उन्होंने कहा, 'हमने यह फैसला कर लिया है कि शुभमन की जगह कौन खेलेगा। संबंधित खिलाड़ी को बता दिया गया है। अब टीम उसी के अनुसार तैयारी कर रही है।' हालांकि उन्होंने नाम उजागर नहीं किया, लेकिन संकेत साफ था कि चयन टीम के संतुलन को ध्यान में रखकर किया गया है।

### रणनीति: पंत चाहते हैं 'कन्वेंशनल + आउट-ऑफ-बॉक्स' का परफेक्ट मिश्रण

पंत ने बताया कि उनकी कप्तानी शैली में दोनों तरह की सोच शामिल होगी—परंपरागत रणनीति और आधुनिक, आक्रामक सोच। उन्होंने कहा, 'मैं कन्वेंशनल रहूंगा, लेकिन साथ ही आउट-ऑफ-बॉक्स सोच को भी अपनाना चाहता हूं। बैलेंस जरूरी है। हमें चीजों को जटिल नहीं बनाना, जो टीम बेहतर क्रिकेट खेलेगी वही जीतेगी।' उनका यह बयान साफ दर्शाता है कि टीम इंडिया की योजना जोखिम लेने से पीछे नहीं हटने वाली।



### गुवाहाटी टेस्ट : पंत का नेतृत्व और भारत की जीत की उम्मीदें

पंत ने कहा कि उन्हें गुरुवार शाम को कप्तानी की जानकारी दी गई, और तब से वह पूरी तरह इसी चुनौती पर केंद्रित हैं। भारतीय टीम अब सीरीज़ में पीछे होने की स्थिति से उबरने के लिए नए कप्तान की रणनीति और ऊर्जा पर निर्भर होगी। भारत की नजर अब गुवाहाटी में मजबूत वापसी और सीरीज़ बराबर करने पर है जहां पंत का नेतृत्व निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# नकवी की आलोचान से कानूनी शिकंजे में फंसे राशिद लतीफ

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट में हमेशा विवाद छाये रहते हैं। इसी कड़ी में अब - पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ को पाक बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी की नाराजगी भरी पड़ती जा रही है। लतीफ ने बार-बार टीमों के कप्तान बदले जाने पर नकवी की आलोचना की थी। जिसके बाद से ही वह कानूनी शिकंजे में फंसते जा रहे हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) ने भी मामला दर्ज किया है। लतीफ से इस्लामाबाद और लाहौर में दो मामलों को लेकर पूछताछ भी हुई है। पीसीबी के वरिष्ठ कानूनी प्रबंधक सैयद अली नकवी की शिकायत पर लतीफ के खिलाफ ये जांच शुरू की गई है। लतीफ ने सोशल मीडिय में लिखा था, 'शाहीन शाह अफरीदी को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है। फूट डालो और राज करो की नीति, धार्मिक, जातीय, क्रिकेट टीमों या वर्ग भेद जैसे भेदभाव पैदा करके और उनका फायदा उठाकर सत्ता हासिल करने और बनाए रखने की एक राजनीतिक रणनीति है। लतीफ ने यह भी कहा था कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जो एक अच्छा कप्तान भी नहीं बना सकता। लतीफ ने पाक की ओर से 37 टेस्ट और 166 एकदिवसीय में क्रमश- 1381 और 1709 रन बनाए हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम पर एक सट्टेबाजी ऐप को बढ़ावा देने के आरोप में एनसीसीआईए ने मामला दर्ज किया है।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की की कार्रवाई में गड़बड़ी, आरोपी की जगह दूसरे की संपत्ति कुर्क कर दी

फिरोजाबाद (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले की है, जहाँ गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की की कार्रवाई में दो बड़ी प्रशासनिक और पुलिस की गलतियाँ सामने आईं। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अशोक कुमार पुत्र रामशरण निवासी शेखूपुर नैपई, थाना रामगढ़ की संपत्ति कुर्क करनी थी। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने गलती से गैंगस्टर के आरोपी की जगह, रामशरन यादव निवासी नगला मोती, थाना दक्षिण की किसान भूमि पर कुर्की का बोर्ड लगा दिया और संपत्ति को कुर्क कर दिया। गलती का पता चलने के बाद, पुलिस अब रामशरण यादव की संपत्ति को धारा 15/1 के तहत कार्रवाई से मुक्त करने और आरोपी अशोक कुमार की सही संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी कर रही है। सीओ सिटी प्रवीन तिवारी ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई उपनिबंधक सदर तहसील की रिपोर्ट के आधार पर की गई थी। गैंग लीडर गोल्डी उर्फ बबलू राठौर की 2 करोड़ 01 लाख 28 हजार पन्द्रह रुपये की अचल संपत्ति (जिसमें सुहागनगर, थाना दक्षिण स्थित मकान शामिल था) को कुर्क करना था। फरिहा पुलिस ने ढोल नगाड़े बजाकर गैंग लीडर गोल्डी उर्फ बबलू के बजाय, उनकी पत्नी के मकान को सील कर दिया। देर शाम जब गैंग लीडर की पत्नी कोर्ट से घर लौटीं और उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी गलती बताई, तो अधिकारी देर रात फिर मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने महिला के मकान की सील तोड़ी, बोर्ड हटाया, और फिर सामने स्थित सही मकान को सील करने की कार्रवाई की।

## कोयला माफिया के खिलाफ ईडी का सख्त एक्शन, बंगाल और झारखंड में 40 जगह मारे छापे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोयला माफिया के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सख्त कार्रवाई की है। ईडी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला माफियाओं के खिलाफ एक्शन लिया है। माफिया के खिलाफ पश्चिम बंगाल और झारखंड में 40 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापामारी की है। अधिकारियों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में 24 परिसरों में अवैध कोयला खनन, अवैध परिवहन और कोयले के भंडारण मामले के संबंध में तलाशी ले रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, नरेंद्र खरका, अनिल गोयल, युधिष्ठिर घोष, कृष्ण मुरारी कयाल और अन्य के ठिकानों पर शुक्रवार सुबह से ईडी की छापेमारी चल रही है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी झारखंड में 18 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ये छापामारी कोयला चोरी और स्मगलिंग के कई बड़े मामलों से जुड़े हैं, जिसमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल के मामले शामिल हैं। बता दें कि इन सभी मामलों को मिलाकर कोयले की बड़ी चोरी और चोरी शामिल है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ का भारी आर्थिक नुकसान नुकसान हुआ है।

## संघ नेता के पोते की हत्या की साजिश विदेश में रची गई, कॉन्ट्रैक्ट किलर को दी सुपारी

फिरोजपुर (एजेंसी)। फिरोजपुर के मोची बाज़ार में आरएसएस नेता बलदेव कृष्ण अरोड़ा के पोते नवीन अरोड़ा की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि यह पूरी साजिश विदेश में बैठे एक व्यक्ति ने रची थी। उसने एक कॉन्ट्रैक्ट किलर को 65 हजार रुपए की सुपारी देकर हत्या की योजना बनाई। जांच में पता चला कि सुपारी देने वाले व्यक्ति ने 25 हजार रुपए नकद और 40 हजार रुपए हथियार खरीदने के लिए दिए थे। अब यह पता लगाया जा रहा है कि विदेश में बैठा यह मास्टरमाइंड कौन है और उसने नवीन को मरवाने की योजना क्यों बनाई। 15 नवंबर को हुए इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी गुरसिमरन उर्फ़ जतिन उर्फ़ काला को पुलिस एनकाउंटर कर काबू कर चुकी है। पुलिस नाके पर रुकने के बजाय उसने गोलियां चला दीं जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसकी टांग में तीन गोलियां लगीं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उकसे ठीक होने के बाद पूछताछ की जाएगी। इससे पहले पुलिस इस मामले में शामिल हर्ष और कनव को गिरफ्तार कर चुकी है। एसएसपी ने बताया कि घटना में फरार आरोपी बादल और उसके एक साथी की तलाश जारी है। पुलिस जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## न्यायिक अधिकारी फैसलों में घायल व्यक्तियों की चोट का उल्लेख जरूर करें : हाईकोर्ट

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूरे प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों को निर्णयों में, घायल व्यक्तियों की चोट का आवश्यक रूप से उल्लेख करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव मिश्र और न्यायमूर्ति अजय कुमार की युलगपीठ ने सुनील कुमार यादव नामक एक व्यक्ति की अपील खारिज करते हुए कहा कि हमें यह देखकर दुख हुआ कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने अपने फैसले में मृतक के शव पर लगी चोट का उल्लेख नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने 3 मार्च, 2002 और 3 मार्च, 1982 को जारी सर्कुलर में न्यायिक अधिकारियों को फैसलों में घायल व्यक्तियों की चोट का उल्लेख करने का स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था। हमें उम्मीद और विश्वास है कि सभी न्यायिक अधिकारी उक्त परिपत्र का अनुपालन करेंगे।

## मुकेश सहनी की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या

पटना (एजेंसी)। बिहार के पश्चिम चंपारण में सन ऑफ मल्लाह के नाम से मशहूर मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी( वीआईपी) के नेता की हत्या की गई है। बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया। मृतक कामेश्वर सहनी, 40 वर्ष प्रखंड अध्यक्ष के दायित्व में थे। मृतक का आपराधिक इतिहास है। नक्सली गतिविधियों में संलिप्तता भी रही है। जानकारी के मुताबिक छौडादानों प्रखंड अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कामेश्वर सहनी तिनकोनी गांव के निवासी थे। शुक्रवार सुबह घर शौच करने के बाद बाहर हाथ धो रहे थे। तभी दो बाइक से आए तीन हथियार बंद अपराधियों ने गोलियों से कामेश्वर को छलनी कर दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से चीख पुकार मच गई। उनका खुद आपराधिक इतिहास रहा है। उनके विरुद्ध थाने में कई मामले दर्ज हैं। पूर्व में नक्सली गतिविधि में संलिप्तता रही है। हत्या की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद व कई थाने की पुलिस पहुंची। डॉग स्क्वायड टीम भी पहुंच जांच कर रही है। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार चुनाव की जीत के साथ ही धर्मेंद्र प्रधान की भाजपा अध्यक्ष के लिए दावेदारी मजबूत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा युनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत से सियासी गलियारों में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चर्चा में आ गए है। माना जा रहा है भाजपा अध्यक्ष पद पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। इसकी बड़ी वजह बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन है। हालांकि, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। भाजपा ने बिहार में प्रधान को चुनाव प्रभारी बनाया था।

रिपोर्ट में सत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि बिहार में यह जीत भाजपा और आरएसएस में अध्यक्ष पद को लेकर जारी खींचतान खत्म करने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन क्षमता और चुनाव प्रबंधन ने उन्हें इस पद की दौड़ में आगे कर कर दिया है। चुनाव से पहले वह लंबे समय तक बिहार में रहे। एक ओर जहां उन्होंने बागियों को नामांकन वापस लेने में मनाया। वहीं, कैडर को भी मजबूत करने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी सूत्र बताते हैं कि हरियाणा, महाराष्ट्र और अब बिहार चुनाव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी को मजबूती दी है, जिसपर लोकसभा चुनाव के दौरान मिले झटके के चलते असर पड़ा था। अखबार से बातचीत में एक केंद्रीय मंत्री ने कहा, मोदी जी अब आरएसएस को मनाने में सफल हो सकते हैं कि भाजपा का अध्यक्ष उनकी चॉइस का हो।

जुलाई में इस पद के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का नाम भी आगे चल रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, जब भाजपा ने यादव और प्रधान का नाम आगे बढ़ाया, तो आरएसएस ने मंजूरी देने से पहले विचार विमर्श की जरूरत बताई थी। कहा जाता है कि प्रधान ने ही ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा को बीजू जनता दल से अलग होकर चुनाव लड़ने के लिए मनाया था, जिसके बाद भाजपा राज्य में सत्ता बनाने में सफल हुई। रिपोर्ट में एक भाजपा नेता के हवाले से बताया गया है, इससे पहले संकेत मिल रहे थे कि दक्षिण से नेता भाजपा अध्यक्ष बना सकता है। उप राष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन के चुनाव के बाद यह माना जाने लगा है कि पार्टी प्रमुख उत्तर से होगा। मौजूदा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का तीन साल का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो चुका था, लेकिन



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विस्तार दिया गया।

## एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला फंसे बेंगलुरु ट्रैफिक पर, ली चुटकी

### -मंत्री बोले- व्यवस्था सुधारने पर काम चल रहा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु का भारी ट्रैफिक एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार इसे लेकर मजेदार टिप्पणी की है एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने। दरअसल बेंगलुरु टेक समिट में शामिल होने पहुंचे शुभांशु ने कहा, कि अंतरिक्ष में यात्रा करना, शहर के ट्रैफिक को पार करने से कहीं ज्यादा आसान है। कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए एस्ट्रोनॉट शुभांशु ने बताया कि वे शहर के दूसरे छोर पर स्थित मराठहल्ली से बेंगलुरु इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर (बीआईईसी) तक पहुंचे, जिसकी दूरी लगभग 34 किलोमीटर है। सामान्य परिस्थितियों में यह सफर एक घंटे से अधिक लेता है, हालांकि उन्हें इसमें कितना समय लगा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। मंच से बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं मराठहल्ली से यहां पहुंचा हूं। मेरे प्रेजेंटेशन में जितना समय लगेगा, उससे तीन गुना समय मैंने सड़क पर बिताया है। उम्मीद है कि आप मेरे कमिटमेंट को समझेंगे। उनकी यह टिप्पणी सुनकर सभागार में मौजूद लोग हंसी रोक नहीं सके और कई तो देर तक मुस्कुराते रहे। शुभांशु शुक्ला की इस मजाकिया टिप्पणी ने न केवल कार्यक्रम में हल्का-फुल्का माहौल बनाया, बल्कि बेंगलुरु के लंबे समय से चले आ रहे ट्रैफिक मुद्दे को भी एक बार फिर चर्चा में ला दिया।

**कर्नाटक सरकार का जवाब**

कर्नाटक के आईटी-बीटी मंत्री प्रियंक खड़गे ने शुभांशु की टिप्पणी को संज्ञान में लिया और सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, कि सरकार शहर में यात्रा समय कम करने और ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, हम ऐसी दिक्कतें आगे न हों, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## उदयनिधि स्टालिन ने संस्कृत को मरी हुई भाषा करार दिया, बीजेपी हुई हमलावर



चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक और नया विवाद खड़ा किया है। स्टालिन ने केंद्र सरकार की भाषाओं के विकास को लेकर की जा रही फंडिंग पर सवाल उठाकर संस्कृत को मरी हुई भाषा करार दिया। इतना ही नहीं डीएमके नेता स्टालिन ने मोदी सरकार पर तमिल भाषा की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया। बता दें, उदयनिधि सनातन और हिंदी विरोधी अपने बयानों के लिए जाने जाते हैं। चेन्नई में कार्यक्रम में पीएम मोदी के हालिया बयानों पर हमलावर उदयनिधि ने उन पर तमिल की उपेक्षा करने और संस्कृत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी को सीधे संबोधित कर स्टालिन ने कहा, जब आप तमिल सीखने के लिए इतने ही बेताब हैं, तब बच्चों को हिंदी और संस्कृत क्यों पढ़ा रहे हैं? इतना ही नहीं मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि ने आरोप लगाया कि बीते 10 वर्षों में केंद्र ने संस्कृत के विकास के लिए करीब 2400 करोड़ खर्च किए हैं, जबकि तमिल भाषा के लिए केवल 150 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। उदयनिधि के बयान के बाद तुरंत ही राजनीतिक विवाद शुरु हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने उदयनिधि पर हमलावर होकर उन पर सांस्कृतिक परंपराओं और धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। भाजपा नेत्री तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने उदयनिधि के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा और तमिल संस्कृति कभी भी किसी भाषा को नीचा दिखाने का समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा, हम अपनी भाषा की तारीफ कर सकते हैं, सराहना कर सकते हैं, लेकिन तमिल संस्कृति हमें दूसरी भाषा का अपमान करने की अनुमति नहीं देती है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में इस्तीफों का दौर, महिला प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महागठबंधन की करारी हार के बाद कांग्रेस में इस्तीफों का दौर शुरू हुआ है। कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष सरवत जहां फातमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी आलाकमान पर टिकट बंटवारे में महिलाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर, बिहार चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के नाराज गुट के नेताओं द्वारा भी पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में धरना दिया जा रहा है।

महिला नेता फातमा ने कहा कि पार्टी ने चुनाव में टिकट बंटवारे में महिलाओं को सिर्फ 8 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया, जो कि बहुत ही दुखद है। उन्होंने कहा कि वे दो साल से ज्यादा समय से महिला अध्यक्ष के पद पर थीं। इस दौरान पार्टी के सभी महिला कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर जाकर मेहनत की। महिलाओं की आवाज को उठाकर संघर्ष किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिलेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। सरवत ने कहा कि उनसे पहले बिहार की महिला कांग्रेस अध्यक्ष रहीं लीडर को चुनाव में टिकट दिए जाते रहे हैं। मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया।

पार्टी को मिली शर्मनाक हार के बाद कांग्रेस में विरोध के सुर तेज हो गए हैं। चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे में गफलत का आरोप लगाकर प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ धरना देने वाले कांग्रेसियों ने फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पार्टी के नाराज गुट के नेता प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु से इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं।

# भाजपा सरकार आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का राजनीतिकरण कर रही : आप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) ने रेखा गुप्ता सरकार और आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई पर निशाना साधा है। आप का आरोप है कि भाजपा सरकार आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का राजनीतिकरण कर रही है। आप के अनुसार, भाजपा सरकार कई विशेष बैठकें बुलाकर और फांसी घर मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला को नोटिस जारी करके दिल्ली के गहराते पर्यावरणीय संकट और चरमराती सार्वजनिक सेवाओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए विधायी समितियों का इस्तेमाल कर रही है। आप ने कहा कि भाजपा विधायी समितियों को हथियार बना रही है।

आप ने विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही के मूल आधार पर ही सवाल उठाया है। आप ने बताया कि समिति द्वारा उद्धृत घटना अगस्त 2022 में सातवीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान हुई थी, जिसे फरवरी 2025 में भंग कर दिया गया था। आप का तर्क है कि एक बार विधानसभा भंग हो जाने पर, उसके विशेषाधिकार और कार्यवाही समाप्त हो जाती है। इसलिए, आठवीं विधानसभा पिछले कार्यकाल से संबंधित मामलों पर विशेषाधिकार प्राप्त कार्रवाई शुरू या जारी नहीं रख सकती। आप ने अमरिंदर सिंह बनाम पंजाब विधानसभा (2010) मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देकर कहा कि विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई कानूनी रूप से अस्थिर, प्रक्रियात्मक रूप से अस्थिर और पूरी तरह से राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित है। आप ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि भाजपा सरकार ने दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण संकट की अनदेखी करते हुए विशेषाधिकार समिति की विशेष बैठक बुलाई।

पार्टी ने चिंता व्यक्त की कि डॉक्टर अब सार्वजनिक रूप से परिवारों को सलाह दे रहे हैं कि छोटे बच्चे या बुजुर्ग सदस्य होने पर वे दिल्ली छोड़ दें। आप ने पूर्व एम्स निदेशक का हवाला देकर कहा कि दिल्ली में व्याप्त ज़हरीला धुआँ अब कोविड-19 से भी ज़्यादा मौतों का कारण बन रहा है, और सूक्ष्म कण हृदयाघात, स्ट्रोक, मनोभ्रंश और बांझपन का ख़तरा बढ़ा रहे हैं, जिससे बच्चों के फेफड़े सबसे ज़्यादा कमज़ोर हैं।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने कसा तंज बोले- पैसा बांटना वेलफेयर नहीं हो सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने चुनाव में नगदी बांटने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने तंज कसते कहा है कि इस तरह कैश बांटने को कोई वेलफेयर नहीं होता है। संविधान की भावना को इसके जरिए ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव में पैसा बांट देना कोई वेलफेयर नहीं है। दिल्ली में एक आयोजन को संबोधित करते हुए मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि अंतर समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि छोटे राज्यों का गठन किया जाए। ऐसा यह ध्यान रखते हुए किया जाए कि सभी राज्यों की आबादी लगभग बराबर हो और उनमें लोकसभा और विधानसभा की सीटें भी लगभग समान हों।



पूर्व चुनाव आयुक्त और पूर्व लॉ सेक्रेटरी जी कृष्णमूर्ति के 91वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को मुरली मनोहर जोशी संबोधित कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भले ही देश के हर नागरिक के पास वोट का समान अधिकार है, लेकिन यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि कर्नाटक, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा, कर्नाटक में किसी व्यक्ति की आर्थिक ताकत कितनी होती है? वह अपनी उस ताकत को बनाए रखने के लिए वोट डालता है। लेकिन जब हम रेगिस्तान, पहाड़ और पूर्वोत्तर में रह रहे लोगों की बात करते हैं तो उनकी आर्थिक स्थिति क्या रहती है।

मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर अन्य अधिकारों को प्रदान करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यदि आर्थिक स्थिति और विकास में असमानता है तो यह भेदभाव जैसी स्थिति है। कल्याणकारी व्यवस्था का यह मतलब नहीं है कि चुनाव से पहले कैश का वितरण कर दिया जाए। आज लोग सवाल उठाते हैं कि चुनाव से पहले कैश बांटा जा रहा है। सरकार कहती है कि ऐसा वेलफेयर के लिए किया जा रहा है। लेकिन लोग कहते हैं कि ऐसा नहीं बल्कि आप वोट खरीदने के लिए पैसे बांटते हैं। मुरली मनोहर जोशी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब बिहार चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार सरकार की ओर से महिलाओं को 10 हजार रुपये देने वाली स्कीम पर चर्चा चल रही है। पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि संविधान हमें न्याय का अधिकार देता है। यह अधिकार हमें आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए भी मिला है। उन्होंने कहा, राजनीतिक अधिकार की बात करें तो इसके लिए हमारे पास वोट का हक है। लेकिन इस वोट के अधिकार का तब तक अच्छे से इस्तेमाल नहीं हो सकता, जब तक कि आर्थिक न्याय न मिले। भीमराव आंबेडकर ने भी इस पर काफी बात कही थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह जरूरी है कि आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की समानता के लिए एक व्यवस्था बने। इसके लिए यह जरूरी है कि सभी इलाकों का विकास समान हो।

## चुनावा आयोग को सुवेंदु ने पत्र लिखकर कहा- एसआईआई को निरंतरता बनाएं रखें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता(ईएमएस)। भाजपा के वरिष्ठ नेता, सुवेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त( सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर का काम लगातार जारी रखना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सीईसी ज्ञानेश कुमार को लिखे उस लेटर के बाद आया है, जिसमें राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को तुरंत रोकने की मांग की गई थी। अपने लेटर में, सुवेंदु अधिकारी ने सीईसी को लिखे ममता बनर्जी के लेटर के दावों को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि एसआईआर को पश्चिम बंगाल में बिना प्लान के, अस्त-व्यस्त और खतरनाक तरीके से थोपा गया, जिससे आम लोगों में घबराहट पैदा हुई और चुनाव अधिकारियों, खासकर बूथ-लेवल अधिकारियों (बीएलओ), पर बहुत ज्यादा काम का बोझ पड़ा है।




सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि सीईसी को ममता बनर्जी का लेटर एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट को साफ करने के अभियान को रोकने की एक बेताब कोशिश थी और उनके लेटर का कंटेंट पॉलिटिकली मोटिवेटेड और असल में बोगस था। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को रोकने के लिए सीईसी को लेटर भेजने का मुख्यमंत्री का कदम असली वोटरों को बचाने के लिए नहीं था, बल्कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में बोगस वोटरों को बचाने की एक पैनिक से भरी कोशिश थी, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाने में कामयाब रहे। इससे पहले गुरुवार को, सुवेंदु अधिकारी ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि राज्य में बीएलओ पर दबाव एसआईआर से जुड़े काम के बोझ की वजह से नहीं है, जैसा कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने दावा किया है, बल्कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और डिस्ट्रिक्ट इलेक्टोरल ऑफिसर की तरफ से उन पर रिवीजन एक्सरसाइज के संबंध में गलत तरीकों का सहारा लेने के लिए बेवजह दबाव की वजह से है। सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पूर्वी मिदनापुर, हुगली और पूर्वी बर्दवान जैसे जिलों में, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और डिस्ट्रिक्ट इलेक्टोरल ऑफिसर भी बूथ-लेवल अधिकारियों पर अपने ऑफिशियल ओटीपी या तो डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के साथ या डेटा एंट्री ऑपरेटर के तौर पर नियुक्त सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ शेयर करने का दबाव डालकर फुल-टाइम तृणमूल कांग्रेस के चुनाव एजेंट के तौर पर काम कर रहे थे।

# आउंट आबू के आसमान में घूम रहे एलियन की भारतीय वैज्ञानिकों ने बताई हकीकत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय वैज्ञानिकों ने उन अटकलों को विराम लगा दिया जिसमें कहा जा रहा था कि आसमान में एलियन के जहाज उड़ रहे हैं। भारतीय और अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इंटरस्टेलर वस्तु 31/एटलस की ताजा तस्वीरें जारी की हैं। इसी के साथ वैज्ञानिकों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह एक सामान्य धूमकेतु है, न कि कोई 'एलियन स्पेसशिप। इससे पहले कुछ खगोलविदों ने अनुमान लगाया था कि ये चमकती चीज एलियन का जहाज हो सकती है। अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) के वैज्ञानिकों ने 12 से 15 नवंबर के बीच इस इंटरस्टेलर धूमकेतु का अवलोकन किया और इसकी खास तस्वीरें कैद कीं। इसी के साथ बुधवार को नासा ने भी 31/एटलस की नई तस्वीरें जारी कीं और विदेशी जीवन की किसी भी संभावना को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

पीआरएल के विश्लेषण के अनुसार, 31/एटलस में प्रमुख गैसीय उत्सर्जनों की उत्पादन गति लगभग 10 अणु/सेकंड रही, जो इसे सौरमंडल के 'टिपिकल धूमकेतुओं'की श्रेणी में रखती है। 31/एटलस फिलहाल भीतरी सौरमंडल को छोड़कर बाहर की ओर बढ़ रहा है। भारतीय वैज्ञानिकों ने बताया कि जैसे-जैसे यह रात्रि आकाश के गहरे हिस्से में पहुंचेगा, इसके और अवलोकन किए जाएंगे।

इसरो के अनुसार, पीआरएल के वैज्ञानिकों ने माउंट आबू में 1.2-मीटर टेलीस्कोप (ऊंचाई 1680 मीटर) की मदद से 31/ एटलस को इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक मोड में देखा। तस्वीरों में धूमकेतु का एक लगभग गोलाकार कोमा दिखाई देता है। कोमा वह चमकीला वातावरण है जो धूमकेतु के नाभिक के आसपास बनता है, जब सूर्य की गर्मी से उसकी बर्फीली सतह गैस और धूल में बदलकर फैलने लगती है। वैज्ञानिकों ने धूमकेतु के प्रकाश का स्पेक्ट्रम भी रिकॉर्ड किया है। नासा की विज्ञान मिशन निदेशालय की एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर निकोल फॉक्स ने कहा कि यह बिल्कुल धूमकेतु जैसा ही व्यवहार कर रहा है। हमें अब तक कोई भी ऐसा तकनीकी संकेत नहीं मिला जो यह सुझाए कि यह किसी एलियन जहाज का हिस्सा है। उन्होंने इसे हमारे सौरमंडल का दोस्ताना मेहमान कहा। नासा के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर अमित क्षत्रिया ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि यह दिखने और व्यवहार, दोनों में एक धूमकेतु है। सभी वैज्ञानिक साक्ष्य इसी ओर इशारा करते हैं। नासा ने बताया कि 31/एटलस का अध्ययन हबल, जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप, तथा मंगल की कक्षा में घूम रहे सैटेलाइट सहित एक दर्जन से अधिक वैज्ञानिक प्लेटफॉर्म पर किया गया है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**